# सहकारिता एवं कृषि विभाग अपनी योजनाओं के समन्वय से करेंगे किसानों का विकास

## कृषि भवन में कृषि मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ने की बैठक, दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राजधानी के कृषि भवन में गुरुवार को उपमुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने संयुक्त रूप से बैठक की। बैठक में सहकारिता विभाग तथा कृषि विभाग की योजनाओं का समन्वय कर राज्य के किसानों को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कई बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की गयी। दोनों विभागों के सामान्य योजनाओं को एकीकृत रूप से संचालित करते हुए सहकारी समितियों की भूमिका को बढ़ाने पर विमर्श किया गया।

बीज एवं उर्वरक के वितरण की स्थिति पर विमर्श करते हुए पैक्स की भूमिका में आयी कमी पर चिंता व्यक्त की गयी। उर्वरक वितरण हेतु पैक्सों के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण के पश्चात अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है किन्तु वर्तमान में प्रशिक्षण की कार्रवाई धीमी हो जाने के कारण कई पैक्सों को अनुज्ञप्ति प्राप्त होने में समस्या हो रही है। माननीय उपमुख्यमंत्री ने पूरे वर्ष का प्रशिक्षण कैलेण्डर निर्गत करने का आश्वासन दिया गया जिसमें इच्छुक पैक्स प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिसके पश्चात कैम्प लगाकर समितियों को अनुज्ञप्ति प्रदान किया जाएगा। बीज के लिए किसी प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है इसके लिए इच्छुक पैक्स ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर अनुज्ञप्ति प्रदान किया जाएगा। माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग द्वारा प्रखण्ड स्तरीय सब्जी उत्पादक सहयोग समितियों के किसानों की सूची कृषि विभाग को उपलब्ध कराते हुए उन्हें बीज एवं पौधा वितरण में प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया।

राज्य में निबंधित 144 प्रखण्ड स्तरीय मधु उत्पादक एवं विपणन सहकारी समितियों को मधुमक्खी पालन हेतु बक्सा वितरण तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था पर विमर्श करते हुए उपमुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री द्वारा उन समितियों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया गया। इस निर्णय से शहद उत्पादक सहयोग समितियों को ससमय सुगमतापूर्वक बक्सा मिल सकेगी। पैक्सों को मिट्टी जाँच करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने तथा मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड (ट्टधद्वद्य ज़्क्ष्थद्यप्ढ़ एथद्बद) निर्गत करने हेतु अधिकृत करने पर भी सहमति दर्शायी गयी। कृषि विभाग द्वारा किसानों को अपने सब्जी को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने के लिए पचास प्रतिशत अनुदान पर रेफ्रिजेरेटेड वैन उपलब्ध करायी जाती है। इस योजना के अंतर्गत इच्छुक प्रखण्डस्तरीय सब्जी उत्पादक सहयोग समितियों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया गया। कृषि सचिव द्वारा यह अनुरोध किया गया कि सहकारी बैंको द्वारा अधिक से अधिक किसानों को के.सी.सी. ऋण प्रदान किया जाय। किसानों के हित में यह आवश्यक है। सचिव, सहकारिता विभाग द्वारा इसपर सहमति जतायी गयी

बैठक में श्री विजय कुमार सिन्हा, उपमुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री, डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री, सहकारिता विभाग, संजय अग्रवाल, सचिव, कृषि विभाग, धर्मेन्द्र सिंह, सचिव, सहकारिता विभाग, इनायत खान, निबंधक, सहयोग समितियों, ललन कुमार शर्मा, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ सहित दोनों विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कैंसर केयर एंड रिसर्च सोसाइटी के गठन का फैसला ऐतिहासिक : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में बिहार कैंसर केयर एंड रिसर्च सोसाइटी के गठन को मंजूरी प्रदान की गई है। इस निर्णय का उद्देश्य राज्य में राज्य में कैंसर की प्रभावी रोकथाम, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा तथा समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करना है। 2005 से पहले बिहारवासी सामान्य बीमारी के इलाज के लिए भी प्रदेश से बाहर जाते थे। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बिहार स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार ऐतिहासिक एवं दूरगामी सुधार की दिशा में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में यह नई पहल राज्य में कैंसर से संबंधित समर्पित सेवाओं को एकीकृत, संगठित और सुलभ बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय कैंसर के लगातार बढ़ते मामलों, स्क्रीनिंग के माध्यम से चिन्हित हो रहे मरीजों की संख्या में हो रही वृद्धि तथा वर्तमान चिकित्सा तंत्र को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने की आवश्यकता के मद्देनजर लिया गया है। इससे कैंसर मरीजों को समयबद्ध उपचार, जागरूकता अभियान और अनुसंधान के क्षेत्र में ठोस उपलब्धि सुनिश्चित की जा सकेगी। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार कैंसर केयर एंड रिसर्च सोसाइटी एक पृथक एवं शीर्ष संस्थान के रूप में कार्य करेगी, जिसका उद्देश्य मरीजों को त्वरित और समुचित उपचार उपलब्ध कराना, कैंसर की रोकथाम के लिए प्रभावी जन जागरूकता कार्यक्रम चलाना, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के माध्यम से चिकित्सा व्यवस्था को सशक्त बनाना होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस संस्था के गठन से कैंसर मरीजों को समर्पित एवं केंद्रित सेवाएं मिलेंगी और राज्य में कैंसर उपचार की गुणवत्ता, पहुंच और प्रभावशीलता में अभूतपूर्व सुधार होगा।

# राहुल गांधी की अमर्यादित और अशिष्ट भाषा देश नहीं करेगा बर्दाश्त : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जैसे मर्यादित पद पर बैठे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमर्यादित व अशिष्ट भाषा को देश बर्दाश्त नहीं करेगा। राहुल गांधी की हरकतें और भाषा किसी बिगड़ैल शाहजादे (शोहदे) की तरह है। पीएम मोदी के लिए राहुल गांधी की भाषा की बानगी...'नरेंद्र मोदी कांपने लग गया'...'उसकी आदत है'...'उसको डर लगता है'....'झूठ बोलना शुरू कर देता है'..क्या अशिष्टता की पराकाष्ठा नहीं है। श्री सुमन ने कहा कि गुरुवार को श्री गांधी बिहार के दौरे पर थे और दरभंगा के अम्बेडकर हॉस्टल में जाकर उन्होंने छात्रों को सम्बोधित किया। यह वही जगह थी जहां जाने की इजाज़त उन्हें ज़िला प्रसाशन ने नहीं दी थी। लेकिन वे स्थानीय प्रशासन की मनाही और वहां नहीं जाने के आग्रह के बावजूद गए। क्या राहुल गांधी यह मान कर बैठे हैं कि देश का कोई भी कानून व प्रशासनिक आदेश उन पर लागू नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि अपनी ही पार्टी के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा हस्ताक्षरित अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से फाड़कर हवा में उड़ा देने वाला यह बिगड़ैल शहज़ादा क्या देश के संविधान और कानून से परे हैं। गांधी परिवार के सदस्य होने के नाते क्या देश के संविधान, कानून या प्रशासनिक आदेश की धज्जियां उड़ाने की उन्हें छूट मिली हुई है। श्री सुमन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए वे जैसी भाषा और संबोधनों का इस्तेमाल करते हैं वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि लोकतांत्रिक मूल्यों, मर्यादा और लोकतंत्र में उन्हें कोई दिलचस्पी नहीं है। एक 74 साल के व्यक्ति जो देश की निर्वाचित सरकार का सम्मानित व यशश्वी प्रधानमंत्री हैं के लिए ऐसी तू-तड़ाक की भाषा मर्यादा की किसी भी सीमा से परे व अस्वीकार्य है। राहुल गांधी को इसके लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के दमदार नतीजों की घोषणा की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन और मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। टीसीआई ने 11,972 मिलियन का समेकित राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 10,954 मिलियन की तुलना में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और अमोर्टाइज़ेशन से पहले की आय 1,401 मिलियन रही, जो वित्तीय वर्ष 2024 में 1,259 मिलियन की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक है। पैट 11.4 प्रतिशत बढ़कर 1,151 मिलियन हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 1,033 मिलियन था। बहुआयामी प्रदर्शन अंतर्दृष्टियों को संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए, टीसीआई के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 टीसीआई के लिए प्रणालीगत विकास का वर्ष रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखलाओं की बदलती परिस्थितियों के बावजूद, हमारे मल्टीमोडल एकीकरण, स्थिरता और डिजिटलीकरण पर केंद्रित दृष्टिकोण ने हमारी प्रगति को निर्णायक वेग प्रदान किया है। उन्होंने आगे कहा, वैश्विक लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में आ रही परिवर्तनकारी तेजी के बीच, टीसीआई लचीलेपन, नवाचार, संचालन उत्कृष्टता और हितधारक मूल्यसृजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। निकट भविष्य को देखते हुए, हम कौशल उन्नयन, हरित लॉजिस्टिक्स, स्वचालन सहित अन्य रणनीतिक साझेदारियों में निवेश कर रहे हैं, जो भारत को एक वैश्विक लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में स्थापित करने के हमारे सपने का अभिन्न अंग है।

# कांग्रेस ने राहुल गांधी के दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम को रोकने की साजिश रचने का राज्य सरकार पर लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कांग्रेस ने लोकसभा में विपक्ष के नेता नेता राहुल गांधी के दरभंगा के कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न करने की साजिश रचने का आरोप बिहार सरकार पर लगाया है। दरअसल राहुल गांधी के गुरुवार को दरभंगा और पटना के कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार के विवाद हुए। इसी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस सह प्रभारी सुशील कुमार पासी, गुजरात कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जिग्नेश मेवानी, कांग्रेस विधान परिषद में दल के नेता मदन मोहन झा, नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर अभय दुबे ने नीतीश कुमार और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि दरभंगा में पूर्व से निर्धारित शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में राहुल गांधी के कार्यक्रम की अनुमति थी। लेकिन कार्यक्रम के एक दिन पहले अंबेडकर छात्रावास में दलित छात्रों के साथ शिक्षा संवाद कार्यक्रम पर जिला प्रशासन ने रोक लगा दी। छात्रों की चाहत थी कि राहुल गांधी जो सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं, वे उनकी बातों को सुनेंगे। जिला प्रशासन ने शुरू में सहयोग किया। यहां तक कि कार्यक्रम स्थल तक जाने के लिए टूटी हुई सड़क का भी जिला प्रशासन ने मरम्मत कराया। लेकिन अंतिम समय में जिला प्रशासन ने कहा कि अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की अनुमति नहीं होने से इसे रोका गया है। उन्होंने कहा कि जानबुझकर राहुल गांधी की सभा में बाधा डाली गई लेकिन कांग्रेस इससे डरती नहीं है। जदयू और भाजपा की सरकार जय भीम से डरी हुई है। वहीं, गुजरात कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जिग्नेश मेवानी ने कहा कि शिक्षा संबंधित कार्यक्रम नहीं होने के देने को लेकर यहां के प्रशासन और सरकार ने साजिश रची थी। भाजपा के नेताओं और मंत्रियों के कुछ घंटे पहले बैठक हुई थी। भाजपा के लोगों ने मिलकर निर्णय लिया कि राहुल गांधी का शिक्षा संवाद कार्यक्रम ना हो। ऐसी स्थिति बनाई जाए कि जानबूझकर मुकदमा दर्ज हो। उसके लिए यहां की सरकार और प्रशासन ने प्लानिंग रच रखा था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अम्बेडकर छात्रावास की सुविधा देखना चाहते थे जिसे सरकार ने देखने नहीं दिया। जबकि सह प्रभारी सुशील कुमार पासी ने कहा कि देश विरोधी जो सरकार चल रही है वह देश में पिछड़ा दलित को खत्म करना चाहती है। बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि राहुल गांधी की सभा पर एक दिन पूर्व प्रशासन ने रोक लगाई। यह किसके कहने पर हुआ? अलग-अलग जगह प्रशासन के लोगों को रोकने की कोशिश की और धक्का मुक्की की। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हम लोग भाजपा के लोग नहीं है कि सीजफायर करेंगे। कांग्रेस पार्टी पूरी मन से दलितों के हित में खड़ी है। जहां-जहां दलितों के साथ अत्याचार होता है, वहां कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अब इशारों पर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि 'सुपर सीएम' और भाजपा के स्थानीय मंत्री के इशारे पर राहुल गांधी के कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न की गई।

# आदिगुरु शंकराचार्य स्मृति संस्कृत सम्भाषण शिविर सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान की ओर से पटना स्थित बांकीपुर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आदिगुरु शंकराचार्य स्मृति दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ संगीत शिक्षक श्री रामकृष्ण सिंह के गणेश वंदना से हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती किरण कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। उन्होंने कहा कि संस्कृत सम्भाषण का ज्ञान सभी भारतीयों को होना चाहिए। विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृत सम्भाषण से आज लड़कियां संस्कृत में बोल रहीं हैं। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम संयोजक मुरलीधर शुक्ल ने कहा कि दस दिनों का संस्कृत सम्भाषण शिविर सभी विद्यालयों में होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत सम्भाषण के बिना धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन संभव नहीं है। हमारे धार्मिक ग्रंथों में ज्ञान है। इसलिए संस्कृत सम्भाषण अति आवश्यक है। अन्य विषयों की अपेक्षा अंक भी अधिक प्राप्त होता है। मुख्य अतिथि हृदय नारायण झा ने कहा कि चरित्र निर्माण में संस्कृत का ज्ञान अति आवश्यक है। संस्कृत में असीम रोजगार की संभावनाएं हैं। आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन पर विस्तृत चर्चा की। मंच का संचालन संस्कृत में संस्कृत शिक्षिका अलका कुमारी ने की। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने संस्कृत में संकल्पगीत, स्वागत गीत स्वपरिचय आदि अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें जान्हवी, सिमरन, रंजीता, प्रियांशु, भार्गवी, रौशनी, सुहानी, खुशी प्रमुख हैं। इस अवसर पर श्वेता कुमारी, कविता सिन्हा, संध्या आदि भी विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका नीलिमा ने किया।

# चेन पुलिंग करने वाले 430 तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 2273 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो।

ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत पिछले माह के 1 से 15 मई, 2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 430 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 179 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 132, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 47, धनबाद मंडल में 41 तथा सोनपुर मंडल में 31 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' मे तहत पिछले माह के 01 मई से 15 मई, 2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 2273 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया। इनमें सर्वाधिक 947 लोग दानापुर मंडल में जबकि धनबाद मंडल में 426, सोनपुर मंडल में 384, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 334 तथा समस्तीपुर मंडल में 182 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

# टेराकोटा कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टेराकोटा कला कार्यशाला के आज दूसरा दिन पूरी रचनात्मकता और ऊर्जा के साथ भरा रहा। बोर्ड कार्यालय के बापू कक्ष (पंचम तल, महेश भवन) में आयोजित यह कार्यशाला 15 से 17 मई 2025 तक चल रही है, जिसमें प्रतिदिन अपराह्न 1:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज के सत्र में प्रतिभागियों ने मिट्टी की तैयारियों से लेकर टेराकोटा शिल्प निर्माण की बारीकियों को प्रत्यक्ष रूप से सीखा। राज्य पुरस्कार प्राप्त शिल्पकार भोला पंडित एवं उनके सहयोगियों द्वारा दी जा रही मार्गदर्शना ने प्रतिभागियों को पारंपरिक तकनीकों से अवगत कराया और उन्हें अपने हाथों से सुंदर कलाकृतियाँ गढ़ने के लिए प्रेरित किया। श्री पंडित ने कार्यशाला के दौरान बताया, टेराकोटा केवल कला नहीं, आजीविका का माध्यम भी है। बच्चों और युवाओं में इसे लेकर जो उत्साह दिख रहा है, वह इस बात का संकेत है कि यह कला फिर से घर-घर में जीवंत हो सकती है।

**मुख्य विशेषताएं**

- मिट्टी चयन, शोधन और आकृति निर्माण की व्यावहारिक जानकारी
- पर्यावरण अनुकूल उत्पादन प्रक्रिया
- बाजार में संभावनाओं की समझ
- केंद्र व राज्य की योजनाओं की जानकारी

कार्यशाला में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, कॉलेज के छात्र, गृहिणियां और युवा उद्यमी शामिल हुए। उन्होंने टेराकोटा से बनी सुराही, दीया, कुल्हड़ और सजावटी वस्तुओं को स्वयं बनाने की प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को यह भी जानकारी दी गई कि कैसे इस पारंपरिक कला को आधुनिक बाजार की माँग के अनुसार स्वरोजगार में बदला जा सकता है।

बोर्ड का यह आयोजन न केवल पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि युवाओं में उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता की भावना भी जागृत कर रहा है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद रेलवे स्टेशनों को तिरंगा रौशनी से किया गया रोशन

## सेना का बढ़ेगा मनोबल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर पूरे देश में सेना की पीठ थपथपाई जा रही है। इस बीच पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) की ओर से यह निर्णय लिया गया कि इसके अंतर्गत आने वाले प्रमुख रेलवे स्टेशनों को तिरंगे के रंग में रंग दिया जाए।

ईसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र के अनुसार पटना जंक्शन, पाटलिपुत्र जंक्शन, राजेंद्र नगर टर्मिनल, जयनगर, मधुबनी, सहरसा, सरस्वती चंद्र, झाझा, समस्तीपुर, डीडीयू, गया, हाजीपुर, दरभंगा, बापूधाम मोतिहारी और सोनपुर उन प्रमुख स्टेशनों में शामिल हैं, जिसे भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए तिरंगे की रौशनी से जगमगा दिया गया है। वहीं, दानापुर मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी ने कहा कि तिरंगे की रौशनी ने जनता की ओर से खूब वाहवाही बटोरी। उन्होंने कहा कि'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ सैन्य प्रतिक्रिया नहीं है बल्कि आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। बता दें कि 'ऑपरेशन सिंदूर' सामूहिक राष्ट्रीय जागृति का क्षण है, जिसमें संस्थाएं और नागरिक आतंक के खिलाफ एक साथ खड़े हैं। भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से लगातार पहल

# बिहार लघु उद्यमी योजना आत्मनिर्भरता एक सशक्त माध्यम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार लघु उद्यमी योजना राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आशा की किरण साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करना, स्व-रोजगार के अवसर को बढ़ाना तथा बेरोजगारी को कम करना है। इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने और सफल क्रियान्वयन के लिए एक विशेष पोर्टल की शुरुआत 19 फरवरी 2025 से की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अंतिम रूप से चयनित 40 हजार 99 आवेदकों को पहली एवं दूसरी किस्त के रूप में 390 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसके तहत चयनित 56 हजार 248 आवेदकों को 3 दिवसीय प्रशिक्षण संबंधित जिला उद्योग केन्द्र में कराया गया है। प्रशिक्षण के बाद आवेदकों को पहली किस्त की राशि का भुगतान किया जायेगा। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, 300 करोड़ रुपये से अधिक राशि का प्रावधान इसके लिए रखा गया है। बेरोजगारी दर कम करने में सहायक यह योजना बेरोजगारी दर को कम करते हुए राज्य के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में सहायक साबित होगी।

# सुशील मोदी की जयंती पर होगा राजकीय समारोह

## सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान ने बिहार सरकार को दिया धन्यवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** आज बिहार कैबिनेट द्वारा स्व. सुशील कुमार मोदी के जन्मदिन को राजकीय समारोह के रूप मे मनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान ने बिहार सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। स्व. सुशील कुमार मोदी की मृत्यु के बाद आयोजित पहले जयंती समारोह में संस्थान द्वारा सुशील कुमार मोदी के नाम पर पटना मे एक पार्क का नामकरण उनके नाम करने, पटना में उनकी आदमकद प्रतिमा लगाने एवं उनकी जयंती को राजकीय समारोह के रूप मे मनाने की मांग की थी द्य 13 मई को पहली पुण्यतिथि पर माननीय मुख्यमंत्री ने अपने कर कमलों से राजेंद्र नगर स्थित रानी पार्क का नाम स्व0 सुशील कुमार मोदी स्मृति पार्क के रूप में किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्क में सुशील कुमार मोदी की आदमकद प्रतिमा लगाने की घोषणा की और आज कैबिनेट ने उनकी जन्म तिथि को राजकीय सम्मान के रूप में मानाने का प्रस्ताव पारित किया। सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष संजय गुप्ता, टी एन सिंह, राजेश कुमार सिंह, राजू झा, सुशील कुमार मोदी के पूर्व आप्त सचिव शैलेन्द्र कुमार ओझा, पूर्व निजी सचिव सुमन कुमार झा ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है एवं बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय सिन्हा, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, बिहार सरकार के मंत्री मंगल पाण्डेय सहित सभी मंत्रियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

# जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन, डीएम ने की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार में आम जनता की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया गया। आयोजित जनता दरबार में 54 आवेदन आए, जिसमें अधिकांश समस्याओं को सुना गया और तत्क्षण उनका समाधान किया गया। मुख्य रूप से आज जनता दरबार में जमीन विवाद, विद्युत, आपसी विवाद आदि से संबंधित शिकायतें आईं। आज की जनता दरबार में मोनु चौधरी द्वारा ऑनलाइन खतियान सुधार करने के संबंध में, थाना- नारदीगंज, पंचायत- परमा, पो0- समड़ी, टोला- चरना चातर, ग्राम- समड़ी की सुलोचना देवी द्वारा पंचायत- परमा में आवास सहायक एवं पर्यवेक्षक के द्वारा पैसा लेने के संबंध में, अंचल- रोह, ग्राम- नजरडीह के सुभाष सिंह द्वारा अवैध कब्जा के संबंध में, थाना एवं पो0- नेमदारगंज की समीना खातुन द्वारा ज़मीन पर अवैध कब्जा के संबंध में, राजेन्द्र नगर, नवादा की बच्ची देवी द्वारा राशन कार्ड से नाम हटा देने के संबंध में, थाना- रोह के अजय कुमार द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकान से खाद्यान्न का उठाव के संबंध में, अंचल- अकबरपुर, पो0- बकसंडा के प्रभु यादव द्वारा रास्ता रोकने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा कुछ आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी से बात कर ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया एवं अन्य आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास निपटारे के लिए भेज दिया गया। यह जनता दरबार मुख्यमंत्री के सेवा सुशासन के अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें सेवा प्रदान करना है। आज जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता नवादा चन्द्रशेखर आजाद, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी मनोज कुमार चौधरी, निदेशक डीआरडीए धीरज कुमार के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




## ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक की मौत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के मासूमा गांव निवासी 45 वर्षीय लक्ष्मी महतो के रूप में की गई है। स्व. लखन महतो के पुत्र थे। हादसे की सूचना मिलते ही सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# प्राणप्रतिष्ठा के पूर्व निकली कलश शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** थरथरी प्रखंड के पुरन्दरपुर गांव में मनोकामना शिव मंदिर महादेव स्थान में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। इन कलश यात्रा में करीब 201 कुंवारी कन्या एवं महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर से निकली जो अदलचक, अस्ता गांव होते हुए रायपुर कोयल बिगहा स्थित सूर्य मंदिर पहुंची। यहां पटना से आए आचार्य नागेंद्र पांडेय और कौशिक पांडेय, दीपक पाडेय, उदय पांडेय के मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी की गई। उसके बाद हर हर महादेव नारे के साथ जल उठाकर वापस शिव मंदिर परिसर पहुंचा। इस संबंध में पुजारी सत्येंद्र कुमार, धनंजय कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय पूजा कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। शनिवार को वेद पूजन, करमकुटी रविवार को जलाअधिवास व नगर भ्रमण का कार्य होगा। सोमवार को सुबह में मंदिर का प्राणप्रतिष्ठा और दोपहर बाद से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का शुभारंभ हो जाएगा, जो मंगलवार की दोपहर तक चलेगा। इसके बाद शाम में भंडारा के साथ पूजा सम्पन्न हो जाएगा। इस मौके पर मंदिर समिति कमिटी के अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव अरविंद कुमार, सदस्य चंद्रशेखर आजाद, जितेंद्र कुमार, अनिल केवट, रामानुज प्रसाद, राजेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, रामलाल प्रसाद दर्जनों गांवों के ग्रामीण शामिल थे।



# शहीद के घर पहुंच पूर्व विधायक ने जताई संवेदना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** जिले के कौआकोल प्रखण्ड अंतर्गत पाण्डेयगंगौट गांव निवासी व भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार के कारगिल में ड्यूटी के दौरान शहीद हो जाने की खबर ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। शहीद जवान के सम्मान में हर किसी की आंखें नम है। शहीद जवान के गांव में घटना के तीसरे दिन भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं इस बीच शोकाकुल स्वजनों से मिलने एवं शोक सांत्वना देने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को गोविंदपुर के पूर्व विधायक कौशल यादव ने शहीद मनीष के परिवार से मिल घटना पर काफी दुःख जताया एवं बलिदानी मनीष के पिता समेत अन्य स्वजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मनीष की शहादत पर हर किसी को गर्व है। वे भारत माता का असली सपूत था,जिसकी कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि शहीद मनीष ने देश की सेवा के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया। वीर सपूत के शहीद होने से पूरा जिला मर्माहत है। वहीं उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर शहीद मनीष की याद में हर सम्भव कार्य करने की बात कही। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, प्रमुख प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, मुखिया दीपक कुमार, अवधेश महतो, मुकेश सिंह, मुनिलाल यादव, सुबोध सिंह, मुकेश चंद्रवंशी, रंजीत मालाकार आदि मौजूद थे वहीं दूसरी ओर कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार एवं सीओ मनीष कुमार ने भी शहीद मनीष के स्वजनों से मिलकर घटना पर दुःख जताया एवं उनके स्तर से होने वाली हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मनीष की शहादत से दुःख तो बहुत है लेकिन यह देश के लिए गर्व की बात है कि उन्होंने देश की सेवा और हम सबों की रक्षा में अपने प्राण त्याग दिए।

## वृद्ध की लावारिश अवस्था में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना से सटे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास लावारिश हालत में एक वृद्ध व्यक्ति की शुक्रवार को मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मृत व्यक्ति की पहचान जमुई जिले के चन्द्रदीप थाना के भलुआना गांव निवासी गुहन मांझी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि उक्त वृद्ध व्यक्ति पिछले चार दिनों से हॉस्पिटल गेट के निकट बीमार अवस्था में पड़ा हुआ था, लेकिन कोई भी अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी सुध लेने वाला नहीं था। आश्चर्य एवं दुर्भाग्य की बात तो यह है कि सरकारी अस्पताल के गेट के सामने वृद्ध व्यक्ति की भूख एवं भीषण गर्मी में तड़प-तड़प कर मौत हो गई।

# नौ कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ दीप ज्योति के साथ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सरथा गांव में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से तीन दिवसीय 9 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था। शुक्रवार को दीपज्योति के साथ संपन्न हो गया। आयोजनकर्त्ता आजाद बिहारी, राणा शैलेश सिंह ने बताया कि गांव में स्थित पानी टंकी के समीप मंडप बनाकर तीन दिवसीय 9 कुंडीय नवचेतना जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के सैकड़ों महिला श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के पहले दिन 311 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा कलश शोभायात्रा, दूसरे दिन हवन और संध्या में प्रवचन एवं तीसरे दिन रुद्र महायज्ञ, संस्कार, दीप ज्योति, पूर्ण आहुति, वैदिक मंत्र उच्चारण और अयोध्या से आए हुए सभी प्रवचन करता को धूम धाम से विदाई की गई। मंडप परिसर में भंडारा का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालु भंडारा में शामिल हुए। हरिद्वार से आए हुए प्रवचन करता अनिल कुमार ने बताया कि नौ कुंडीय नवचेतना जागरण करने का उद्देश्य यह है कि हर घर में संस्कार, यज्ञ का वातावरण बने सभी परिवार में आपसी भाईचारे का माहौल बना रहे साथ ही सभी लोग संस्कारवान हो इन्हीं सब उद्देश्य को लेकर आम जनों एवं गायत्री परिवार के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शांतिकुंठ हरिद्वार में सौ वर्ष पर अखंड ज्योति का यज्ञ हो रहा है। इसी के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम चलाकर सभी लोग को गायत्री महायज्ञ से जुड़ना है। इस कार्यक्रम में जयप्रकाश पांडे, संजय सिंह उर्फ नंद बाबा, मुखिया निर्मला देवी, प्रतिनिधि रवि शंकर कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार, ए के सिंह, ददन सिंह, सुबोध कुमार, आजाद, रश्मिकांत, सत्यम, निशांत समेत अन्य लोगों का भरपूर सहयोग रहा।



# डीएम ने महिला संवाद से संबंधित उपलब्धियों की ली जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा प्राप्त आकांक्षाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए महिलाओं के द्वारा प्राप्त हुए आकांक्षाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर डीएम पोर्टल से संबंधित विभागों के जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों के वेब पोर्टल पर विभागवार भेजना सुनिश्चित करेंगे ताकि ससमय उक्त आकांक्षाओं का निष्पादन सम्बंधित विभागों द्वारा किया जा सके। इस अवसर पर प्रशिक्षु समाहर्ता, वरीय उपसमाहर्ता रंजीत कुमार, वरीय उपसमाहर्ता श्वेता कुमारी, परियोजना पदाधिकारी सह निर्देशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम पन्ना लाल, जिला समन्वयक जिला जल एवं स्वच्छता समिति राजीव रंजन, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) संजय प्रसाद पासवान उपस्थित रहे।



# गांव-गांव जागरुकता की अलख जगा रहा महिला संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन 18 अप्रैल 2025 से प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार द्वारा विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य में क्रियान्वित महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी महिलाओं को दी जा रही है।

ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार की पहल पर चल रहे महिला संवाद कार्यक्रम ने राज्य की आधी आबादी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की नई मिसाल पेश की है। अब तक नवादा जिले के 734 जीविका ग्राम संगठनों में यह कार्यक्रम संपन्न हो चुका है। इन कार्यक्रमों में 1 लाख 25 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाएं भाग ले चुकी हैं।

महिला संवाद कार्यक्रम में बिहार सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए संचालित योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं अपनी सफलता की कहानी साझा कर रही हैं। जिले में आज कुल 26 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 4 हजार महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने अपने गांव और समाज के विकास के लिए अपनी आकांक्षाएं सरकार से साझा कीं।

महिलाएं रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, नल-जल जैसी सुविधाओं की मांग कर रही हैं। उच्च विद्यालय खोलने, पुस्तकालय, जीविका भवन निर्माण और बैंक ऋण पर ब्याज दर घटाने के सुझाव भी सामने आए हैं। इन सभी सुझावों का दस्तावेजीकरण कर ऐप में दर्ज किया जा रहा है। अभी तक संपन्न हुए महिला संवाद कार्यक्रमों में 17,966 आकांक्षाएं दर्ज की गई हैं, जिसमें एक परिवार से लेकर गांव और पंचायत स्तर पर विभिन्न सुविधाएं या सेवाएं शामिल हैं।

कार्यक्रम में संवाद रथ के माध्यम से महिला सशक्तीकरण पर आधारित वीडियो फिल्म दिखाई जा रही है। इसमें सरकार की उन योजनाओं की जानकारी दी जा रही है जो महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही हैं। लीफलेट के ज़रिए राज्य में महिला केंद्रित महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।



# 'हर घर झंडा अभियान' के तहत सवैयाटांड़ पंचायत में लगाया झंडा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के बाराटांड़, सिमरातरी एवं झलकडीहा गांव में शुक्रवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा हर घर झंडा अभियान के तहत दर्जनों घरों में कांग्रेसी झंडा लगाया गया। इस अभियान का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष रामरतन गिरी ने किया। इस दौरान प्रखंड उपाध्यक्ष नरेश राम, मोहन चौधरी व कुंदन कुमार दीप के अलावे रियाजउद्दीन और मनव्वर अंसारी मौजूद रहे। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि हर घर झंडा अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और कांग्रेस पार्टी का झंडा उनके घरों पर लगाया साथ ही कांग्रेस पार्टी की बहुआयामी सोच, जनकल्याणकारी नीतियों और गरीब, मजदूर, किसान एवं वंचित वर्गों के प्रति समर्पण को लेकर जागरूकता फैलाई गई।

# 53 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 15 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में एक, हत्या के प्रयास में छह, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 32 कुल 53 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 204 लीटर महुआ शराब एवं 150.130 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-18 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-1 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 750 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 66 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक कार, तीन तसला, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चुल्हा, दो मोबाइल, महुआ घोल विनष्ट 200 लीटर एवं भट्ठी विनष्ट बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।



## घटना के चौथे दिन गांव पहुंचेगा शहीद जवान का पार्थिव शरीर

# राजकीय सम्मान के साथ आज होगी अंतिम विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** 14 मई की सुबह ड्यूटी के दौरान शहीद हुए कौआकोल के 27 वर्षीय लाल मनीष कुमार का पार्थिव शरीर चौथे दिन शनिवार को उनके पैतृक गांव पाण्डेयगंगौट पहुंचेगी। जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आदेश पर शहीद जवान मनीष को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। समाचार प्रेषण तक शहीद जवान के शव को शुक्रवार की शाम तक पटना पहुंच जाने की सम्भावना है। प्रशासनिक स्तर से भी शहीद जवान मनीष के पार्थिव शव का अंतिम संस्कार के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। शहीद के सम्मान में अंतिम संस्कार के पूर्व गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दिया जाएगा। शहीद जवान के अंतिम संस्कार में राज्य सरकार के प्रतिनिधि, नवादा जिला के कई अधिकारी, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं हजारों लोगों के शामिल होने की सम्भावना है।

### समर कैंप आयोजित करने को लेकर शिक्षा सेवकों को मिला निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कौआकोल। प्रखण्ड परिसर अवस्थित प्रखंड संसाधन केंद्र कौआकोल में शुक्रवार को शिक्षा सेवकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखण्ड के सभी टोला सेवक एवं तालीमी मरकज के कर्मी मौजूद रहे। बैठक में आगामी 19 और 20 मई को कक्षा 5 व 6 के बच्चों का बेसलाइन असेसमेंट करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि इस मूल्यांकन के आधार पर 15 बच्चों का चयन किया जाएगा। जिन्हें 21 मई से 20 जून तक चलने वाली मोहल्ला क्लास में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम का विशेष उद्देश्य चयनित बच्चों को संख्या ज्ञान और गणित में बेहतर बनाना है। बीइओ सुशील कुमार एवं एमडीएम प्रभारी संजय पासवान ने शिक्षा सेवकों से इस कार्यक्रम को गंभीरता से लेने और समयबद्ध तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# धर्म के मर्म को अपने जीवन में आत्मसात करने वाला ही सच्चा धर्मात्मा

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** प्रख्यात दिगम्बर जैन संत श्रमण मुनि श्री 108 विशल्य सागर महाराज ने कहा है धर्म का लबादा ओढ़ने से कोई धर्मात्मा नहीं बनता, बल्कि धर्म के मर्म को अपने जीवन में आत्मसात करने वाला धर्मात्मा कहलाता है। मुनिश्री दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में उपस्थित जैन श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। स्थानीय जैन धर्मावलंबियों द्वारा आयोजित नौ दिवसीय अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि धार्मिक एवं धर्मात्मा होने में अंतर है। जो धर्म का मुखौटा पहन धर्माविरूद्ध आचरण कर दोहरे चरित्र का परिचय देने वाला स्वयं को भले ही धार्मिक समझ कर अपनी पीठ खुद थपथपा ले, लेकिन धर्मात्मा कहलाने के आवश्यक है कि धर्म के मूल मर्म को अपने जीवन में उतारे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग धर्म मुखौटा पहन कर स्वयं को धर्मात्मा समझ लेते हैं, लेकिन वास्तव में दोहरा चरित्र जीने वाले बगुलाभगत एवं ढोंगी कहलाते हैं। मुनिश्री ने कहा कि अपने स्वार्थ में कथनी और करनी में भेद रख छल-प्रपंच रचने वाले का सत्यानाश होना निश्चित है। क्योंकि छल के छाले ऐसे दोहरे चरित्र वाले लोगों के जीवन को बर्बाद करने में अपना कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। मुनिश्री ने अपने उद्बोधन के दौरान धर्म के नाम पर पापाचरण करने वालों की भी क्लास ली। उन्होंने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ लोग विभिन्न प्रकार के व्यसनों में लिप्त रह समाज के साथ ही धर्म का बंटाधार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म की आड़ में ऐसा पापाचरण करने वाला व्यक्ति भगवान का अभिषेक व गुरूओं को स्पर्श करने लायक रहने की बात तो दूर, उनकी परिछाईं तक का भी स्पर्श करने लायक नहीं रहता। उन्होंने धर्म के लबादे को ओढ़ने का नहीं, बल्कि धर्म को जीने का उपस्थित श्रद्धालुओं का आह्वान किया।



### जैन धर्मावलंबियों ने अशुभ कर्मों के दहनार्थ की कर्म दहन विधान की आराधना

**नवादा।** श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के षष्टम दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों ने कर्म दहन विधान की विशेष आराधना की। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत यंत्राभिषेक, जिनाभिषेक एवं महाशांति धारा के पश्चात देव शास्त्र गुरू की पूजा से हुई। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने अपने अशुभ कर्मों के दहनार्थ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के षष्टम पूजन कर्म दहन विधान की विशेष आराधना की। विधानाचार्य मुकेश जैन शास्त्री ने पूरे भावार्थ के साथ आज के विधान को संपन्न कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई, जबकि कोटा राजस्थान से आए भक्ति संगीत मंडली ने श्रद्धालुओं में भक्तिरस का व्यापक तौर पर संचार किया। इस अवसर पर संजय जैन, दीपक जैन, अभय बड़जात्या, अशोक कुमार जैन, भीमराज गंगवाल, उदय बड़जात्या, मनोज जैन, सुनील काला, संतोष पांड्या, कांता देवी गंगवाल, सुषमा जैन, संतोष छाबड़ा, लक्ष्मी जैन, शीला जैन, चंदा बड़जात्या, ममता काला, सोनल सेठी, रजनी काला, श्रेया जैन, अंजलि जैन, मिंटू जैन, वीणा काला, रजनी पांड्या व राशि जैन सहित भारी संख्या में स्थानीय जैन श्रद्धालु उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी ठोकर, घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के बेनार-सकसोहरा मुख्य मार्ग पर नौरंगा पुल के समीप ट्रैक्टर ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान थाना क्षेत्र के बकरा गांव निवासी मोहन माहतो के 27 वर्षीय पुत्र मिथिलेश कुमार के रूप में की गई है। जानकारीनुसार युवक अपने ससुराल ओंदा जा रहा था। तभी अचानक नौरंगा पुल के समीप ट्रैक्टर ने जोरदार ठोकर मार दी। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिंद में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल की प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ रेफर कर दिया।

# नवादा ने गया पर बड़ी जीत दर्ज की




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में नालंदा में आयोजित श्यामल सिंह अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नवादा का मुकाबला गया की टीम से हुआ। इसमें नवादा कप्तान हर्ष नेटवर्क जीत के पहले बल्लेबाजी करते हुए 46 ओवर में 2007 बनाकर टीम ऑल आउट हुई। जिसमें कप्तान हर्ष ने शानदार 61 रन सूरज सिंह ने 30 शिव शक्ति ने 22 आदित्य ने किस जबकि सौरभ मेहता ने 18 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए गया के गेंदबाज सुमन ने 5 विकेट मयंक ने दो विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया की टीम ने मात्र 27 ओवरों में 96 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई। गया की तरफ से बल्लेबाज प्रदीप ने 22 अंकित ने 16 एवं निशांत ने 13 रनों के अलावे कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सके और अंततः उनकी टीम यह मुकाबला हार गई। नवादा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए लेग्स स्पिनर सौरभ मेहता ने शानदार चार जबकि आदित्य एवं अंकित ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस तरह से नवादा ने अपने पहले मुकाबले में गया को 111 रनों के बड़े अंतर से हराकर टूर्नामेंट का सफल शुरुआत किया है। अगर नवादा की टीम नालंदा एवं शेखपुरा को हराती है तो मगध जून की चैंपियन टीम होगी। आज के मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले सौरभ मेहता को मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी दी गई। नवादा की शानदार जीत पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी उपाध्याय जसवंत सिंहा सचिव मनीष आनंद संयुक्त सचिव सुरेश यादव कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे क्लब प्रतिनिधि अरुण यादव कमेंट कमेटी के मनीष कुमार गोविंद चयनकर्ता श्यामदेव कुमार, बबलू वर्मा निशांत कुमार ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# किसानों को शिक्षित कर ही प्राप्त हो सकता विकसित भारत का लक्ष्य : कीर्ति वर्धन सिंह

## सीयूएसबी परिसर में एनिमल हाउस और इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गया)।** विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और किसानों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। यह विचार शुक्रवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) परिसर में 'एनिमल हाउस' और 'इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम' का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि पर आधारित है। ऐसे में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में कृषि एवं उससे जुड़े उद्योगों की भूमिका अत्यंत अहम है। राज्य मंत्री ने कहा कि शोध-आधारित उच्च शिक्षण संस्थान किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देकर इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।


**सीयूएसबी को बताया आदर्श शिक्षण संस्थान**

300 एकड़ में फैले विश्वविद्यालय परिसर की प्रशंसा करते हुए मंत्री ने कहा कि सीयूएसबी एक शोध केंद्रित, नैक ए++ ग्रेड प्राप्त संस्थान है, जो पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखते हुए अधिकतम कृषि उत्पादकता सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई जा रही नवीन कृषि पद्धतियों को अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचाया जाना चाहिए।

**कुलपति ने प्रस्तुत की पर्यावरणीय प्रयासों की रूपरेखा**

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने मंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें सीयूएसबी द्वारा किए जा रहे पर्यावरण-संवेदनशील प्रयासों की जानकारी दी। इनमें शून्य जल निर्वहन परिसर, सौर ऊर्जा संचालित स्ट्रीट लाइट, हरित पट्टी के रूप में 10,000 पौधों का रोपण, प्राकृतिक खाद के प्रयोग से जैविक खेती और पशुधन पालन शामिल हैं। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय समुदाय के लिए परिसर की अवधारणा के साथ पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है, और उसकी योजनाओं का लाभ मगध क्षेत्र के गांवों तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी डॉ. मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि लाइफ साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राम प्रताप सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रस्तुति दी। पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रधान पार्थ सारथी ने जलवायु संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वहीं, कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अवनीश प्रकाश सिंह ने विभाग की स्थापना, पाठ्यक्रम और बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डाला।

# मंत्री परिषद ने गया का नाम गया जी करने का लिया निर्णय : डॉ प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने शुक्रवार को कहा कि बिहार राज्य के पौराणिक जिलों में से एक जिला गया ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व रखता है। पुरातन काल से भारतीयों के मानस में यह पवित्र भूमि बड़े तीर्थ स्थल के रूप में अपनी प्रसिद्धि प्राप्त किए हुए हैं। ज्ञान और मोक्ष की भूमि गया जिसके कारण श्रद्धात्भक्ति से लोग गया को गया जी भी कह कर पुकारते हैं। मां मंगला गौरी का मंदिर और अंतःसलीला फल्गु नदी के किनारे अवस्थित गया शहर में प्रवाहित नदी फल्गु, निरंजना नदी के रूप में रामायण में उल्लेखित है। कहा जाता है कि गया शहर में अपने पिता का पिंडदान करने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, माता सीता एवं लक्ष्मण आए थे। विश्व प्रसिद्ध महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में शामिल गया में लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष गया जी आते हैं। बिहार की एनडीए सरकार ने अपने मंत्री परिषद में निर्णय लिया कि गया का नाम अब गया जी होगा। इस निर्णय का साक्षी एवं सदस्य मैं भी था। मुझे गया को गयाजी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उपरोक्त निर्णय के लिए बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गयवासियों की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं साथ ही मंत्री परिषद के सभी साथियों को हृदय तल से बधाई एवं आभार व्यक्त करता हूं।

# डीएम ने 350 से अधिक व्यक्तियों की सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शुक्रवार को आयोजित डीएम के जनता दरबार में जिले के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने लगभग 350 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विदित हो कि कुछ दिनों से लगातार कड़ी गर्मी / गर्म हवा/ लू के बाबजूद समाहरणालय में अनेको फरियादी पहुंच रहे जिसे लेकर डीएम द्वारा ठंडा पेयजल की व्यवस्था एवं मेडिकल कैम्प की व्यवस्था, बाहर में बैठे लोगों के लिये कूलर समाहरणालय परिसर में रखा गया ताकि यदि किसी व्यक्ति को थोड़ी सी भी तबीयत खराब होने पर उन्हें तुरंत उपचार किया जा सके। आज अनेको फरियादियों ने मेडिकल कैंप में जाकर अपना स्वास्थ्य जांच करवाया है। फरियादियों के लिए पर्याप्त संख्या में ओआरएस एवं दवा भी उपलब्ध रखी गई और उनके बीच ओआरएस वितरण भी किया गया है। जनता दरबार मे आवेदकों के कई मामलों में डीएम द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है।जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास / मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त/ डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित सीओ तथा थानाध्यक्ष एवं एसडीओ तथा डीएसपी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए।जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी/ पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। जनता दरबार में कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर डीएम ने संबंधित सीओ एवं आरओ को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जनता दरबार में जमीन से संबंधित आये मामलों में डीएम ने सभी सीओ को कहा कि ये आम जनता ज्यादातर गांव के ही होते हैं और किसान होते है, इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करे।

# भारतीय जवानों की वीरता को सम्मानित करने के उद्देश्य से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय जवानों की वीरता को सम्मानित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और छात्रों ने भाग लिया और देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के साथ वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यात्रा की शुरुआत भारत के वीर शहीदों को नमन करते हुए देश भक्ति के नारों भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारत के सैनिक जिंदाबाद वीर बलिदानी अमर रहे और पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगन भेदी घोष के बीच लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे देश की शान में कदम से कदम मिलाकर मार्च किया। यात्रा का मार्ग प्रमुख नूतन नगर कालीबाड़ी से निकलकर शहीद भगत सिंह चौक तक आकर तिरंगा यात्रा समापन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की साहसिकता और रणनीतिक क्षमता का प्रतीक है। यह अभियान न केवल आतंक के ठिकानों को ध्वस्त करने वाला था, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश था कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा, बल्कि हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की जनता को सेना के प्रति सम्मान और गर्व की भावना बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि जवान ही हमारी सीमाओं के रक्षक हैं। तिरंगा यात्रा में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, पूर्व महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह, विजय प्रसाद उर्फ काला नाग, हीरा यादव, अभिषेक कुमार, महेश यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता, कुंदन सिंह, सुनील रविदास, राखी अग्रवाल, इंदू प्रजापति, मधु कुमारी, ललिता देवी, वृंदा देवी, कुंती देवी, नमिता देवी, निर्मला देवी, पुष्पा देवी, सुनीता अग्रवाल, उषा आर्य, मिर्ज़ा अग्रवाल, सविता तर्व, रिंकी देवी, सुधा रानी, मंजूषा देवी, उषा देवी, ललिता बरनवाल, ज्योति देवी, चिंता देवी, सुमित्रा देवी, संसू देवी, शिवली देवी, अनीता देवी, उषा देवी, विनीता देवी, सुनीता देवी, जयमाला देवी, रेखा देवी, सुनैना देवी, सहित लोग उपस्थित रहे।

# भूमिहीन सवर्णों को भी दिया जाए भू-पर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू (गया)।** गुरूआ विधान सभा ब्राह्मण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य मंगलानंद मिश्र ने बिहार सरकार से गरीब, भूमिहीन सवर्णों को भी उनके नाम से भूमि बंदोबस्त करने की मांग की है। इस संबंध में श्री मिश्र ने बताया कि बिहार में हजारों सवर्ण जाति के लोगों के पास एक धूर भी जमीन नहीं है। आवास योजना का लाभ मिल जाने के उपरान्त भी उनके पास एक डिसमिल जमीन तक नहीं है कि वे इस पैसे से अपनी भूमि पर आवास बनाएं। बिहार सरकार द्वारा स्वर्ण आयोग का गठन भी किया गया था जो मृत हो चुका है। आज सवर्णों की समस्याओं पर कोई चर्चा करने को तैयार नहीं। आज समाज में सभी दलों द्वारा गरीब सवर्णों को उपेक्षित किया जा रहा है जो अच्छी बात नहीं है। गरीब, भूमिहीन सवर्ण भी इसी देश, राज्य के नागरिक हैं और शांति प्रिय मतदाता हैं फिर भेद-भाव क्यों ? क्या समाज में गरीब भूमिहीन सवर्ण होना जुर्म है ? आज समाज में सैंकड़ों ब्राह्मण, भूमिहार, राजपूत, कायस्थ परिवार हैं जिनके पास भूमि के नाम पर एक धूर तक जमीन नहीं है फिर भी वे स्वर्ण कहे जाते हैं और शोषण के शिकार होते आ रहे हैं।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गया)।** सेवा भारती बोधगया के द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का समापन शुक्रवार को बीटीएमसी सचिव डॉक्टर महाश्वेता महारथी एवं बोधगया डीएसपी संजय जयसवाल, उमेश रंजन, राजेश पांडेय, संजय सिंह, राहुल दत्ता ने संयुक्त रूप से सभी डॉक्टर को अंग वस्त्र देकर किया।इस मौके पर बीटीएमसी सचिव ने सेवा भारती के कार्यों को सराहना करते हुए आगे भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लगे, सेवा भारती गया जी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने



बीटीएमसी को जिन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए स्थान का व्यवस्था एवं सभी डॉक्टरों को जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपना समय दिए।वही सेवा भारती के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि इस कैंप में स्वास्थ्य लाभ लिए जिनकी संख्या 776 रहा। डॉ प्रभात कुमार सिन्हा ने बताया कि इस कैंप में जेनरल वीकनेस, बॉडी पेन, डिहाईड्रेशन, सर का दर्द, सनस्ट्रोक जैसे बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या अधिक रही। जिसे मुफ्त दवा एवं परामर्श दिया गया। चिकित्सा शिविर में कार्यरत डॉ सुशील कुमार मिश्रा, डॉ संजय कुमार मिश्रा, डॉ प्रभात कुमार सिन्हा, डॉ विनोद प्रसाद, डॉ मृत्युंजय सिन्हा ,डॉ उमेश कुमार, डॉ दुर्गा कुमारी, डॉ निशु कुमारी, डॉ अंबिका वर्मा, प्रिंस कुमार एवं डॉ प्रेम कुमार का योगदान सारहानिय रहा।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद।**
**(जिला आपदा प्रबंधन शाखा)**

**अल्पकालीन पुर्ननिविदा**

**निविदा संख्या–02/2025–26**

वर्ष–2025 में संभावित बाढ़/सुखाड़ के समय प्रभावित परिवारों एवं विस्थापित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु वस्तुओं की आवश्यकता पर्याप्त मात्रा में होगी, इस हेतु सामग्रियों जिसकी पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार अंकित है, उनके दर निर्धारिता एवं आपूर्ति के लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से एतद् द्वारा सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

**प्रभारी पदाधिकारी, जिला जनम्पर्क शाखा, औरंगाबाद द्वारा पूर्व में प्रकाशित निविदा संख्या–01/2025–26 का PR No की मांग की गई है। निविदा संख्या 01/2025–26 का PR No-000811 (Disaster) 25-26 है।**

निविदादाताओं को मो0–20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र निविदा डालने हेतु जमानत की राशि किसी अनुसूचित बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो तथा निविदा दस्तावेज हाथो हाथ या डाक के माध्यम से आपदा प्रबंधन शाखा में जमा करना होगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–26.05.2025 के अप0–03:00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अप0–03:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें स्वयं निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

**विशेष जानकारी के लिये जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद से सम्पर्क कर सकते है एवं विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट aurangabad.bih.nic.in & state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखा जा सकता है।**

PR- 03532 ( District ) 2025-26

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# छह प्रखंडो में एथलेटिक ट्रैक के निर्माण को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार में खेल को बढ़ावा देने के लिय राज्य सरकार द्वारा अनेको कार्य किये जा रहे, ताकि बिहार में खेल की प्रतिभा में और निखार आये। खेल विभाग बिहार सरकार द्वारा गया ज़िले के 6 प्रखंडो में फुटबॉल स्टेडियम का 200 मीटर एथलेटिक ट्रैक का निर्माण के लिये प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हो गई है। जिले के डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम ने बताया कि गया जिले के मोहरा अंतर्गत जेठीयन में, नीमचक बथानी में, बोधगया के अतिया में, इमामगंज के बरवांडी में, अतरी में एवं टनकुप्पा में फुटबॉल स्टेडियम का 200 मीटर एथलेटिक ट्रैक का निर्माण के लिये प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हो गई है। प्राप्त राशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना उदव्यय के अंतर्गत भवन निर्माण विभाग के मांग संख्या-03 के अधीन बजट शीर्ष 4059- लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय- 60 अन्य भवन 051-निर्माण -0106 - स्टेडियम एवं खेल अवसंरचना अंतर्गत मुख्य निर्माण कार्य में उपबंधित राशि से होगा।इस आय-व्ययक के नियंत्री पदाधिकारी सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना होंगे, जिनके द्वारा आवंटन निर्गत किया जायेगा। राशि की निकासी भवन निर्माण विभाग के संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के द्वारा सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन) पटना से की जायेगी।उक्त निर्माण कार्य का कार्यकारी अभिकरण बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना होगा, जिनके द्वारा अनुमोदित नक्शा एवं प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सम्पन्न कराया जायेगा एवं कार्यान्वयन प्रतिवेदन एवं व्यय विवरणी खेल विभाग, बिहार, पटना को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा। योजना पूर्ण होने के एक सप्ताह में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना के पदाधिकारी इस योजना को जिला पदाधिकारी, गया को सौंपना सुनिश्चित करेंगे। उपयोगिता प्रमाण-पत्र वित्तीय नियमावली के अनुसार ससमय समर्पित किया जायेगा।

# आठ बीघा के पुआल में लगी आग ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कराई गांव में एक खलिहान में आठ बीघा के पुआल में गुरुवार - शुक्रवार के दरमियानी रात अचानक आग लग गई। संवाद सूत्र से मिली जानकारी अनुसार ग्राम कराई निवासी श्रवण यादव पिता स्व.गुमानी यादव के खलिहान में रखे पुआल में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। ग्रामीणों की कड़ी मेहनत से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक सब पुआल जलकर राख हो गया। जिससे हजारों रुपए के नुकसान का अनुमान है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और इस संबंध में जांच की जा रही है।


**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/सीएटीजी/न्यू एलॉटमेंट/ऑक्शन/2022** **दिनांक** 15.05.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा 05 वर्षों के लिए हावड़ा मंडल के तहत डी एवं ई कैटेगरी स्टेशनों पर 10 अदद जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) और बी, सी, डी, ई एवं एफ कैटेगरी स्टेशनों में 30 अदद स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) पर कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। नीलामी का विवरणः **ऑक्शन कैटलॉग सं.–सीएटीजी–एमएवाई30–25, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, विवरण एवं अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एलसीएई–जीएमयू–52–22–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), जनरल – आरक्षित में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 30.05.2025 को 11.30 बजे। **एए/2,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–टीआईटी–जीएमयू–8–22–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), जनरल – आरक्षित में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 30.05.2025 को 11.40 बजे। **एए/3,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–केएलपी–जीएमयू–46–22–2 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), जनरल – आरक्षित में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 30.05.2025 को 11.50 बजे। **एए/4,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–सीडब्ल्यूएलई–जीएमयू–9–22–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), जनरल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान–अनारक्षित–सबके लिए खुला, 30.05.2025 को 12.00 बजे। **एए/5,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–केजीएलई–जीएमयू–73–24–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), 05 वर्षों के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– अनारक्षित–सबके लिए खुला, 30.05.2025 को 12.10 बजे। **एए/6,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–जीएचएलई–जीएमयू–10–22–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), जनरल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– अनारक्षित–सबके लिए खुला, 30.05.2025 को 12.20 बजे। **एए/7,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–आरजेजी–जीएमयू–80–24–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), 05 वर्षों के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– अनारक्षित–सबके लिए खुला, 30.05.2025 को 12.30 बजे। **एए/8,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एनएचटी–जीएमयू–76–24–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), जनरल के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 12.40 बजे। **एए/9,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एजेड–जीएमयू–74–24–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), 05 वर्षों के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– अनारक्षित–सबके लिए खुला, 30.05.2025 को 12.50 बजे। **एए/10,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–टीबीबी–जीएमयू–47–22–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), जनरल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 13.00 बजे। **एबी/1,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–टीवाईएई–एसएमयू–25–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 13.10 बजे। **एबी/2,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–जीजीएलई–एसएमयू–22–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 13.20 बजे। **एबी/3,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एसएचबीसी–एसएमयू–51–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 13.30 बजे। **एबी/4,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एनजीएफ–एसएमयू–45–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 13.40 बजे। **एबी/5,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–जेएचबीएन–एसएमयू–15–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 13.50 बजे। **एबी/6,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एएमपी–एसएमयू–83–25–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 14.00 बजे। **एबी/7,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–बीपीएस–एसएमयू–13–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 14.10 बजे। **एबी/8,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–जीआरपी–एसएमयू–34–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान–आरक्षित, 30.05.2025 को 14.20 बजे। **एबी/9,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–टीएलओ–एसएमयू–37–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 14.30 बजे। **एबी/10,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–बीपीएई–एसएमयू–49–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 14.40 बजे। **एबी/11,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–पीकेआर–एसएमयू–48–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 14.50 बजे। **एबी/12,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–केएनएसएन–एसएमयू–23–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 15.00 बजे। **एबी/13,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–बीडीएच–एसएमयू–20–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 15.10 बजे। **एबी/14,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–केक्यूयू–एसएमयू–53–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 15.20 बजे। **एबी/15,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–बीक्यूवाई–एसएमयू–42–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 15.30 बजे। **एबी/16,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–डीबीपी–एसएमयू–33–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 15.40 बजे। **एबी/17,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–सीटीआर–एसएमयू–21–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 15.50 बजे। **एबी/18,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एलएपी–एसएमयू–27–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 16.00 बजे। **एबी/19,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–सीजीआर–एसएमयू–79–24–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), 05 वर्षों के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 16.10 बजे। **एबी/20,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–बीओआई–एसएमयू–43–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 16.20 बजे। **एबी/21,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–बीजीआरए–एसएमयू–39–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 16.30 बजे। **एबी/22,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एनकेएल–एसएमयू–36–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 16.40 बजे। **एबी/23,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–केपीएलई–एसएमयू–24–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 16.50 बजे। **एबी/24,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एसीएलई–एसएमयू–19–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 17.00 बजे। **एबी/25,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–आरसीडी–एसएमयू–26–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 17.10 बजे। **एबी/26,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–बीजेडएलई–एसएमयू–17–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 17.20 बजे। **एबी/27,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–बीजेडएल–एसएमयू–50–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 17.30 बजे। **एबी/28,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–बीजीएफ–एसएमयू–38–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 17.40 बजे। **एबी/29,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–जीएमएएन–एसएमयू–44–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 17.50 बजे। **एबी/30,** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एमजीएई–एसएमयू–18–22–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), स्पेशल में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान– आरक्षित, 30.05.2025 को 18.00 बजे। **रेट यूनिट** : वार्षिक लाइसेंसिग शुल्क (एए/1 से एए/10 तक और एबी/1 से एबी/30 तक प्रत्येक हेतु)। **ट्रिप/दिन** : 1826 (एए/1 से एए/10 तक और एबी/1 से एबी/30 तक प्रत्येक हेतु)। **न्यूनतम वृद्धि (%)**: 0.2 (एए/1 से एए/10 तक और एबी/1 से एबी/30 तक प्रत्येक हेतु)। **ईएमडी** : 10% (एए/1 से एए/10 तक और एबी/1 से एबी/30 तक प्रत्येक हेतु)। **आवश्यक टर्नओवर** : 0 (एए/1 से एए/10 तक और एबी/1 से एबी/30 तक प्रत्येक हेतु)।

HWH-85/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# शब्दवीणा काव्य संगोष्ठी में गूंजे बुद्ध और युद्ध पर रचित गीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, शब्दवीणा जहानाबाद जिला संरक्षक वरिष्ठ कवि दीपक कुमार एवं जिलाध्यक्ष-सह-बिहार प्रदेश साहित्य मंत्री ललित शंकर के दिग्दर्शन में तथा शब्दवीणा जहानाबाद जिला समिति के संयोजन में काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बुद्ध पूर्णिमा तथा भारत-पाकिस्तान के मध्य निर्मित युद्ध जैसी परिस्थितियों को आधार बनाकर आयोजित इस काव्यगोष्ठी की अध्यक्षता दीपक कुमार ने की। काव्यगोष्ठी में भारत-पाक युद्ध : समस्याएं और संभावनाएं, तथा 'महात्मा बुद्ध के विचारों की वर्तमान युग में महत्ता को ध्यान में रखते हुए दीपक कुमार, ललित शंकर, चितरंजन चैनपुरा, डॉ. अनिल कुमार, रूबी कुमारी, डॉ. रवि शंकर, गौतम पराशर, अरविंद आजान्स ने अपनी-अपनी स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कीं। निर्दिष्ट विषय पर अपने विचार भी रखे। कार्यक्रम में देवांशु दीपक और अमित कैप्टन की भी उपस्थिति रही। ललित शंकर की नभ से जयघोष गूंज उठे, धरणी भी लहराये, गर्जन से कम्पित हो पाक, थर-थर-थर थर्राये, संधि नहीं, अब रण होगा, यह निर्णय दोहरायें, वीरों की संतति हैं हम, इतिहास नया रचायें, एवं अब केवल संवाद नहीं, प्रतिघात हमारा धर्म बने जैसी ओजमयी पंक्तियों ने सबके मन में देशभक्ति का संचार कर डाला। कवि अनिल कुमार की रचना शुद्धोधन नंदन परम शुद्ध, हे स्वयंसिद्ध सिद्धार्थ बुद्ध। इस जग का फिर से त्राण करो, जन गण का फिर कल्याण करो। सब रक्तपात को पुनः क्रुद्ध। हे स्वयंसिद्ध सिद्धार्थ बुद्ध को सबकी सराहना मिली। चितरंजन चैनपुरा की वंदन बोधगया की धरती, जहां बसें जग के स्वामी, रूबी कुमारी की देवी यशोधरा का स्मरण कराती पंक्तियां मेरा पत्र ले हाथों में, पढ़ते ही उत्तर देना। कब आओगे घर वापस, यह भी उसमें लिख देना' सुनकर श्रोता भावों से भर उठे। डॉ रविशंकर की जब से कन्हैया सुन लेली तोर वंशी धुन एवं दीपक कुमार की रंगरेजवा, केसर से रंग दे हमर बाना पर खूब वाहवाहियां लगीं। शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बुद्ध जयंती पर अपनी रचना अरिहंत को समिति के सदस्यों से साझा करते हुए युद्ध और बुद्ध को मूल विषय बनाकर आयोजित इस काव्यगोष्ठी हेतु शब्दवीणा जहानाबाद के सभी पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। डॉ रश्मि ने कहा कि मानव असुर से क्रूर बन, दुष्कृत्य जब करने लगें। सज्जन, अधर्मी दुर्जनों से, काँपने, डरने लगें।जब अवगुणों से युक्त जन, पा पद-प्रतिष्ठा मुदित हों। जब ध्वंस लाने के लिए, विषयुक्त कृतियां सृजित हों।तब देख ऐसी दुर्दशा, जो व्यक्ति होता क्षुब्ध है।जो धर्म की रक्षार्थ करता दनुजता से युद्ध है। वह राम है, वह कृष्ण है, अरिहंत, गौतम बुद्ध है। शब्दवीणा बिहार प्रदेश संरक्षक प्रो. डॉ. सुबोध कुमार झा एवं जिला प्रचार मंत्री अंबुज कुमार ने शब्दवीणा जहानाबाद के सभी पदाधिकारियों को इस आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

संपादकीय

# अमेरिका-चीन ट्रेड डील व भारत

दुनिया भर में जारी ट्रेड वार और भारत तथा पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच विश्व की दो महाशक्तियों अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ समझौते का होना न केवल बड़ी घटना है बल्कि इसका सीधा असर भारत पर भी पड़ेगा। यह असर कितना होगा, इसके बारे में लोगों का अलग-अलग आकलन है। सवाल यह भी उठ रहा है कि टैरिफ के मुद्दे पर चीन ने एक कदम पीछे खींचकर दक्षिण एशिया में अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भारत को कहीं ट्रेड स्ट्राइक तो नहीं कर दी है? इस सवाल का जवाब तो कुछ समय बाद मिलेगा। लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा चीनी सामान के आयात पर भारी टैरिफ लगाने के बाद चीन ने समझौते का नया दांव खेला है। हालांकि यह समझौता 90 दिनों के लिए ही है। इसके बाद क्या होगा, वह आगे की परिस्थिति पर निर्भर रहेगा। टैरिफ को लेकर दोनों देशों के बीच जारी आरोप प्रत्यारोपों के बीच जिनेवा में हाल में दोनों देशों के बीच वार्ता भी जारी थी। समझौते के मुताबिक अमेरिका ने चीनी आयात पर टैरिफ को संयुक्त रूप से 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है, जिसमें फेंटेनाइल पर 20 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है, जो 14 मई से प्रभावी होगा। बदले में, चीन अमेरिकी वस्तुओं पर अपने टैरिफ को 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर देगा। सोमवार को दोनों पक्षों ने घोषणा की कि संशोधित टैरिफ ढांचा 90 दिनों की अवधि के लिए लागू होगा। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट ने इसकी घोषणा की। गौरतलब है कि अमेरिका ने चीन पर 145 फीसदी टैरिफ लगाया था। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर 125 फीसदी टैरिफ थोप दिया था। कई दिनों की तनातनी के बाद अब दोनों देश नरम पड़े। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे एक अच्छी डील बताया है। चीन ने कहा है कि वह अमेरिकी सामान पर पहले लगाए गए 91 प्रतिशत के अतिरिक्त टैक्स को भी हटा देगा। कहा जा रहा है कि दोनों देशों के बीच हुई इस डील से उन उद्योगों को राहत मिलेगी जो टैरिफ की वजह से बहुत परेशान थे। टैरिफ में यह कमी चीन की तरफ से आर्थिक तनाव को कम करने और अमेरिका के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने की कोशिश है। अब सवाल यह है कि इस ट्रेड समझौते का भारत पर कितना असर होगा? विशेषज्ञों का मानना है कि यद्यपि वर्तमान में भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ 10 प्रतिशत पर बना हुआ है, लेकिन टैरिफ का वह विशाल अंतर जो कभी भारत के पक्ष में था, तेजी से कम हो रहा है। यह ट्रंप द्वारा निर्धारित टैरिफ बेसलाइन है। इसके पहले अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर लगाया गया टैरिफ चीन की तुलना में काफी होगा। लेकिन अब यह अंतर होने से भारतीय निर्यातकों को लाभ कायम रखने के लिए नए ठिकाने तलाशने होंगे। निर्यातकों के संगठन फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन के अनुसार मौजूदा घटनाक्रम वैश्विक व्यापार स्थिरता के लिए सकारात्मक हैं लेकिन ये भारत के लिए चुनौतियां और, 'शुल्क घटाने से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और रसायन जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में अमेरिका और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ने की संभावना है। इससे दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे बाजारों, जहां भारत ने हाल में अमेरिका-चीन व्यापार बाधा का लाभ उठाते हुए अपनी पैठ बनाई है, में भारतीय निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। हालांकि भारत इस बदलाव का लाभ उन फार्मास्युटिकल एपीआई, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, कार्बनिक रसायन और आईटी सेवाओं में उठा सकता है।' लेकिन यह भविष्य की बात है। बेहतर है कि भारत इस टैरिफ वार के फायदे कैसे उठाए जा सकते हैं, इस पर विचार करें।

# युद्ध विराम भारत को मजबूत बनाने का अवसर

**हमें बाँटने की ये कोशिशें बाहर से नहीं, हमारे भीतर से सफल हो रही हैं। कितनी आसान सी बात है – अगर हम आपस में एकजुट नहीं रहेंगे, तो जो भी आएगा, हमें तोड़ देगा। वो कभी हथियार से नहीं, हमारी आपसी नफरत से जीतेगा। हर युद्ध के बाद एक लंबी चुप्पी होती है, पर यह चुप्पी अंत नहीं होती। यह वह क्षण होता है जहाँ समाज, सरकार और जनता को आत्ममंथन करना होता है। हमें यह सोचने की ज़रूरत है कि इस बर्बादी में हमारी भी कोई भूमिका थी या नहीं। क्या हमने कुछ ऐसा किया जिससे समाज में दरार आई? क्या हम चुप रहे जब नफरत फैल रही थी? क्या हमने उन बच्चों को समझाया जो सोशल मीडिया पर हिंसा को सामान्य मानते हैं? क्या हमने अपने घरों में बैठकर भी एक-दूसरे के खिलाफ बोलना शुरू नहीं किया था? सवाल उठने चाहिए, और जवाब भी तलाशने होंगे।**

**अजमत**



युद्ध रुक गया। एक पल के लिए सांसें थमीं और सन्नाटा गहराया। यह सन्नाटा शांति का नहीं, दर्द का है। जो मरे, वो लौटकर नहीं आएँगे। जो उजड़ गए, उनके घर फिर कैसे बसेंगे। जो बचे हैं, वो अंदर से टूटी हुई आवाज़ों के साथ ज़िंदा हैं। यह युद्ध विराम एक राहत की सांस ज़रूर है, पर यह कोई अंत नहीं है - यह एक शुरुआत है। हमें खुशी है कि कुछ समय अब बम नहीं गिरेंगे, गोलियाँ नहीं चलेंगी, बच्चे सहमे हुए स्कूल नहीं जाएंगे, रोड पर बिना डरे लोग चलेंगे। पर ये जो हुआ है, उसे हम सिर्फ 'युद्ध विराम' कहकर आगे नहीं बढ़ सकते। क्योंकि जो सबसे बड़ा युद्ध था, वो तो अब शुरू हो रहा है - दिलों में बैठी नफरत को खत्म करने का, भारत में एकता का अलख जगाने का, सद्भाव के साथ देश बनाने का।

सच कहूँ तो हम बहुत कठिन समय से गुज़रे हैं। इस देश ने सिर्फ सरहद पर नहीं, घर-घर में घाव खाए हैं। कोई मुसलमान था इसलिए शक़ में मारा गया, कोई हिंदू था इसलिए दुश्मन बना दिया गया। कभी नाम देखकर हमला हुआ, कभी पहनावे से नफ़रत उग आई। क्या वाकई हम इतने कमज़ोर हो गए हैं कि अब हम इंसान की पहचान उसकी जाति, धर्म, भेष-भूसा या भाषा से करने लगे हैं? हम यह क्यों नहीं समझते कि जब हम एक-दूसरे से लड़ते हैं, तो वो ताक़तें जो हमारे देश को तोड़ना चाहती हैं, वे और मज़बूत हो जाती हैं। हमें बाँटने की ये कोशिशें बाहर से नहीं, हमारे भीतर से सफल हो रही हैं। कितनी आसान सी बात है - अगर हम आपस में एकजुट नहीं रहेंगे, तो जो भी आएगा, हमें तोड़ देगा। वो कभी हथियार से नहीं, हमारी आपसी नफरत से जीतेगा।हर युद्ध के बाद एक लंबी चुप्पी होती है, पर यह चुप्पी अंत नहीं होती।

यह वह क्षण होता है जहाँ समाज, सरकार और जनता को आत्ममंथन करना होता है। हमें यह सोचने की ज़रूरत है कि इस बर्बादी में हमारी भी कोई भूमिका थी या नहीं। क्या हमने कुछ ऐसा किया जिससे समाज में दरार आई? क्या हम चुप रहे जब नफरत फैल रही थी? क्या हमने उन बच्चों को समझाया जो सोशल मीडिया पर हिंसा को सामान्य मानते हैं? क्या हमने अपने घरों में बैठकर भी एक दूसरे के खिलाफ बोलना शुरू नहीं किया था? सवाल उठने चाहिए, और जवाब भी तलाशने होंगे। उस माँ का क्या, जिसका बेटा आतंकवाद में मारा गया, और अब कोई उसकी सुध नहीं लेता? उस बच्ची का क्या, जिसका स्कूल बम से उड़ गया और बचपन छिन गया? उन परिवारों का क्या, जो धर्म या भाषा के नाम पर हमेशा डर में जीते हैं? क्या हम इन पीड़ाओं को समझने के लिए कभी रुके? अगर हम इन सवालों को बस 'समाचार' की तरह पढ़कर भूल जाएंगे, तो हम भी दोषी होंगे - इस देश को कमजोर करने के।

हमारे संविधान ने हमें पंथनिरपेक्षता, समानता, स्वतंत्रता और बंधुता जैसे मूल मूल्य दिए हैं। पर यह शब्द सिर्फ संविधान की किताब तक सीमित नहीं होने चाहिए। इन्हें हमारे जीवन, हमारे व्यवहार, हमारी भाषा और हमारे रिश्तों में उतरना होगा। 'हम भारत के लोग' का मतलब है कि हम पहले लोग हैं – धर्म या जाति बाद में आते हैं। एकता सिर्फ भाषण नहीं, ज़िम्मेदारी है। हमने संविधान में लिखा है - 'हम भारत के लोग...' पर क्या हम अब भी 'एक लोग' हैं? या फिर हम अब हिंदू-मुसलमान, ऊँच-नीच, उत्तर-दक्षिण, 'हम और वो' में बँट गए हैं? एकता सिर्फ नारा नहीं, एक ज़िम्मेदारी है। एक ऐसी जिम्मेदारी जिसे निभाने के लिए हर नागरिक को सजग रहना होगा। आज जब देश के सामने इतनी चुनौतियाँ हैं- आर्थिक संकट, बेरोज़गारी, पर्यावरण की तबाही, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली- तब हम अगर आपस में लड़ेंगे, तो जो बचेगा वो सिर्फ राख होगी। हमें अब 'देश चलाना' नहीं, देश को बनाना है। वो देश जो गांधी के सपनों का था - जहाँ करुणा हो, संवाद हो, और सबसे बड़ी बात - इंसानियत हो। गाँधी ने कहा था कि अगर हिंसा का जवाब हिंसा से दोगे, तो अंततः सच्चाई और इंसानियत हार जाएगी। हमें अब वही गांधी चाहिए - हमारे भीतर।

यह युद्ध विराम कोई जश्न का अवसर नहीं है, यह एक चेतावनी है – कि अब चेत जाओ। यह सिर्फ एक पड़ाव है, मंज़िल नहीं। सरकारें फिर से अपने-अपने काम में लग जाएँगी। नेता फिर रैलियाँ करेंगे, पार्टियाँ आएँगी- जाएँगी। पर हमें तय करना है कि क्या हम फिर वहीं लौटेंगे जहाँ से ये सब शुरू हुआ था ? या अब हम इस बार कुछ अलग करेंगे ? एक संकल्प - जिससे देश भी बचे और इंसानियत भी। हमें अपने घर, मोहल्ले, गाँव, कॉलेज, ऑफिस - हर जगह संवाद शुरू करना होगा। एक-दूसरे को सुनना, समझना और जोड़ना होगा। अगर कहीं कोई नफरत बो रहा है, तो हमें दो गुना प्रेम बोना होगा। मस्जिद और मंदिर से ज्यादा ज़रूरत अब दिलों को जोड़ने की है। अगर नफरत बोई गई है तो अब प्रेम बोना भी हमारी ही जिम्मेदारी है। हमें नफरत के हर बीज को पहचानना होगा- चाहे वो सोशल मीडिया पर फैलाया गया झूठ हो, या किसी चाय की दुकान पर की गई ज़हरीली बात। हमें उसे वहीं रोकना होगा। और यह काम कोई कानून नहीं कर सकता, यह हम कर सकते हैं, अपने व्यवहार से, अपने संवाद से, अपने उदाहरण से।

यह सिर्फ युद्ध विराम नहीं है - यह एक अवसर है। भारत को मजबूत बनाने का। एक ऐसा भारत जो अंदर से भी उतना ही मजबूत हो, जितना बाहर से दिखता है। और यह काम सरकारों से ज़्यादा हम सबको करना है। क्योंकि लोकतंत्र सिर्फ वोट देने से नहीं चलता, बल्कि हर रोज़ मानवीय और न्यायपूर्ण समाज की नींव रखने से बनता है।यह देश सिर्फ सरकारों का नहीं, यह हमारा है - हर उस बच्चे का है जो स्कूल में पढ़ाई का सपना देखता है, हर उस माँ का है जो चाहती है कि उसका बच्चा सुरक्षित घर लौटे, हर उस मजदूर का है जो पसीना बहाकर देश को चलाता है।

चलो, अब बनाना शुरू करें। वरना फिर कोई युद्ध हमें फिर से वहीं ले आएगा, जहाँ से इंसान ने सोचना ही छोड़ दिया था। हमारे देश की सीमाएँ सिर्फ ज़मीन नहीं हैं, वहाँ भी दिल धड़कते हैं।कश्मीर से कन्याकुमारी तक हम कहते हैं कि भारत एक है – पर क्या यह 'एकता' सिर्फ नारा बनकर रह गई है? क्या हम उन सीमावर्ती इलाकों के लोगों के बारे में सोचते हैं, जो रोज़ आतंक, भूख और असुरक्षा के बीच ज़िंदगी जीते हैं? जब हम कहते हैं कि 'वो ज़मीन हमारी है', तो क्या हम ये भी कहते हैं कि 'वो लोग भी हमारे हैं'? क्या हमने कभी उनकी रोटी, कपड़ा, मकान और शिक्षा की चिंता की है? अगर नहीं की- तो अब करनी होगी।क्योंकि देश सिर्फ नक्शे में खींची लकीरों से नहीं बनता, वह बनता है उन लोगों से, जो उन लकीरों के उस पार जी रहे हैं। हमारी असली एकता तभी होगी जब देश के हर कोने में रहने वाला नागरिक खुद को उतना ही भारतीय महसूस करे जितना राजधानी में बैठा कोई मंत्री करता है। अब हमें सिर्फ ज़मीन नहीं, वहाँ के लोगों को भी अपना मानना होगा। तभी असल में भारत एक होगा- और तब युद्ध नहीं, संवाद होगा। एकता की मिसाल लेकर निकलना है, अपने अंदर से लोगों के प्रति सम्मान रखना है, और हर कोने को मजबूत करना है - लोगों की एकता से। यही है हमारा अंतिम संदेश।

अध्यात्म

## धैर्य से काम लेने मे ही समझदारी है



एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गाँव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहाँ बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था।

शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते वहीं दूसरी ओर कुछ लोग जो धैर्यशील होते हैं वो व्याकुल नहीं होते और कुछ समय बाद गंदगी रूपी समस्याएँ और दुख खुद ही ख़त्म हो जाते हैं। तो मित्रों, इस कहानी की सीख यही है कि समस्या और बुराई केवल कुछ समय के लिए जीवन रूपी पानी को गंदा कर सकती है। लेकिन अगर आप धैर्य से काम लेंगे तो बुराई खुद ही कुछ समय बाद आपका साथ छोड़ देगी

# एक घर, कई दिल, यही है असली परिवार

**परिवार की मज़बूती केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है। यह वह आधार है, जिस पर समाज और राष्ट्र का भविष्य टिका है। एक सशक्त परिवार ही नैतिकता, सहानुभूति और सामाजिक ज़िम्मेदारी के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुँचाता है। पर आज हमें यह आत्मनिरीक्षण करना होगा - क्या हम अपने परिवार को वह समय, प्रेम और सम्मान दे रहे हैं, जिसका वे हकदार हैं? क्या हम अपने बुजुर्गों की कहानियों को सुनते हैं, बच्चों के सपनों को समझते हैं, और रिश्तों को स्नेह के धागे से बुनते हैं? अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमें यह सिखाता है कि परिवार केवल साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि एक-दूसरे के लिए जीने का वादा है। यह हमें याद दिलाता है कि रिश्तों को सींचने के लिए समय, संवाद और समर्पण की ज़रूरत होती है। सरकारें और सामाजिक संगठन परिवारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता दे सकते हैं, पर असली बदलाव तभी आएगा, जब हम अपने घर की चौखट से शुरुआत करें।**

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

परिवार वह पवित्र आलिंगन है, जहाँ जीवन की पहली साँस प्रेम की गर्माहट में खिलती है, जहाँ हर आंसू विश्वास की गोद में सुकून पाता है, और जहाँ सपनों को संस्कारों के पंख मिलते हैं। यह केवल रक्त का बंधन नहीं, बल्कि वह जीवंत धड़कन है, जो समाज की नींव को अटल रखती है, संस्कृति को अमर बनाती है और राष्ट्र को गौरव देती है। परिवार वह पहला गुरुकुल है, जहाँ इंसान न केवल बोलना-चलना सीखता है, बल्कि हँसना, रोना, माफ करना और जीवन की हर चुनौती को गले लगाना भी सीखता है। यह वह आश्रय है, जो तूफानों में ढाल बनता है और खुशियों को सातवें आसमान तक पहुँचाता है। इसी अनमोल बंधन की महत्ता को रेखांकित करने के लिए हर वर्ष 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। यह दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक वैश्विक आह्वान है - परिवार को सशक्त करने, इसकी चुनौतियों को परास्त करने और इसके प्रेम को चिरस्थायी बनाने का।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1993 में इस दिवस की नींव रखी, और 1994 से यह विश्व भर में एक सशक्त मंच के रूप में उभरा है। यह परिवार की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक भूमिका को न केवल उजागर करता है, बल्कि आधुनिक युग की जटिलताओं से उत्पन्न खतरों पर भी गंभीर चिंतन की माँग करता है। आज वैश्वीकरण, शहरीकरण और तकनीकी क्रांति ने जीवन को अभूतपूर्व गति दी है, लेकिन परिवार के मूल ढाँचे को भी गहरे रूप से हिला दिया है। संयुक्त परिवार, जो कभी हँसी-खुशी और सहयोग का प्रतीक थे, अब टूटकर एकल परिवारों में सिमट रहे हैं। रिश्तों में स्नेह की जगह औपचारिकता ने ले ली है, और आपसी संवाद को सन्नाटे ने घेर लिया है। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट ने हमें वैश्विक गाँव से जोड़ा, पर अपनों से दूर कर दिया। माता-पिता के पास बच्चों के लिए समय नहीं, बच्चे डिजिटल दुनिया में खोए हैं, और बुज़ुर्ग उपेक्षा के साये में जी रहे हैं। यह वही परिवार है, जो कभी हमारी सबसे बड़ी ताकत था। क्या हमने इसे खोने का जोखिम मोल लिया है?

इस वर्ष, 2025 में, अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम 'परिवार और जलवायु कार्रवाई- एक स्थायी भविष्य का निर्माण' एक क्रांतिकारी संदेश लेकर आई है। यह थीम हमें चेताती है कि जलवायु परिवर्तन कोई सुदूर समस्या नहीं, बल्कि हर परिवार की चौखट पर दस्तक देने वाला संकट है। बढ़ता तापमान, जल संकट, बाढ़, सूखा, खाद्य असुरक्षा और प्राकृतिक आपदाएँ हर घर को प्रभावित कर रही हैं। यह केवल सरकारों या पर्यावरणविदों की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि हर परिवार का कर्तव्य है कि वह इस वैश्विक चुनौती के खिलाफ़ खड़ा हो। परिवार वह पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और ज़िम्मेदारी का बीज बोया जा सकता है। छोटे-छोटे कदम- जैसे बिजली और पानी की बचत, प्लास्टिक का बहिष्कार, वृक्षारोपण, रीसाइक्लिंग



और जैविक जीवनशैली को अपनाना - न केवल पर्यावरण को बचाएंगे, बल्कि परिवार के सदस्यों को एक साझा लक्ष्य के लिए एकजुट भी करेंगे।

बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाने की शुरुआत घर से होनी चाहिए। माता-पिता, दादा-दादी और बड़े भाई-बहन मिलकर उन्हें प्रकृति का सम्मान करना सिखाएँ। एक बच्चा जो पेड़ लगाना, पानी बचाना और कचरे को कम करना सीखता है, वह न केवल पर्यावरण का रक्षक बनेगा, बल्कि एक ज़िम्मेदार नागरिक भी। परिवार मिलकर सामुदायिक स्तर पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान या ऊर्जा संरक्षण जैसे कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ये गतिविधियाँ न केवल धरती को हरा-भरा बनाएँगी, बल्कि परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम और एकता को भी गहरा करेंगी। सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों और शिक्षण संस्थानों को भी परिवारों को जागरूक करने और उन्हें संसाधन उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जब हर परिवार पर्यावरण के लिए अपने कर्तव्य को समझेगा, तभी हम एक स्थायी और समृद्ध भविष्य की नींव रख सकेंगे।

लेकिन परिवार की मज़बूती केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है। यह वह आधार है, जिस पर समाज और राष्ट्र का भविष्य टिका है। एक सशक्त परिवार ही नैतिकता, सहानुभूति और सामाजिक ज़िम्मेदारी के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुँचाता है। पर आज हमें यह आत्मनिरीक्षण करना होगा - क्या हम अपने परिवार को वह समय, प्रेम और सम्मान दे रहे हैं, जिसका वे हकदार हैं? क्या हम अपने बुज़ुर्गों की कहानियों को सुनते हैं, बच्चों के सपनों को समझते हैं, और रिश्तों को स्नेह के धागे से बुनते हैं? अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमें यह सिखाता है कि परिवार केवल साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि एक-दूसरे के लिए जीने का वादा है। यह हमें याद दिलाता है कि रिश्तों को सींचने के लिए समय, संवाद और समर्पण की ज़रूरत होती है। सरकारें और सामाजिक संगठन परिवारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता दे सकते हैं, पर असली बदलाव तभी आएगा, जब हम अपने घर की चौखट से शुरुआत करें।

अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जागृति का आलम है। यह हमें यह सिखाता है कि परिवार वह अनमोल खज़ाना है, जिसे समय, विश्वास और प्रेम से सहेजना होगा। यह दिवस हमें प्रेरित करता है कि हम अपने परिवार को सिर्फ़ एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन प्राथमिकता दें। हम अपने बच्चों को पर्यावरण का रक्षक बनाएँ, बुज़ुर्गों का सम्मान करें, और रिश्तों में प्रेम का दीप जलाएँ। क्योंकि जब परिवार एकजुट और सशक्त होगा, तभी समाज में सकारात्मकता, धरती पर हरियाली और विश्व में शांति का सूरज उगेगा। आइए, इस अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर हम संकल्प लें कि हम अपने परिवार को समय, स्नेह और समर्पण का उपहार देंगे। हम न केवल धरती को बचाने की शपथ लेंगे, बल्कि अपने रिश्तों को भी प्रेम और विश्वास के रंगों से सजाएँगे। क्योंकि परिवार नहीं, तो कुछ भी नहीं - यही जीवन का सत्य है, यही अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस का अमर संदेश है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में झड़प होने की सम्भावना है। इससे मन अशान्त हो सकता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले आपको इष्ट मित्रों से सलाह ले लेनी चाहिये।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में समृद्धि का वातावरण रहेगा। बुजुर्गों के अनुभवों से सीखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन**
शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। आपकी निर्णय क्षमता में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कर्क**
सरकारी अधिकारियों को जॉब में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सन्तान के व्यवहार से आपको लज्जित होना पड़ सकता है।

**सिंह**
दिन आपकी आशाओं पर खरा उतरता प्रतीत नहीं हो रहा है। धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
पति-पत्नी आज काफी रोमान्टिक मूड में हो सकते हैं। अपनी विचारधारा का प्रभाव लोगों पर छोड़ पायेंगे। व्यवसाय से होने वाली आय में वृद्धि होगी।

**तुला**
समाज में आपकी विशेषताओं पर चर्चा हो सकती है। ससुराल पक्ष से कुछ मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है।

**वृश्चिक**
कारोबार विस्तार के लिये नये तरीकों का प्रयोग करना हितकर होगा। अधिकतर कार्य आपको अपने ही दम पर और बिना किसी समर्थन के करने पड़ेंगे।

**धनु**
विदेशी कम्पनी से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। नींद न आने के कारण सिरदर्द और थकान की समस्या हो सकती है। व्यापारियों को नयी डील करने से पहले जाँच-परख कर लेनी चाहिये।

**मकर**
सन्तान की उपलब्धियों से उत्साहित रहेंगे। मित्र आपकी परेशानियों को समझेंगे और उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे। साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को धन लाभ और सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ**
नये कार्यों में निवेश शुरू कर सकते हैं। व्यावसायिक अनुबन्धों को समय से पूर्ण कर लेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी सम्बन्ध मजबूत होंगे।

**मीन**
आप कुछ उधार लेना चाह रहे हैं तो आपको थोड़ी सावधानी रखनी होगी। विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है।

# दलित छात्रों के साथ शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम

## सदर प्रखंड के अंबेडकर नगर भर्रा में दलित छात्रो से की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** कांग्रेस की सोलापुर महाराष्ट्र की सांसद प्रणीति शिंदे ने शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में शुक्रवार को रजौरा के पश्चात सदर प्रखंड के अम्बेदकर नगर भर्रा में दलित छात्रो से मुलाकात की। संवाद कार्यक्रम के तहत इस मुलाकात में सुश्री शिंदे ने छात्रो से उनकी समस्याओं के सन्दर्भ में बात की। भविष्य में कांग्रेस की सरकार के दौरान उनके निराकरण का भरोसा दिया। छात्रों ने मुख्य रूप से एससी एसटी छात्रों को सरकारी शिक्षा लोन में हो रही परेशानी, छात्रावास में आधारभूत संरचनाओं के अभाव, शिक्षकों की कमी, डिग्री के उपरांत रोजगार के अवसरों की अनुपलब्धता, और आरक्षण के दायरे के सन्दर्भ में सवाल किया। शिंदे ने छात्रों को स्पष्ट किया कि शिक्षा के मामले में कांग्रेस की विचारधारा स्पष्ट है। राहुल गांधी की विचारधारा यही है कि समाज को आगे ले जाने का सबसे कारगर हथियार है। समाज के पिछड़े वर्ग और अंतिम पायदान पर के लोगों को इसकी खास जरूरत है। बिहार के सरकार के लिए शिक्षा प्राथमिकता नही है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी आपकी लड़ाई हर स्तर पर लड़ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार की प्राथमिकता सूची में शिक्षा होगी और आपके हर समस्या को निश्चित रूप से हल करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। शिंदे ने इसके लिए कांग्रेस शासित प्रदेशों को उदाहरण के तौर पर पेश किया। सदर बेगूसराय की पूर्व विधायक अमिता भूषण ने स्पष्ट कहा कि हम जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं। आपका भरोसा हम कायम रखेंगे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अभय कुमार सिंह सारजन, नंदकिशोर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, नगर अध्यक्ष सोशल मीडिया के मोहित कुमार, आर्यन कुमार, रामभरोस यादव, अंशु कुमार, राजा कुमार, अजित कुमार, श्याम कुमार, लालू कुमार, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# रिश्वत मांगने के वायरल ऑडियो के आधार पर एसपी ने एक पुलिसकर्मी को किया निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** सोशल मीडिया में भ्रष्ट अधिकारियों के अवैध उगाही से जुड़े ऑडियो/वीडियो क्लिप वायरल करने का सिलसिला चल पड़ा है। जिसमें मामला निपटाने केलिए रिश्वत मांगने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ गई है। इससे जुड़े फोन कॉल के ऑडियो इन दिन खूब वायरल हो रहे हैं। हालांकि समस्तीपुर एसपी अशोक मिश्रा वायरल हो रहे ऑडियो की जांच व सत्यापन के बाद एक्शन भी ले रहे हैं। अभी बुधवार को ऐसे ही एक मामले में एसपी श्री मिश्रा ने वायरल ऑडियो के जांच व सत्यापन के बाद जिले के लरझाघाट थाने में पदस्थापित एएसआई सुबोध कुमार को निलंबित किया था। अभी यह मामला ठंडा भी नही हुआ था कि इसी कड़ी मे एक और वायरल ऑडियो के सत्यापन के बाद कार्रवाई करते हुए उन्होंने 15 मई की रात दलसिंहसराय थाने के डायल-112 वाहन पर तैनात एएसआई रामयश राय को निलंबित कर दिया है। इस बाबत मिली जानकारी के मुताबिक एएसआई रामयश राय का गुरुवार को एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें ढ़ेपुरा गांव का एक युवक अपने परिवार के माता, पिता व भाई को सहित चार लोगों पर हुए केस में उनसे फोन करते हुए मुलाकात करने की बात कही। साथ ही तीन हजार रुपये देने की पेशकश की। इस पर रामयश राय ने कहा, तुम नेताजी से भेंट नहीं किए थे इसके बाद नेताजी भी फोन पर आ जाते हैं कहते हैं, इसको भेज रहे हैं तीन हजार लेकर। यह सुनते ही रामयश राय ने कहा, चार अभियुक्त हैं तो तीन हजार में कैसे होगा। आप इसको बैठा के रखिए हम आते हैं। इस ऑडियो के वायरल होने के बाद एसपी श्री मिश्रा ने गुरुवार की रात एएसआई राय को निलंबित कर दिया व निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र समस्तीपुर निर्धारित किया गया है।

## एक नजर

### बच्चों की कम उपस्थिति पर बीईओ ने वेतन रोका

**समस्तीपुर/बिथान (नवबिहार टाइम्स संवाददाता) ।** बीईओ मनोज कुमार मिश्रा ने प्रखंड के कई विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्राथमिक विद्यालय लरझा घाट में नामांकित छात्र-छात्राओं की तुलना में उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई। उपस्थिति कम देख बिफरे बीईओ ने तत्काल प्रभाव से प्रत्येक संबंधित विद्यालय के एचएम समेत सभी शिक्षकों का 15 मई का वेतन रोकने का निर्देश दिया। कहा जब तक नामांकन के अनुपात में छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक वेतन जारी नहीं की जाएगी।

### पांच माह बाद मिली मुआवजे की राशि

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पांच माह बाद नदी में डूबने से मौत हुए परिजन के खाते में आए पैसे परिजनों में हुई तसल्ली। बखरी थाना क्षेत्र के राटन पंचायत के बभैन वार्ड 10 निवासी 60 वर्षीय विंदेश्वरी महतो का 3 नवंबर 24 को भैंस धोने के दौरान चंद्रभागा नदी में डुबने से मौत हो गयी थी। ठीक उसी वक्त बिहार के सीएम नीतीश कुमार का प्रगति यात्रा चल रहे थे। जिलाधिकारी के अश्वासन पर पीड़ित परिवारों को बखरी सीओ द्वारा बताया गया कि मृतक के परिवार वालों को मुख्यमंत्री द्वारा बेगूसराय के मटिहानी प्रखंड के मनियप्पा पंचायत में दिया जाएगा। लेकिन परिवार वाले बेगूसराय से ही वापस लौट आए जिसके कारण उन लोगों को 4 लाख का चेक नहीं मिल पाया। उसके बाद मृतक के परिजनों में चिंता का माहौल हो गया, अब पैस मिलेगा या नहीं। लेकिन बखरी अंचलाधिकारी एवं राटन पंचायत के उप मुखिया अजित कुमार के मेहनत से मृतक बिंदेश्वरी महतो के पतोहु बिना देवी के खाते 4 लाख रुपए सुरक्षित मिल गया। पैसे मिलने के साथ परिवार वालों में काफी खुशी देखी गई और पदाधिकारी को धन्यवाद दिया।

### शादीशुदा महिला अगवा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के विष्णुपुर पंचायत के सैदपुर से एक शादीशुदा महिला का अगवा करने का मामला थाने में दर्ज कराया गया है। अपहृता के पति ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्नी का अपहरण करने की आशंका जताई है। उसने बताया कि मै जालंधर में रहकर मजदूरी करता हूँ। 10 मई को मेरी पुत्री ने मोबाइल फोन पर सूचना दी कि मम्मी दिन में ही नावकोठी बाजार दवा खरीदने गई थी वह अभी तक लौट कर नहीं आई है। मुझे आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति शादी के नीयत से इसका अपहरण कर लिया है। इसके पास के मोबाइल फोन का स्वीच बंद आ रहा है। उसने इसके खोजबीन की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कांड अंकित कर खोजबीन शुरू कर दिया है।

### शिक्षा समिति की बैठक

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर प्रखंड में बृहस्पतिवार को रसलपुर पंचायत के कन्या मध्य विद्यालय दहिया में शिक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष बबी राय के अध्यक्षता में शिक्षा समिति का गठन किया गया। एवं सर्व समिति से खुशबू कुमारी को सचिव बनाया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं ग्रामीण समाजसेवी प्रवीण शेखर,टुना राय, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य केंद्र में होगी ईसीजी जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बखरी में पहली बार हृदय गति जांच यंत्र (ईसीजी मशीन) की स्थापना की गई। इसका विधिवत उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी कुमार सौरव एवं डीएसपी कुंदन कुमार के द्वारा किया गया। इस मशीन के संचालन से बखरी क्षेत्र के लाभार्थियों को हृदय संबंधी बीमारियों की समय रहते पहचान करने में मदद मिलेगी, जिससे हृदय आघात जैसी गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। उद्घाटन के तुरंत बाद कई लाभार्थियों का ईसीजी परीक्षण किया गया, जिससे उन्हें तत्काल लाभ मिला।एसडीएम श्री सौरव ने कहा यह बखरी के लिए गर्व की बात है कि यहां ईसीजी जैसी उन्नत जांच सुविधा अब उपलब्ध है। हम सभी सरकारी कार्यालयों के कर्मियों से आग्रह करते हैं कि एनसीडी कार्यक्रम के तहत मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं ईसीजी की नियमित जांच करवाएं। पटना से आए ईसीजी कोअर्डिनेटर मनजीत कुमार द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को मशीन के उपयोग एवं रखरखाव का प्रशिक्षण दिया गया। डा. दीपक कुमार सिंह ने बताया कि यह मशीन पूर्णतः डिजिटल है। जांच के उपरांत रिपोर्ट लाभार्थी के मोबाइल नंबर पर सीधे भेज दी जाती है। कार्यक्रम में बीसीएस सुरेंद्र कुमार, पर्यवेक्षक रणधीर कुमार, फार्मासिस्ट प्रभात कुमार, अंकुर कुमार, रतन कुमार, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार थे।

# चौपाल कार्यक्रम में महिलाओं ने बेबाकी से रखी अपनी राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बड़हरा विधानसभा की बेटी व समाजसेवी सोनाली सिंह के द्वारा बड़हरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फरना गांव में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिवचर्चा के पावन अवसर पर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र से हजारों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल हुईं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना। चौपाल की शुरुआत वैदिक रीति-रिवाजों के साथ शिवचर्चा से की गई। जिसमें गांव की महिलाओं ने भाग लिया और ढोल-झाल बजाने के साथ भक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया गया। इस अवसर पर सोनाली सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महिला चौपाल न केवल धार्मिक



आयोजन है बल्कि यह महिलाओं को एक मंच भी प्रदान करता है जहां वे अपने विचार साझा कर सकें और सामाजिक मुद्दों पर संवाद स्थापित कर सकें। सोनाली सिंह ने हजारों महिलाओं के बीच साड़ी वितरित की। इस पहल ने महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान ला दी और उन्हें सम्मान का अहसास कराया। सोनाली सिंह ने कहा कि यह केवल एक साड़ी नहीं, बल्कि महिलाओं के प्रति एक सम्मान और समाज में उनके योगदान को मान्यता देने का एक प्रयास है। चौपाल में महिलाओं ने अपने अनुभव को साझा की और कई सामाजिक विषयों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य व घरेलू हिंसा पर खुलकर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं के अलावा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं थीं। स्थानीय लोगों ने सोनाली सिंह के इस प्रयास की जमकर सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इस आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि जब किसी महिला को समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है, तो वह पूरे समाज को जागरूक और संगठित कर सकती है। सोनाली सिंह ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का संकल्प लिया, जिससे ग्रामीण महिलाएं आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें।

# गुलजारपुर महायज्ञ में नशा को किया जायेगा स्वाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के सहार में समाज में नशाखोरी अब आधुनिकता का पर्याय बनता जा रहा है । सुखा नशा के तमाम दुर्गुणों को जानते-समझते हुए भी लगातार नये लोग इसके आदी हो रहे हैं। समाज की रीढ समझे जाने वाला युवा वर्ग का भविष्य अंधकारमय हो गया है जिसके लिए युवाओं को सद्बुद्धि लेते हुए त्याग करने की जरूरत है। उक्त बातें जनसुराज पार्टी के प्रांतीय नेता व अधिवक्ता घनश्याम राय ने गुलजारपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भाग लेने के



दौरान पत्रकारो से बातचीत के क्रम में कही। उन्होने कहा कि जिले के दक्षिणी इलाके में तो नशा घर की खुशहाली का ही नाश कर रहा है। इसलिए आवश्यक है कि गुलजारपुर में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भगवान युवा वर्ग को ऐसी सद्बुद्धि दें कि पूरा सहार क्षेत्र 'नो स्मोकिंग जोन' बनकर बिहार में ख्यातिप्राप्त कर सके। उन्होने कहा कि आज सहार की फिजां में तैरता सुखा नशा खास कर हेरोइन, चरस व अफीम का जहर सबसे ज्यादा गरीब व कमजोर तबके के लोगों को को प्रभावित कर रहा है। परिणामस्वरूप नशेड़ियों के घरों में आर्थिक हानि, बर्बादी ,कलह आम बात हो गई है। उन्होने कहा कि मेरी समझ से तबाही का दूसरा नाम नशा ही है जिसको गुलजारपुर महायज्ञ में स्वाहा कर हीं ''युवा सहार को प्रबुद्ध सहार'' बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाया जा सकता है।

# प्रशासन किसानों को पुश्तैनी जमीन पर संरक्षण दे : माले

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपा-माले ने समाहरणालय द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। शुक्रवार को माले नेताओ ने तेतरी के किसानों की थाना नंबर 297 की पुश्तैनी जमीन पर बेदखल करने की साजिश के खिलाफ धरना दिया। दबंगों पर कार्रवाई करने और किसानों को जोत-आबाद करने को प्रशासनिक संरक्षण देने की मांग की। साथ ही सरकारी जमीन पर बसे गरीबों को वासभूमि-आवास देने की मांग की। जिलासचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा कि सैकड़ों किसानों की जमीन गंडक कटाव के कारण नदी में समाहित हो गया था जिससे भूखमरी की समस्या झेल रहे थे।

# चुनाव के लिए खम ठोक रहे उम्मीदवारों में डा. मनोज का पलड़ा भारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जैसे जैसे चुनाव के दिन करीब आते जा रहे हैं फिंजा में चुनावी रंग चढता जा रहा है। चौक-चैराहों पर, चाय-पान की दुकानों पर, बैठक चैपालो पर जहां भी 4 लोग जुटे कि चुनाव की चर्चा शुरू हो जाती है। अभी बातचीत का लब्बोलुआब चुनावी माहौल की संभावनाओं और संभावित प्रत्याशियों पर ही केन्द्रित है। समस्तीपुर विधानसभा की बात करें तो फिलहाल समस्तीपुर विधानसभा सीट पर समाजवादियों का एकाधिकार है। विगत तीन बार से राष्ट्रीय जनता दल के अख्तरूल इस्लाम शाहीन जीत कर विधानसभा जा रहे हैं। शाहीन के



जीत का कारण उनके विरूद्ध शीर्ष नेतृत्व द्वारा कमजोर उम्मीदवार देना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों में चर्चा आम है कि समस्तीपुर में लम्बे समय से समाजवादी नेताओं का बोलबाला रहा है। विगत चुनाव में जदयू प्रत्याशी अश्वमेध देवी को करीब 4700 मतों से पराजय मिली थी। लोगों का मानना है कि अश्वमेध देवी वीवीआईपी कल्चर की शिकार हैं। आम लोगों में उनकी पहुंच और पकड़ काफी कमजोर है। लकिन वीवीआईपी होने के कारण उपजा जनाक्रोश उनकी हार का कारण बना। लोगों से जब संवाददाता ने जदयू और राजद की संभावना प्रतिशत की बात कही तो उन्होंने छूटते ही कहा कि यह तो इस बात पर निर्भर करता है कि पार्टी ने टिकट किसे दिया। यदि जदयू ने राजनीति की दुनिया में नये मगर जनता के बीच मजबूत पकड वाले समाजसेवी डॉ मनोज कुमार सिंह को टिकट दिया तो जीत का प्रतिशत जदयू के पक्ष में जा सकता है। वहीं यह भी देखना होगा कि इंडिया गठबंधन राजद के परंपरागत सीट पर वर्तमान विधायक पर ही अपना दाव खेलती है या कांग्रेस के सन्नी हजारी पर भरोसा जताती है। शाहीन के प्रति लोगों में व्याप्त असंतोष जदयू की जीत का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। अगर उनकी जगह इंडिया गठबंधन ने किसी नये प्रत्याशी पर दांव खेला तो मामला दिलचस्प होने के प्रबल आसार बनेंगे है। लोगों के मुताबिक डॉ मनोज सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर, समय समय पर जरूरत मंदों की सहायता आदि गतिविधियों से लोगों के बीच खासे लोकप्रिय हैं। ऐसे में उनका चुनाव में उतरने की खबर ही इंडिया गठबंधन सहित विपक्ष के सभी दावेदारों की नींद उडाने केलिए काफी है।

# समर कैंप के सफल आयोजन को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** तिरहुत एकेडमी के सभागार में समर कैंप 2025 के सफल आयोजन हेतु जिले के सभी प्रखंड के चयनित शिक्षकों एवं अन्य संस्थान के प्रतिनिधियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन डीपीओ एसएसए मानवेंद्र कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कार्यशाला का प्रारंभ परिचय सत्र के साथ-साथ समर कैंप पोस्टर एवं कमाल गणितीय कैंप मैन्युअल पोस्टर के विमोचन से किया। उन्होंने विषय प्रवेश के रूप में समर कैंप के आयोजन की महत्ता के बारे में विस्तृत रूप से बताया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रमंडलीय



समन्वयक हेमंत कुमार ने समर कैंप से संबंधित असर 2024 मूल्यांकन पत्र की जांच प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने समर कैंप के मैन्युअल पठन-पाठन की समय सारणी, लक्षित बच्चों का चिन्हीकरण प्रक्रिया एवं समर कैंप से संबंधित आंकड़ा संग्रह पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के सभी विद्यालयों के वर्ग 5 एवं 6 के सभी बच्चों का असर टूल्स के माध्यम से जांचोपरांत वर्गीकरण कर शैक्षणिक रूप से गणित में कमजोर बच्चों के लिए 10 से 15 बच्चों का एक समूह बनाकर विद्यालय के पोषक क्षेत्र से चयनित स्वयंसेवक के द्वारा समुदाय आधारित समर कैंप सुबह 07 से 09 बजे तक डेढ़ घंटा के लिए संचालित की जाएगी। विद्यालय या गांव स्तर पर संचालित कार्यक्रम एवं मूल्यांकित किए गए बच्चों का सत्यापन एवं अनुश्रवण व अनुसमर्थन जिला एवं प्रखंड टीम के द्वारा किया जाएगा। समर कैंप का संचालन 2 जून से 21 जून तक किया जाएगा। सभी विद्यालय के पोषक क्षेत्र में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, जीविका, डायट पूसा, कौशल विकास केंद्र, स्काउट एंड गाइड, शिक्षा सेवक एवं तालिमी मरकज एवं अन्य संस्थाओं द्वारा तैयार किए गए स्वयंसेवकों के माध्यम से समर कैंप का संचालन किया जाएगा। इस कार्य में शिक्षा सेवक एवं तालीमी मरकज के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा चिन्हित स्वयंसेवकों के द्वारा भी कैंप के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। समर कैंप के बेहतर सफल संचालन हेतु डीपीओ एसएसए ने सभी प्रखंड के चयनित शिक्षकों नोडल पीओसी को कड़ा निर्देश दिया कि समय-सीमा के अंदर कार्य दायित्व का निर्वहन तथा अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

# यूआर कॉलेज में दो दिवसीय सम्मेलन की तैयारी पूरी : डा. घनश्याम राय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

समस्तीपुर। बिहार समाज विज्ञान अकादमी की चतुर्थ समाज विज्ञान सम्मेलन का आयोजन उदयनाचार्य रोसड़ा महाविद्यालय, रोसड़ा में 17 और 18 मई को आयोजित होने जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न विषयों के मूर्धन्य विद्वान और अनेक विषयों के ज्ञाता यू आर कॉलेज रोसड़ा के परिसर में पधार चुके हैं। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता प्रो संतोष के कार, प्रो सुबोध नारायण 'मालाकार' जेएनयू ,प्रो सुधीर चंद्र जेना, उत्कल यूनिवर्सिटी, डॉ अनिल दत्त मिश्रा,



गांधियन थॉट, न्यू दिल्ली, डॉ डी एम दिवाकर अर्थशास्त्री प्रो डॉ लाल बाबू यादव, अध्यक्ष, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी सम्मेलन का उद्घाटन करेंग। इस कार्यक्रम के आयोजन संयोजक डॉ घनश्याम राय ने बताया कि सम्मेलन और सेमिनार की तैयारी पूर्ण कर ली गई है और आगत अतिथियों का समुचित सम्मान महाविद्यालय और इस संस्थान के द्वारा किया जाएगा। मुख्य रूप से इस आयोजन से इस क्षेत्र में शोध और लेखन के कार्यों को गति प्रधान हो इसको विशेष बल मिलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य वक्ताओं के वक्तव्य के साथ तकनीकी सत्र में विभिन्न विषयों के शोधार्थी और प्राध्यापक को के द्वारा उनकी पत्रों को पढ़ा जाएगा। अबतक तीन सौ से ज्यादा प्रतिभागियों की आने की सूचना है। अबतक पचास से ज्यादा प्रतिभागी रोसड़ा पहुंच चुके हैं। सभी को महाविद्यालय में स्थित छात्रावास में ठहरने की व्यवस्था की गई है।

# डीआईजी ने जनता दरबार में सुनी फरियाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय सह खगड़िया रेंज के पुलिस उप-महानिदेशक कार्यालय में डीआईजी आशीष भारती ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें दर्जन भर से ज्यादा फरियादियों के मामलों की जन सुनवाई की गयी। डीआईजी आशीष भारती ने लोगों की बारी-बारी से फरियाद सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से आये फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्या डीआईजी के समक्ष रखा । जिसपर डीआईजी श्री भारती ने संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देश दिये। वहीं कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन उनके द्वारा किया गया। शेष मामले को संबंधित थानाध्यक्ष के समक्ष



निष्पादन के लिए भेजा गया। डीआईजी ने बताया कि सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि जनता दरबार में जो भी मामले आते हैं। उसे त्वरित गति से निष्पादन कर जानकारी दें। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगातार जनता दरबार का आयोजन का किया जा रहा है। जिससे अधिक अधिक से मामले की जन सुनवाई संभव हो रहा है। दूरदराज से आये फरियादियों को लाभ पहुंच रहा है। ज्ञात हो की पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती ने बेगूसराय क्षेत्र कार्यालय में शुक्रवार को आम जनता की समस्याओं को सुना। साथ ही संबंधित पुलिस अधिकारियों को त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। शुक्रवार को 10 फरियादियों की फरियादें सुनी गई।

# खेलो इंडिया के सफल समापन पर सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सफल समापन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी को पूरे टूर्नामेंट के सफल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक कार्यक्रम समापन को लेकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का यह सातवां संस्करण था, जिसमें कुल 28 खेलों को शामिल किया गया था. बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन हुआ। बेगूसराय के दो मैदान यमुना भगत स्टेडियम बरौनी और आइओसीएल रिफाइनरी स्टेडियम बेगूसराय में पुरुष और महिलाओं का फुटबाल महाकुंभ काफी शानदार रहा। पूरा बेगूसराय जिला फुटबॉल खेल में रंगा रहा। यह आयोजन बेगूसराय के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय बन गया है। निःसंदेह बेगूसराय अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों के लिए पूर्णतः तैयार है। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के नेशनल फुटबल टूर्नामेंट के आयोजन की जिम्मेदारी बेगूसराय जिला को को दी गई थी। बेगूसराय में आठ अलग-अलग राज्यों की महिला और पुरुष फुटबल टीम ने इस राष्ट्रीय आयोजन में भाग लिया। जिससे बेगूसराय खेल जगत में एक नए रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने बेगूसराय में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में न केवल युवा खिलाड़ियों के प्रतिभा का उत्सव बना, बल्कि यह बेगूसराय की नव ऊर्जा, नव संरचना और नए बेगूसराय का भी जीवंत प्रमाण बन गया। जिला प्रशासन द्वारा इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए उन्होंने खेल पदाधिकारी ऐश्वर्य कश्यप और अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा राकेश कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, किशन कुमार की विशेष रूप से प्रशंसा किया। इस आयोजन को सफल बनाने में जुटी पूरी प्रबंधन टीम, वालंटियर्स, पुलिस-प्रशासन, आईओसीएल, पत्रकारों एवं जिला वासियों को धन्यवाद दिया। जिनके सामूहिक प्रयास से यह सफल आयोजन हो सका। मौके पर खेल पदाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय फुटबल टूर्नामेंट की मेजबानी बेगूसराय को मिलना जिला पदाधिकारी के ही दृढ़ निश्चय का प्रतिफल है और इसका शानदार समापन उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन का परिणाम है। मौके पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय, अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा, ओएसडी बेगूसराय सहित अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी को कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अहम योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सात होटल प्रबंधकों को जिला में आये सभी खिलाड़ियों को भेजन एवं आवासन की अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, उप विकास आयुक्त बेगूसराय सोमेश माथुर, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय एवं तेघड़ा, भूमि सुधार उप समाहर्ता सह खेल पदाधिकारी, ऐश्वर्य कश्यप, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सांसद ने स्कूल बैग वितरण समारोह का किया उद्घाटन

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण में सही से पढ़ेगा बिहार, बदलेगा बिहार अभियान के अंतर्गत आज मोतिहारी विधानसभा के रायसिंघा मध्य विद्यालय परिसर में स्कूल बैग वितरण समारोह का उद्घाटन सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया। यह केवल एक बैग नहीं, बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। स्कूल बैग हल्का होना चाहिए, जिसमें उचित डिब्बे हों, और इसमें दो गद्देदार और समायोज्य पट्टियां होनी चाहिए जो दोनों कंधों पर आसानी से फिट हो सकें। पहिएदार वाहक की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इससे सीढ़ियां चढ़ते समय बच्चों को चोट लग सकती है। आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित यह पेटेंटेड बैग (संख्या 287945) बच्चों की रीढ़, आंखों और मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है। बच्चों को सही ढंग से बैठकर पढ़ने की सुविधा मिलती है जिससे थकान, सिरदर्द व आंखों की कमजोरी से बचाव होता है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर मठबनवारी चौक के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई जबकि बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक पकड़ीदयाल के एकौना निवासी बच्चा लाल पासवान है जबकि घायल युवक भी उसी गांव का रहने वाला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल मोतिहारी में पोस्टमार्टम कराया और शव को परिजन के हवाले सौंप दिया।

### जनता दरबार में 130 आवेदनकर्ताओं की सुनवाई

**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 130 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया । जनता के दरबार कार्यक्रम मे अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश्वरी पांडे, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, यशवंत कुमार, मंगला कुमारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों ने जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया।

### छह बाल श्रमिकों को कराया विमुक्त

**मोतिहारी।** श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, ढाका के नेतृत्व में ढाका एवं चिरैया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में ढाका एवं चिरैया प्रखंड के पांच प्रतिष्ठानो से छह बाल श्रमिको को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक रमामांत द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना और दो वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, ढाका, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, तुरकौलिया , श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, केसरिया, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, आदापुर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पिपराकोठी, मोतिहारी, प्रयास संस्था, प्रथम संस्था, न्याय नेटवर्क के प्रतिनिधि एवं पुलिस लाइन से छह पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

### केन्द्रीय कारा में बंद कैदी की मौत

**मोतिहारी।** शुक्रवार की अहले सुबह केन्द्रीय कारा मोतिहारी में बंद कैदी की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल में हो गयी है। मृत कैदी जितना थाना क्षेत्र के झंझरा गांव निवासी नथुनी राय का 34 वर्षीय पुत्र शत्रुघ्न राय बताया गया है। उक्त जानकारी कारा अधीक्षक विजय कुमार अरोड़ा ने दी है। उन्होंने बताया कि मृतक घोडासहन थाना कांड सं0- 76/24 जो चोरी व मारपीट के केस में गिरफ्तार होकर 20 फरवरी 25 को केंद्रीय कारा में आया था। आने के पूर्व में ही वह हृदय रोग से ग्रसित था और वह बराबर दवा सेवन करता था। जेल में आने के बाद जेल चिकित्सक द्वारा दवा सेवन की बात बतायी गयी। इसी दौरान 15 मई की रात्रि उसकी तबीयत बिगडने लगी। जिसपर आनन-फानन में जेल प्रशासन द्वारा उसे बेहतर इलाज हेतू सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी है। घटना की सूचना पर नगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया है। वही दूसरी तरफ उक्त मामले में नगर थाना में युपी केस दर्ज कर लिया गया है। नगर कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि युपी केस दर्ज कर पडताल शुरू कर दी गई है।

### चोरों ने उड़ाए गहने और नकदी

**फेनहारा (पूर्वी चम्पारण)।** फेनहारा थाना क्षेत्र के खान पिपरा पंचायत के खान पिपरा गांव में एक घर में घुसकर 50 हजार रुपए के गहने और 80 हजार नकदी चोरों के द्वारा बीती रात्रि में कर लिया गया है। घटना के संबंध में गृह स्वामी वैद्यनाथ सहनी ने बताया कि रात्रि में हम सब परिवार खाना खाकर सो गए थे सुबह परिवार के सदस्य जगे तो दिखा के दरवाजा खुला हुआ है घर में जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था और घर में रखे पचास हजार रुपए का गहना, अस्सी हजार नकद, एक बकरा और बकरी गायब था वही पीड़ित बैद्यनाथ सहनी ने बताया थाना में आवेदन दे दिया हूं थाना अध्यक्ष नीलम कुमारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### कट्टा लहराना युवक को पड़ा भारी, गिरफ्तार

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड क्षेत्र कमाल पिपरा गांव से एक युवक को देशी कट्टा साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस सोशल मीडिया पर वायरल विडियो के आधार पर एक युवक को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया हैं। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया की एक विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था जिसमें एक युवक देशी कट्टा लेकर आर्केस्ट्रा में डांस कर रहा था। वायरल विडियो के आधार पर कमाल पिपरा गांव निवासी,बिंदेश्वरी राम, के पुत्र रंजीत कुमार, को एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, दरोगा संतोष कुमार जायसवाल,अमित कुमार रंजन कुमार पुलिस बल शामिल रहे।

### युवती ने लगाई फांसी, इलाके में सनसनी

**छौड़ादानों (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय यूएस मैरिज हॉल के कमरे संख्या 103 में शुक्रवार को एक युवती का फंदे से लटका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान ब्रह्मपुरा गांव निवासी दिनेश चौधरी की 18 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी के रूप में हुई है, जो स्थानीय कौशल विकास केंद्र में कंप्यूटर प्रशिक्षण ले रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अंशु एक युवक के साथ मैरिज हॉल पहुंची थी और दोनों ने कमरा नंबर 103 बुक कराया था। युवक की पहचान भेलवा पंचायत के बुदुवाहां वार्ड संख्या 06 निवासी कामेश्वर प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है।

# सेना के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पहलगाम आतंकी हमले का भारतीय सेना द्वारा दिया गया करारा जवाब पूरे देश में गर्व और उत्साह का विषय बना हुआ है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नागरिक मंच की ओर से मोतिहारी में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा।



करीब 1500 मीटर लंबे तिरंगे के साथ निकली इस यात्रा में मुस्लिम समुदाय, महिलाएं, अनुसूचित जाति के प्रतिनिधि, युवा वर्ग सहित हर धर्म व जाति के करीब 25,000 लोग शामिल हुए। यात्रा ने राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संदेश दिया और माहौल देशभक्ति नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा, सेना के सम्मान में हम सब हैं मैदान में, सुदर्शन चक्र चलाया है, पाकिस्तान गिड़गिड़ाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले के तुरंत बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान को करारा जवाब देने का साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि विदेश दौरे पर रहने के बावजूद प्रधानमंत्री ने नेतृत्व की कमान संभाली और यह सुनिश्चित किया कि भारत का जवाब सटीक, प्रभावी और निर्णायक हो। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरतेगा। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्पष्ट रणनीति और वैश्विक मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा, भारतीय सेना के साहस, शौर्य और बलिदान से आज देश का हर नागरिक गर्व से भर उठा है।

## ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न, 31 मई तक सभी लंबित आवास पूर्ण करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। जिला समाहरणालय सभागार में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना की प्रगति को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्व-नियोजन रोहित कुमार मिश्रा ने की, जो उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार के निर्देश पर आयोजित की गई थी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लक्ष्यों के अनुरूप चयनित पंचायतों के ग्रामीण आवास सहायकों और पर्यवेक्षकों के साथ कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी अधिकारियों और कर्मियों को मिशन 100 डेज़ के अंतर्गत तेजी से कार्य कर निर्धारित अवधि में आवास निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जिन लाभुकों को पहली किस्त की राशि प्रदान की जा चुकी है, उनके आवासों का भौतिक सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, और संतोषजनक प्रगति मिलने पर ही दूसरी और तीसरी किस्त निर्गत की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के अंतर्गत 31 मई 2025 तक सभी लंबित आवासों को हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर स्थायी आवास मिल सके। बैठक में अधिकारियों ने योजनाओं की सफल क्रियान्वयन के लिए टीम भावना के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया और विश्वास जताया कि निर्धारित लक्ष्य समयसीमा के भीतर पूर्ण कर लिए जाएंगे।

## कृषि आदान वितरण सह कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि आदान वितरण सह कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के कोने कोने से किसानों ने भाग लिया। आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। इसके तहत पीपराकोठी ग्राम में फसल विविधीकरण पर पायलट परियोजना अंतर्गत कृषि आदान वितरण-सह-कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्वी चम्पारण जिले के नरहा, मानिछपरा, पटौरा एवं घनश्याम पखरी ग्राम के कृषकों को मक्का, बाजरा, मडुआ तथा अरहर के उन्नत बीज वितरित किए गए। परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. संजीव कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए उक्त फसलों की उन्नत खेती के तकनीकों को विस्तारपूर्वक समझाया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के हेड अरविंद कुमार



सिंह की सराहनीय भूमिका रही। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के वैज्ञानिक डॉ. गौस अली एवं डॉ. कुमारी शुभा ने बीजोपचार, फसल में रोग एवं कीट प्रबंधन, अंतर फसल प्रणाली, फसलों में दिए जाने वाले उर्वरक की मात्रा आदि जैसे क्रियाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ.अनुप दास की अहम भूमिका रही।

## पुलिस की वर्दी पहनकर बना रहे थे वीडियो, छह युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** मोतिहारी पुलिस ने लखौरा थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस की वर्दी पहनकर वीडियो बना रहे छह युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों के पास से नकली हथियार, पुलिस वर्दी, टोपी, नेमप्लेट और कैमरा बरामद हुआ है। ये सभी युवक यूट्यूब चैनल के लिए 'सिंघम स्टाइल' में वीडियो बनाते थे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लखौरा थाना क्षेत्र के सरसौला गांव स्थित स्कूल के पास कुछ संदिग्ध युवक पुलिस की वर्दी में बैठे होने की सूचना मिली थी। सूचना की सत्यता की पुष्टि होते ही लखौरा पुलिस ने छापेमारी कर छह युवकों को



गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों की पहचान गणेश टोला निवासी अमरनाथ कुमार (पुत्रऽजियालाल पंडित), सरसौला निवासी अंदल कुमार (पुत्र-मोतिलाल प्रसाद), अमल कुमार (पुत्र-हरि सहनी), सुमन कुमार (पुत्र-चंद्रिका सहनी), अफरोज मोहम्मद (पुत्र-अरोद मियां) और संजय कुमार (पुत्र-सुरेन्द्र पंडित) के रूप में हुई है।

पुलिस ने इनके पास से दो पुलिस वर्दी, दो प्लास्टिक की बंदूक, एक लकड़ी की बंदूक, एक पुलिस टोपी, 'सिंघम' नाम का नेमप्लेट और एक निकोन कैमरा जब्त किया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे सभी मिलकर यूट्यूब चैनल के लिए पुलिस की वर्दी पहनकर एक्टिंग वीडियो बनाते थे।

एसपी ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति पुलिस की वर्दी धारण करना कानूनन अपराध है। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 23 मई को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग, पटना के निर्देश पर जिला नियोजन पदाधिकारी, जहानाबाद के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन 23 मई 2025 को स्थानीय शहर के गांधी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का समय प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।इस नियोजन मेला में तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र के लिए कम से कम 10वीं पास से लेकर उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के 1500 से अधिक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस आयोजन में लगभग 20 प्रतिष्ठित कंपनियां/नियोजक भाग लेंगे जिनमें प्रमुख रूप से राजराय सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड, फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड, नव भारत फर्टिलाइजर लिमिटेड, एलआईसी ऑफ इंडिया, बॉम्बे बाजार, पलन- जी इंडस्ट्रीज आदि शामिल हैं। इसके अलावा पांच सरकारी विभाग - पीएनबी आर-सेटी, जीएम डीआईसी, डीआरसीसी जहानाबाद, श्रम कार्यालय, और आईटीआई - भी अपनी योजनाओं की जानकारी देकर अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। नियोजन मेला में चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क होगी। इसके लिए प्रतिभागियों का एनसीएस पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आकृति कुमारी ने सभी इच्छुक युवाओं से अपील किया है कि इस रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में बेरोज़गार युवा हिस्सा बनें और उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं। अभ्यर्थियों को जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड अवश्य लाएं।

## ट्रेन से कट 16 वर्षीय युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हुलासगंज प्रखंड के दावथु पंचायत स्थित नंदन बिगहा गांव के 16 वर्षीय युवक विशाल कुमार की ट्रेन हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान अमेरिका यादव के पुत्र के रूप में हुई है। हादसा 15 मई को फतुहा-इस्लामपुर रेलखंड के मिछरियामा हॉल्ट के समीप हुआ। युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास पाया गया, जिसके बाद नालंदा पुलिस ने हुलासगंज थाना को सूचित किया। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह यादव पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि यह दुख की घड़ी सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है।

## सीकरीया फार्मेसी कॉलेज में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सेन्टर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए शहर में पहली बार सीकरीया फार्मेसी कॉलेज के द्वारा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सेन्टर को अपने कॉलेज परिसर में खोला गया। जिसका उद्घाटन उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सचिव यमुना सीकरीया ने अंग वस्त्र से उनका स्वागत किया। प्रचार्या प्रीती दूबे ने भेट स्वरूप पौधा प्रदान किया। उप महापौर ने कहा अब छात्रो को अच्छी शिक्षा के साथ नौकरी भी उपलब्ध करायी जायेगी। हमारा शहर काफी तरक्की कर रहा है। इस कार्य के लिए उन्होंनें कॉलेज के सचिव एवं सभी शिक्षको को बधाई दी। सचिव यमुना सीकरीया के कहा इस सेन्टर के माध्यम से डी. फार्म., बी. फार्म. छात्र अपना रजिस्ट्रेशन यहां करवायेंगे। इसके उपरान्त बाहर की कम्पनियों से बात हुई है। वे यहां आयेंगे और प्लेस्टमेन्ट के माध्यम से छात्रों को नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। अब छात्रों




को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए बाहर की कम्पनी बायोनेक्सी फार्मा भद्दी हिमाचल, एवरेस्ट पेरेंट्रल्स नेपाल, मैग्नस फार्मास्युटिकल नेपाल, एवरेस्ट हेल्थ केयर मथुरा से बात हो गई है। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे, उनमें हर्ष व्याप्त था।

## सेना के पराक्रम शौर्य को लेकर निकाली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित सेना के पराक्रम, शौर्य को लेकर रक्सौल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने पत्रकारों को बताया कि हमारे सेना की शूरवीरता की गाथा सराहनीय है, पहलगाम हमले में धर्म पुछ कर हिन्दू महिलाओं पर बर्बरतापूर्ण कायराना हरकत करते हुए गोलियों से भून डाला उसका बदला में हमने पाकिस्तान में घुस कर आतंकियों को निशाना बनाया जिसमें एक सौ से अधिक एक धर्मावलंबियों के आतंकवादियों को



मिट्टी में मिलाने का काम किया। शूर वीर सेनाओं विश्व के पटल पर भारत का नाम रौशन किया है। आदापुर, रामगढवा, भेलाही, रक्सौल से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथ तख्तियां, झण्डा लिए मेन रोड से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा के नेतृत्व कर्त्ता स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, ई, जितेंद्र कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष वरूण सिंह, प्रखंड अध्यक्ष नितिश कुमार पटेल, राजेश कुमार गुप्ता, प्रभू प्रसाद, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 300 मरीजों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** शहर के बैंक रोड स्थित श्री सत्यनारायण पंचायती मंदिर परिसर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रक्सौल शाखा के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन किरण आंख अस्पताल के डॉ. अमर क्याल,अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्षा सोनू काबरा, पूर्व अध्यक्षा वीणा गोयल, सचिव संगीता धानोठिया, रचना रूँगटा , सुशीला धानोठिया, सीमा अग्रवाल, शिव कुमार केशान, राजकुमार अग्रवाल, सीताराम गोयल एवं विमल रूँगटा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर किरण आँखा अस्पताल के डॉ. अमर क्याल एवं उनके साथ आये सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अंगवस्त्र ओढाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित डॉ. अमर क्याल ने बताया कि हमारे नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण एवं अतिसंवेदनशील अंग है , हमे इसकी नियमित जांच समय समय पर कराते रहनी चाहिए। आज की भागदौड़ एवं तनाव भरी जिंदगी में नेत्र संबंधित कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। लोग अंधेपन के शिकार हो रहे हैं। यदि समय पर उपचार किया जाए तो अंधेपन से बचा जा सकता है। वहीं इस मौके पर उपस्थित बीरगंज (नेपाल) की सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.नवनीत राज पाण्डेय को महिला सम्मेलन द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## ईस्ट चंपारण लायंस क्लब ने प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब द्वारा बढ़ते गर्मी को देखते हुए नगर में कई प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया गया। सुबह 8:00 बजे ज्ञान बाबू चौक पर क्लब के सदस्य इकट्ठा हुए और विधिवत इस मानवीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्याऊ से राहगीरो के अलावा अन्य लोग पानी की सुविधा से प्रफुल्लित थे। सुबह से ही दैनिक मजदूरो का जमावड़ा ज्ञान बाबू चौक पर होता है वे दैनिक रोजगार के लिए दो घंटे तक प्रतीक्षा करते हैं, इन सब



बातों को ध्यान में रखते हुए क्लब के सदस्यों ने ज्ञान बाबू चौक का चयन किया इसके अलावा नगर में अन्य कई जगहो पर भी यह सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिले के जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर परवेज अजीज, सुजीत कुमार सिंह, आयुर्वेद संगठन के प्रदेश नेता डॉ एसएन पटेल के अलावा क्लब के काफी सदस्यों ने इस मानवीय कार्य में अपनी भागीदारी दी। राहगीरो को बुलाकर पानी की सुविधा की जानकारी दी गई तथा उन्हें पानी पिलाया गया। इस कार्यक्रम की प्रशंसा नगर में सर्वत्र हो रही है। सेवा कार्यो के कारण क्लब हमेशा चर्चा मे रहा है और अपने एजेंडे के अनुसार भीषण गर्मी के समय में ईस्ट चंपारण लायंस क्लब तथा लायंस क्लब ऑफ मोतिहारी द्वारा प्याऊ कार्यक्रम चलाया गया।

## 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम में संतुलित आहार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)। प्रखण्ड क्षेत्र में शुक्रवार को 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए तीन दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। इस प्रशिक्षण में हर दिन 78 सेविकाओं को बाल पोषण और शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही है। प्रशिक्षकों ने बताया कि बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए संतुलित आहार और सही जीवनशैली जरूरी है। बच्चे जब स्वस्थ और पोषित होंगे, तभी वे बेहतर तरीके से सीख पाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान फलों, सब्जियों और संतुलित आहार के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में सीडीपीओ अंजना कुमारी, पिरामल से मुकेश कुमार, अरविंद कुमार,डएक्ए परियोजना प्रबंधक वीरेंद्र राम, शैलेश कुमार, प्रखण्ड समन्वयक सुजीत कुमार दीपक, डीईओ राजेश रंजन कुमार,महिला पर्यवेक्षिका शिल्पी कुमारी, किरण कुमारी ने पोषण और शिक्षा के नए तरीकों से अवगत कराया वहीं, प्रशिक्षक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में संज्ञात्मक, सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक और रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के समय पर संचालन, स्वच्छता और बच्चों के समग्र विकास के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षकों ने सेविकाओं को यह भी सिखाया कि वे बच्चों को खेल-खेल में सीखने और स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए कैसे प्रेरित कर सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान इन बातों पर बल दिया गया। संतुलित आहार से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास तेज होता है। शिक्षा और पोषण के सही समावेशन से बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ती है। आंगनबाड़ी केंद्रों के बेहतर संचालन से समग्र शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार संभव है।

## डॉ. एस के एस महाविद्यालय मे विदाई समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मोतिहारी। श्रीकृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय में सत्र 2022 - 25 के छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सालों से बंद पड़ी इस प्रथा का पुनः महाविद्यालय के वर्तमान छात्राओं के द्वारा शुभारम्भ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार ने सत्र के अंतिम चरण में पहुंच चुकी सभी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं के लिए यह भी कहा कि आप सभी छात्राएं अपने-अपने सपनों को साकार करने का हर अंतिम प्रयास करें तथा जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य प्रो. (डॉ.) डॉक्टर किरण कुमारी ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई दी। मनोविज्ञान विभाग की विभागअध्यक्ष डॉ. नीतू ने कहा की महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पुनः विदाई समारोह जैसे कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रशंसनीय कार्य है, आगामी सत्र की छात्राएं भी इस प्रथा को आगे बढ़ाने का कार्य करें तथा छात्राएं कॉलेज से बाहर निकल कर अपने जीवन के लक्ष्य की ओर अग्रसर हो एवं अपने करियर से संबंधित जो उनके सपने हैं उसे पूरा करें। कार्यक्रम के दौरान जूनियर बैच की छात्राओं द्वारा अपने सीनियर बैच की छात्राओं में से मनोविज्ञान विभाग की कुमारी जूही को मिस फ़ेयरवेल चुना। इस कार्यक्रम में शिक्षक - शिक्षिकाओं में डॉ. किरण कुमारी, डॉ. नीतू, डॉ. इरशाद आलम,डॉ.रोशिनी विश्वकर्मा डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. प्रीति कुमारी डॉ. अंजलि कुमारी शिवांगी सिंह बिपिन दुबे इत्यादि मौजूद रहे तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में लवली सिंह, सोनी कुमारी, अमित, अमन,निहाल, भास्कर गुप्ता, अरविंद,प्रकाश कुमार, तथा ज्ञान प्रकाश उपस्थित रहे।

# तिलौथू हाई स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र संघ के सम्मेलन की तैयारी शुरू

## संस्थापक परिवार को किया जाएगा सम्मानित, स्मारिका का भी होगा प्रकाशन, संघ की ओर से वर्तमान मेधावी छात्र-छात्राओं को दी जाएगी छात्रवृत्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**तिलौथू (रोहतास)।** शाहाबाद के प्राचीन तथा प्रतिष्ठित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में एक तिलौथू उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों का एक सम्मेलन आगामी जून माह में आयोजित किया जाएगा। इस आशय का निर्णय आज विद्यालय परिसर में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमल किशोर एवं प्राचार्य डॉ मैकू राम की अध्यक्षता में पूर्ववर्ती छात्रों की आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में विद्यालय परिवार एवं पूर्ववर्ती छात्रों ने सम्मेलन की रूपरेखा, संभावित तिथि, कार्यक्रम स्थल, अतिथियों की सूची एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। आयोजन को यादगार और व्यापक बनाने के लिए सबसे



सहयोग की अपील की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठनात्मक जिम्मेदारियों का भी बंटवारा किया तथा आयोजन को लेकर मुख्य कार्यक्रम समिति, सांस्कृतिक समिति, कोष समिति, स्मारिका समिति, भोजन समिति, आंकड़ा एवं संगठन समिति का शीघ्र गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर को अध्यक्ष, दिलीप कुमार, प्रभात दूबे, श्रीराम अम्बष्ट, सत्येन्द्र दूबे, जितेन्द्र सिंह को उपाध्यक्ष, शैलेंद्र कुमार ओझा को महासचिव, सत्यानंद कुमार को आयोजन सचिव, प्राचार्य डॉ मैकू राम को पदेन सचिव एवं कोषाध्यक्ष, अजय श्रीवास्तव, सुमित मिश्र, रवि रंजन कुमार एवं मिथिलेश पासवान को उपसचिव, महेंद्र ओझा को संयुक्त कोषाध्यक्ष चुना गया। नूतन पांडेय एवं सैयद अली अख्तर को स्मारिका समिति का प्रमुख बनाया गया। इसके साथ ही पूर्ववर्ती छात्र संघ का शीघ्र ही संगठनात्मक विस्तार करने का निर्णय लिया गया जिसके तहत और पूर्ववर्ती छात्रों को संघ में सम्मानित स्थान दिया जाएगा। यह भी निश्चय किया गया कि अधिक से अधिक पूर्ववर्ती छात्रों से संपर्क स्थापित कर उन्हें सम्मेलन में आमंत्रित किया जाएगा। विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का वर्षवार आंकड़ा संग्रहित करने पर भी सहमति बनी। कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी का सहयोग अपेक्षित है। इस बैठक के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि विद्यालय से भावनात्मक रूप से जुड़े पूर्व छात्र इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। मुख्य आयोजन के दौरान विद्यालय के संस्थापक परिवार और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। पूर्ववर्ती छात्रों ने मेधावी और प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रति वर्ष संघ की ओर से छात्रवृत्ति देने की भी घोषणा की। छात्रवृत्ति देने की योजना हर वर्ष चालू रहेगी। इसके अलावा जो पूर्ववर्ती छात्र वर्तमान में महत्वपूर्ण पदों-स्थानों पर हैं, वह रोजगार के लिए इच्छुक पूर्ववर्ती छात्रों को उनकी योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करेंगे। इस बीच विद्यालय संस्थापक परिवार के वरीय सदस्यों यशवीर सिन्हा एवं मोहित सिन्हा ने पूर्ववर्ती छात्र संघ के आयोजन में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि सन 1932 में तिलौथू के तत्कालीन राज परिवार के प्रमुख स्मृतिशेष राधा प्रसाद सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी शांता सिन्हा ने क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने और स्थानीय बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से तिलौथू उच्च विद्यालय की स्थापना की थी। 93 वर्षों का यह विद्यालय अपने जीवनकाल में अनेक उतार-चढ़ावों के बीच कई गौरवपूर्ण उपलब्धियों को हासिल करता हुआ आज राज्य के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में एक है।

## संक्षिप्त खबरें

### विभिन्न मामलों में 11 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 11आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में एनडीपीएस, हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी, विविध कांड, वारंटी व शराब तस्कर शामिल है। गिरफ्तार आरोपितों से चार बाइक, एक देशी कट्टा, एक खोखा, जीवित कारतूस, ट्रैक्टर, स्विफ्ट डिजायर कार, दो मोबाइल जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में चार लाख 80 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई है।

### दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** महिला थाना में कोचस थाना के बारहुती गांव निवासी काव्या कुमारी ने अपने पति कैमूर जिले के मोहनिया निवासी राहुल कुमार व ससुराल के अन्य लोगों पर दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार दोनों की शादी गत वर्ष 23 नवंबर को हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट कर किया घायल

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खैरहा गांव निवासी भीम सिंह ने गांव के बिपिन सिंह, रवि सिंह व सबी सिंह पर जानलेवा हमला कर जख्मी करने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रंगदारी मामले में प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** एससी-एसटी थाना में काराकाट थाना के बारीडीह निवासी रामनारायण पासवान ने उसी थाना के प्रेम प्रकाश पाठक पर 50 हजार रुपए रंगदारी की मांग को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि सुकहरा डेहरी गांव के पास बाइक रोक कर मारपीट कर रंगदारी की मांग की गयी है। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।

### वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**चेनारी(रोहतास)।** चेनारी थाना क्षेत्र के नन्दुसियारा गांव निवासी उपेन्द्र यादव को गुरुवार की रात्रि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि उपेंद्र यादव के खिलाफ न्यायालय से कुर्की अधिपत्र वारंट जारी किया गया था। वारंट के आलोक में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट मामले में छह लोग गिरफ्तार

**अकोढीगोला (रोहतास)/नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अकोढी गोला बाजार पर ठेला लगाने को लेकर दो दुकानदारों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना के बाद असमाजिक तत्वों ने विधि व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की परंतु पुलिस की तत्परता के कारण उनके मंसूबे पर पानी फिर गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अकोढी गोला बाजार पर पुल के समीप ठेला लगाने को लेकर सोनू राईन और राहुल कुमार के परिजनों के बीच लाठी-डंडे से मारपीट की गई। घटना की सूचना की मिलते ही अकोढी गोला, आयरकोठा एवं दरिहट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना को लेकर 17 लोगों पर नामजद वहीं 10 से 15 लोगों पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि इस मामले में छळ लोगों की गिरफ्तारी हुई है जिसमें सोनू राईन, समीर राईन, इम्तियाज, इरशाद, सलमान, राहुल कुमार (सभी अकोढी गोला) शामिल हैं। अभी मामला पूरी तरह से शांत है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी एवं कार्रवाई को लेकर लगातार छापेमारी चल रही है।

# राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को देखते हुए आज निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह के द्वारा राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची से संबंधित चर्चा की गई। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि अगर कोई पात्र व्यक्ति छूटे हुए हैं तो आप अपने बीएलए के माध्यम से प्रपत्र 6 दे सकते हैं। अगर कोई मृत व्यक्ति अथवा अस्थाई रूप से शिफ्ट कर गया है तो प्रपत्र 7 दे सकते है। अगर किसी को अपने नाम में सुधार करना है या एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरण करना है तो प्रपत्र 8 दे सकते हैं। उनका नाम जोड़ने एवं सुधार करने का काम किया जाएगा। मतदान केंद्र से संबंधित अथवा किसी भी प्रकार का निर्वाचन से संबंधित आप शिकायत अथवा सुझाव दे सकते हैं।

# राइस मिल में महिला मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र में स्थित भगवान जी मिल में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। मिल में कार्यरत महिला मजदूर उर्मिला देवी(35) की मौत हो गई। चावल चलाते वक्त उनका दुपट्टा मशीन के रोलर में फंस गया। देखते ही देखते दुपट्टा गले में फंदा बन गया और उनका दम घुटने से मौके पर ही निधन हो गया। मौके पर मौजूद मजदूरों के अनुसार उर्मिला देवी हर दिन की तरह शुक्रवार को भी मिल में काम कर रही थीं। मशीन में चावल साफ करने के दौरान उनका दुपट्टा अचानक रोलर में जा फंसा। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक उनका गला कस चुका था। मजदूरों ने शोर मचाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतका झारखंड के पलामू के नावां जयपुर थाना क्षेत्र के हुमिया कर्माही गांव की रहने वाली थीं। उनका विवाह कई साल पहले हुआ था, लेकिन पति उन्हें छोड़ चुका था। तब से वे अकेले ही अपनी दो बेटियों की परवरिश कर रही थीं। बेटियां फिलहाल पलामू में रह रही थीं और मां ही उनकी एकमात्र सहारा थीं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। हादसे के बाद मृतका के मायके पक्ष ने राइस मिल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है और बच्चों के भरण-पोषण के लिए उचित मुआवजे की मांग की है। उर्मिला देवी की मौत के बाद उनके घर पर मातम पसरा हुआ है। अब उनकी दोनों बेटियों के सिर से मां का भी साया उठ गया है।

# पिकअप से 24 लाख की शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर(कैमूर)।** कैमूर की सोनहन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 लाख रुपए की शराब जब्त की है। पुलिस ने विशनपुर गांव के पास एक पिकअप वाहन को पकड़ा। इस वाहन में भूसे की आड़ में देसी और विदेशी शराब छिपाकर ले जाई जा रही थी। वहीं इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जय विकास (27) देवेंद्र पांडे के रूप में की गयी है। मामले में पुलिस ने बताया कि जय विकास पिकअप का चालक है। वहीं दोनों रोहतास जिले के बिक्रमगंज के रहने वाले है। एसपी हरिमोहन शुक्ला ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से शराब की खेप आ रही है। इस सूचना पर सोनहन और भभुआ थाने की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। पुलिस ने पिकअप का पीछा कर उसे घेर लिया। जांच में पता चला कि आरोपी बनारस से रोहतास जिले के शिवसागर तक शराब पहुंचाने जा रहे थे। पिकअप से कुल 1665 लीटर देसी-विदेशी शराब बरामद हुई है। इसकी कीमत करीब 24-25 लाख रुपए है। पूछताछ में यह भी पता चला कि एक और वाहन पिकअप के आगे चल रहा था। यह वाहन पुलिस की लोकेशन की जानकारी दे रहा था। एक आरोपी पहले भी आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# बिहार विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर(कैमूर)।** कैमूर में आयोजित बसपा की कार्यकर्ता संगठन समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद रामजी प्रसाद गौतम ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि बिना बसपा के राज्य में सरकार नहीं बनेगी। बसपा की कार्यकर्ता संगठन समीक्षा बैठक में कई अहम राजनीतिक मुद्दों पर रामजी गौतम ने अपनी बात रखी। रामजी गौतम ने कहा कि पार्टी का संगठन तेजी से मजबूत हो रहा है और जनता का भरोसा बसपा की ओर बढ़ रहा है। बसपा के हाथों में ही बिहार में सत्ता की चाबी होगी। समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने सेना की महिला अधिकारी व्योमिका सिंह पर की गई जातिगत टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दिया। उन्होंने ऐसे नेताओं की आलोचना की और कहा कि इससे देश की एकता पर आघात पहुंचता है। राहुल गांधी की बिहार यात्रा और उसमें हुई अवरोध पर भी रामजी गौतम ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी हिस्से में किसी नेता को जाने से रोका नहीं जाना चाहिए। यदि कोई आयोजन होता है तो उसकी पूर्व अनुमति और सूचना प्रशासन को देना एक प्रक्रिया है। लेकिन इसका बहाना बनाकर किसी की यात्रा में बाधा डालना गलत है। वहीं भभुआ विधानसभा चुनाव के संभावित उम्मीदवार बसपा के प्रदेश महासचिव सह भभुआ के जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं में ऊर्ज़ा का संचार करते हुए कहा कि अपने पार्टी के संघर्षशील कार्यकर्ताओं के दम पर इस बार भभुआ विधानसभा का चुनाव जीत कर दिखा देखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता व मंच संचलन पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष भभुआ पीतांबर कुमार ने किया।

# कुशल प्रशासक एवं नेक दिल इंसान थे मिथिलेश प्रसाद : अखिलेश कुमार

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** कुशल प्रशासक एवं नेक दिल इंसान थे स्व मिथिलेश प्रसाद उक्त। बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता अखिलेश कुमार ने शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआइजी डा सत्य प्रकाश के पिता स्व मिथिलेश प्रसाद के निधन पर नालंदा जिले के हिलसा के ग्राम बलवापर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर ाद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि वे कई जिलों में कई प्रशासनिक पदों पर रहे और उईमानदारी और कड़क अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनका गांव से काफी लगाव रहा। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता व चर्चित चिकित्सक डॉ निर्मल कुशवाहा, गुड्डू पटेल, वेद प्रकाश, डॉ प्रेम प्रकाश, डॉक्टर शैलेश चंद्रा, प्रफुल्ल प्रकाश, आनंद प्रकाश, शुभांकर चंद्रा, सतीश प्रसाद, विधायक प्रेम सिंह, चेयरमैन धनंजय कुमार, सेवानिवृत्त डीजीपी गुप्तेश्वर पाण्डेय, आनंद सिंह, वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र मिश्रा, मदन कुमार, राघवेन्द्र सिंह, आनंद सिंह, अखिलेश कुमार, लव सिंह सहित काफी संख्या में औरंगाबाद तथा रोहतास के प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बसीनी में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 20 से

**रामपुर(कैमूर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के जलालपुर पंचायत अंतर्गत बसीनी गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। यज्ञ समिति के सदस्य संदीप कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि 20 मई को कथा प्रारंभ, 22 मई को कलश यात्रा, 26 मई को 11 हजार शंख वादन एवं धर्म सम्मेलन, 27 मई को भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह यज्ञ पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज की पावन उपस्थिति में हो रहा है। अभी तक रामपुर प्रखंड में जीयर स्वामी जी महाराज का यज्ञ नहीं हुआ था। यज्ञ को लेकर ग्रामीणों में खासकर उत्साह देखा जा रहा है। अगल-बगल के गांव में यज्ञ होने से प्रसन्नता जताई जा रही है। बैठक मे कुंवर प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, अनिल सिंह, सुगुन सिंह, राजनाथ सिंह, पिंटू सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गबन मामले में दोषी को सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** भभुआ व्यवहार न्यायालय के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीरज कुमार पांडेय की अदालत ने चैनपुर थाना अंतर्गत ग्राम हाटा निवासी सीताराम प्रसाद को मनरेगा के पैसों का गबन करने के मामले मे दोषी पाते हुए 5 वर्ष का सश्रम कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर दो माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सरकार की ओर से सहायक अभियोजन पदाधिकारी अविनाश पाठक ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि 2013 से 8 सितंबर 2015 तक सीताराम प्रसाद चैनपुर पोस्ट ऑफिस में सब पोस्टमास्टर के पद पर पदस्थापित थे। उनके कार्यकाल में मनरेगा के विभिन्न अकाउंट से पैसे की निकासी फर्जी तरीके से किया गया था। मामले में प्राथमिकी नरेंद्र कुमार सिंह पोस्टल इंस्पेक्टर भभुआ डिविजन द्वारा चैनपुर थाना कांड संख्या 228/2015 दर्ज कराई गई। विभागीय जांच के दौरान 32 लाख रुपए के गबन का मामला उजागर हुआ था। अनुसंधानकर्ता द्वारा अनुसंधान के बाद भादवि की धारा 409, 419, 420,120बी के अंतर्गत आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया। विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा अनुसंधानकर्ता सहित कुल छह गवाहों की गवाही कराईं गई। न्यायालय ने सीताराम प्रसाद को भादवि की धारा 409 में सरकारी रूपए के गबन का दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।

# पूरे डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

## जुर्माने के रूप में 9 लाख 41 हजार रुपए की वसूली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा आज शुक्रवार को पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राईव के अंतर्गत डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशनों पर प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 22.00 बजे तक फोर्ट्रेस चेकिंग की योजना बनाई गई थी। इसमें मंडल के समस्त स्क्वाड, स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मियों के साथ-साथ वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक एवं सभी वाणिज्य अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की। मुख्य रूप से बक्सर-डीडीयू, वाराणसी-डीडीयू, सासाराम-डीडीयू, आरा-सासाराम, गढ़वा रोड-डिहरी ऑन-सोन, किउल-गया, गोमो-गया एवं पटना-गया खंड की ट्रेनों को लक्ष्य कर प्रीमियम, मेल/एक्सप्रेस तथा पैसेंजर ट्रेनों में गहन टिकट जांच की गई। बिना टिकट या अनियमित टिकट पर यात्रा करते पाए गए यात्रियों से नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। स्टेशनों पर भी किलाबंदी जांच के माध्यम से यात्रियों को नियमित टिकट लेकर ही यात्रा करने हेतु जागरूक किया गया। शाम 17:00 बजे तक प्राप्त अंतिम सूचना के अनुसार डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1695 बिना टिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे लगभग 9,41,010/- की जुर्माना राशि वसूल की गई है। इस प्रकार के सघन टिकट चेकिंग अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

शहर थाना कांड सं0–395/2024 दिनांक 01.11.2024 धारा–109(1)/352/351(2) 3(5)/ भारतीय न्याय संहिता एवं 27 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त अनु विश्वकर्मा उर्फ रामानुज विश्वकर्मा, पिता–गिरिवार विश्वाकर्मा, साकिन – सुदना बाईपास रोड़ सिंचाई कॉलोनी, थाना–शहर,जिला– पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर :– 9431706240
थाना प्रभारी, शहर :– 9431706249

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 352694 Police(25-26).D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

इच्छा की अभिवृति Expression of Interest (EOI) 09/2025–26

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत विभिन्न स्थलों में जर्जर भवन (कंडम बिल्डिंग) को ध्वस्त किया गया है। मलवे का दर मो0 2,000/- प्रति हाईवा या 500/- रू0 प्रति टैक्टर (स्वयं के वाहनों से) निर्धारित किया गया है। इच्छुक संवेदक/एजेन्सी/व्यक्ति उक्त बाउण्ड्री का मलवा उठाव हेतु दिनांक 23.05.2025 को 01:00 बजे अपराह्ण तक बन्द लिफाफे में दर जमा कर सकते है। कोटेशन उसी दिन **3:00 बजे अपराह्न** नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष बन्द लिफाफा खोली जाएगी। लिफाफा समर्पित करने वाले संवेदक/एजेन्सी/व्यक्ति अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि ससमय उपस्थित रह सकते है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 352622 (District) 25-26 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–08/2025–26

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :– 30/05/2025 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 31/05/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 31/05/2025 को 03:30 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरण:– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Family Court Building at Garhwa for the year 2025-26. | `24,99,100.00 | `50,000.00 | `5,000.00 | 1 माह |
| 2. | Renovation of B2 Quarter 6 Units in Campus of Block Campus at Garhwa for the year 2025-26. | `20,71,700.00 | `41,500.00 | `5,000.00 | 1 माह |
| 3. | Renovation work of A Type Quarter No-03 in Judicial Colony at Garhwa for the year 2025-26. | `13,28,500.00 | `26,600.00 | `2,500.00 | 15 दिन |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट:– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 352650 Building(25-26).D

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल में सम्मान समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल में सीबीएसई की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं में एक अलग आत्मविश्वास स्पष्ट



दिखाई दे रहा था। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, उप प्राचार्या श्रीमती उषाा सिन्हा एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना प्रकट की। आरपीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशनल ट्रस्ट के चेययमैन डॉ० कुमार पुष्पंजय एवं प्रबंध निदेशक ई० कुमार पुत्यंजय ने शुभकामनाएं देते हुए खुशी का इजहार किया ।

### दहेज हत्या में आरोपी ससुर गिरफ्तार पति समेत अन्य ससुराल पक्ष अभी भी है फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मिल्की पर नानोरी गांव से दहेज हत्या मामले में आरोपित ससुर महावीर प्रसाद उर्फ सहजानंद पिता सूर्य देव नारायण यादव को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल बीते 8. 9 .2024 को रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के नयाचक गांव के गौतम प्रसाद ने धनरूआ थाने में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था कि उसकी बेटी खुशहाली कुमारी को उसका पति हरेकांत पिता महावीर प्रसाद समेत कुल पांच लोगों ने फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दिया था, इस मामले में पुलिसिया कारवाई के दौरान उसके ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है, अन्य ससुराल पक्षो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की धनरूआ थाना कांड संख्या 529/24 के तहत दहेज हत्या मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की कारवाई की जा रही है।

### आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका का एक दिन का मानदेय काटकर,किया स्पष्टीकरण

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी में एक बार फिर से विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका सहायिका के द्वारा लापरवाही देखी जा रही है। सरकार की चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले सेविका और सहायिका पर सीडीपीओ अर्चना कुमारी के द्वारा लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। ऐसे में मसौढ़ी नगर परीषद क्षेत्र के सेविका,फातिमा बानो कोड नंबर 174 पर आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में लापरवाही बरतने, केंद्र पर बच्चों की ससमय नहीं पहुंचने आदी मामलों में सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने एक दिन का मानदेय काटते हुए स्पष्टीकरण किया है। उन्हें 24 घंटे के अंदर जवाब पूछा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उक्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका सहायिकाओं को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ससमय के अनुसार केंद्र को चलना है इसके अलावा गांव-गांव से बच्चों को बुलाकर सरकार की दी जाने वाली तमाम योजनाओं को उन्हें लाभ पहुंचाना है लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी।

### मानपुर जंगल से 34 किलो गांजा जब्त, तस्कर फरार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानपुर पुलिस ने वीटीआर जंगल से गुरूवार की देर रात गांजा व बाइक को जब्त किया है। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान जंगल से बाइक आते दिखाई दिया। संदेह के आधार पर पुलिस ने टॉर्च जलाकर देखा तो बाइक सवार पुलिस को देख बाइक छोड़ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया लेकिन अंधेरे का लाभ उठा कर कारोबारी फरार हो गया। इधर थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक की तलाशी के दौरान एक बोरा में बांध कर रखे 34 किलो 120 ग्राम गांजा बरामद कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



### डीएम ने डीआरसीसी सीवान का किया औचक निरीक्षण

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने गुरुवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी), सीवान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, डीआरसीसी के प्रबंधक, सहायक प्रबंधक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने बैठक के दौरान बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता एवं कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और उनके निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप आवेदन प्राप्त किए जाएं और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने जानकारी दी कि डीएम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निष्पादित कर पोर्टल पर अद्यतन करने का सख्त निर्देश दिया है। इसके लिए प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करने को कहा गया है।

### टीकाकरण हेतु स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र,मझौलिया और पीसीआई के संयुक्त तत्वावधान में नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण हेतु चयनित दस गाँवों में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से टीकाकरण के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने को लेकर एएनएम, आशा का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण पीसीआई के जिला समन्वयक राजेश कुमार एवं डॉ लुकमान के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समुदाय की सहभागिता के लिए घर-घर भ्रमण, सामाजिक मानचित्र, माताओं के साथ बैठक एवं जनप्रतिनिधियों को बैठकों के बारे में विस्तार पुर्वक टीकाकरण में सहयोग व जागरूकता के बारे में बताया गया। राजेश कुमार ने बताया की प्रखण्ड अन्तर्गत सतभिड़वा, रामनगर, बनकट,जौकटिया, सेमराघाट, सरिसरवा, एचएससी के दस गाँवों को चयनित किया गया है।

# आपसी रंजिश को लेकर युवक की गोली मारकर हत्या

## घटना के बाद आरोपी मौके से फरार, हत्या के बाद परिवार में मचा कोहराम





**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवादाता।** बिहटा थानाक्षेत्र के बाजितपुर गांव में गुरुवार की देर रात्रि आपसी रंजिश को लेकर एक युवक को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक की पहचान बाजितपुर गांव निवासी नरेश कुमार का 22वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है।इधर हत्या के बाद परिवार में कोहराम मच गया।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर सभी मामलों पर जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार बिहटा थानाक्षेत्र के बाजितपुर गांव में गुरुवार की देर रात्रि आपसी रंजिश में कुणाल सिंह नामक युवक के द्वारा राकेश कुमार को गोली मार दिया। जहां गोली चलने के बाद गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया। जहां घायल अवस्था में राकेश कुमार को परिवार के लोगों ने बिहटा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।इधर मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिहटा थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय और पुलिस टीम पहुंची।जहां घटना की जानकारी पटना एफएसएल टीम को दिया गया। फिलहाल पुलिस जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिवार के लोगों ने बताया कि राकेश कुमार माली का काम किया करता था और शादी विवाह में सजाने का काम किया करता था। कल रात को भी किसी शादी समारोह से सजाकर घर वापस देर रात्रि लौट रहा था तभी गांव के मंदिर के पास कुणाल सिंह ने उसे गोली मार दी। मृतक राकेश कुमार की शादी हो चुका है और एक बेटा और पत्नी फिर से गर्भवती है इधर हत्या के बाद पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। हालांकि घटना के बाद से आरोपी कुणाल सिंह मौके से फायर बताया जा रहा है। थानाप्रभारी राजकुमार पांडे ने बताया कि सूचना मिली कि बाजितपुर गांव में राकेश कुमार नामक युवक को कुणाल सिंह नामक युवक के द्वारा गोली मारी गई है सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस गांव में पहुंची लेकिन पता चला कि घायल अवस्था में उसे बिहटा के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई घटना सूचना पटना एफएसएल सटीम को दिया गया है घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नहीं रुक रही अनुमंडल अस्पताल में प्रसव के नाम पर नजराना वसूली, प्रशासन बना उदासीन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी का अनुमंडल अस्पताल जिसे मिनी पीएमसीएच कहा जाता है, जहां मरीजों के साथ प्रसव के नाम पर नजराना वसूली का खेल चल रहा है,ऐसे में पैसा वसुली मामले मे अनुमंडल प्रशासन के उदासीनता के कारण अस्पताल मे कर्मचारियों का मनोबल बढता ही जा रहा है और इलाज कराने आ रहे गरीबों का दोहन हो रहा है।



दरअसल बीते 19 मार्च को भी कई मरीजों से नजराना वसूली की गई थी, लेकिन उसकी जांच ठंडे बस्ते में है। ऐसे में एक बार फिर से शुक्रवार को नउआबाग के रहने वाली एक मरीज चांदनी कुमारी पति रणधीर कुमार यादव से ₹400 नजराना वसूली की गई है। इसके अलावा भगवानगंज के नगौली के पार्वती कुमारी पति राहुल कुमार एवं महादेवपुर के नेहा कुमारी के साथ भी नजराना वसूली की गई है। और यह मामला सिर्फ आज का नहीं है बल्कि प्रत्येक दिन होता रहता है। बहरहाल बेहतर स्वास्थ्य का दावा को लेकर सरकारी अस्पतालों में मरीज के साथ प्रसव के नाम पर हो रही नजराना वसूली सरकार को तमाम दावों को आइना दिखा रहा है। शिकायत मिलने के बावजूद अनुमंडल अस्पताल की कर्मियों पर किस तरह से कार्रवाई हो रही हैं। इस पूरे मामले में अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन उदासीन बनी हुई है। हलांकि अस्पतालों मे मरीजों की देखभाल में सुधार करने, और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया है लेकिन लेकिन समिति के सदस्य सिर्फ बैठकों तक सिमट कर रह गये है। अगर लगातार इसकी मॉनिटरिंग होती तो शायद अस्पतालों में कुव्यवस्था का माहौल में कमी आती।

### सडकों पर गिरा बालू बाइकर्स के लिए बना काल, आये दिन हो रही दुर्घटना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़कों पर गिरा हुआ बालू बाइक सवार के लिए काल बन गया है। आए दिन बाइक दुर्घटना हो रहे हैं। दरअसल यह तस्वीर मसौढ़ी के मेंन रोड स्थित सिनेमा हॉल के ठीक सामने की है। जहां पर सड़क के किनारे जमा कर रखे बालू धीरे-धीरे सड़कों पर इस कदर बेतरतीब ढंग से पसर गया है की बाइक चलाने वालों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। आए दिन बाइकर्स वहां पर फंसकर गिर जा रहे हैं। आसपास के लोगों ने बताया यह प्रतिदिन कोई न कोई बाइक की दुर्घटना घट रही है। वहीं प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है, शहर में हो रहे अतिक्रमण पर विशेष तौर पर ध्यान दें, पिछले कई दिनों से इसी तरह से बालू पसरा हुआ है जहां पर राहगीरों को तो परेशानी हो ही रही है वहीं बाइक चलाने वाले के लिए बेहद परेशानी का सबब बन गया है।

## स्कूलों के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा शिक्षा की आवश्यकता

### दून भवानी स्कूल में सड़क सुरक्षा व्याख्यान का आयोजन



**देहरादून/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संजय ऑर्थोपीडिक स्पाइन एवं मेटरनिटी सेंटर देहरादून के द्वारा आठव आठवे संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा सप्ताह 12-18 मई 2025, के अवसर पर दून भवानी इंटरनेशनल स्कूल, रानीपोखरी में एक सड़क सुरक्षा व्याख्यान का आयोजन किया गया। ऑर्थोपीडिक सर्जन पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने कहा कि वाहन चलाना आजकल रोजमर्रे की आवश्यकता है जिसके बिना कोई भी काम नहीं हो सकता चाहे शिक्षा हो, व्यापार हो, मनोरंजन हो या फिर पर्यटन। आपको प्रतिदिन वाहन में बैठने की आवश्यकता होती है जिसे या तो आप स्वयं चलाते हैं या फिर आपके लिए कोई दूसरा चलाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए डॉ. बी. के. एस. संजय ने सरकार से अपील की कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा शिक्षा की आवश्यकता है एवं छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता के संदेश को जन-जन तक फैलाऐं। इंडिया एवं इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स होल्डर ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना जानलेवा हो सकता है। उन्होंने कहा दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें और चैपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं कर्मचारियों को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। स्कूल के संस्थापक श्री बी. पी. उनियाल ने छात्र-छात्राओं से अतिथियों के द्वारा बताए गए नियमों को सीखने एवं उनका पालन करने की अपेक्षा की। उन्होंने डॉ. संजय और उनकी संस्था द्वारा चलाए गए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की रजत जयंती वर्ष पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा उनियाल, एकेडमिक एडवाइजर श्री डी. पी. बडोनी, असिस्टेंट डायरेक्टर श्री साकेत उनियाल, सोनिया, लक्ष्मी, अभिषेक, स्वाती एवं स्कूल के अध्यापकगण एवं सह कर्मचारी मौजूद रहे।

### 18 बोतल विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तारेगना रेलवे स्टेशन के समीप 18 बोतल विदेशी शराब के साथ दो शराब धंधेबाज को एक्साईज पुलिस ने रंगे हाथ दबोचा है। गिरफ्तार शराब धंधेबाज में से कौशल कुमार पिता स्व रमत प्रसाद, खरजमा, वही दूसरा मो. शाहीद पिता मोहम्मद अब्बास मालिकाना का रहने वाला है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि झारखंड से बोरी में दो युवक विदेशी शराब लेकर आ रहा है, और तारेगना के आसपास शराब को डिलीवरी करने वाला है।

## सड़क हादसे में तीन महिला शिक्षक गंभीर रूप में जख्मी, बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय भजौर के तीन महिला शिक्षिका सड़क हादसे में गंभीर रूप में जख्मी हो गई है। दरअसल बताया जाता है कि पटना से मारुति कार से तीनों शिक्षिका प्रत्येक दिन तिनेरी होते हुए भजौर विधायलय जाती थी, ऐसे में शुक्रवार की सुबह भजौर चकिया पुलिया के पास अचानक ड्राइवर अनबैलेंस हो गया और पुलिया से जा टकराया, जोरदार टक्कर होने से गाड़ी पलटी खा गई जहां गाड़ी के अंदर बैठे तीन महिला शिक्षकों को गंभीर रूप में चोट आई हैं, जिसमें मधु कुमारी, प्रियंका कुमारी और चंचल कुमारी शिक्षक हैं, जिसमें सबसे ज्यादा चोट चंचल कुमारी को आया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार ने बताया यह तीनों महिला शिक्षिका पटना से हमारे स्कूल में पढ़ने आती थी जिन्हें सड़क हादसे में गंभीर चोट लगी है, इसके अलावा संजोग यह रहा की पुलिया के नीचे मारुति कार पाईन में नहीं गिरी नहीं तो कोई बड़ी घटना हो सकता था। ग्रामीणों के सहयोग से क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क के किनारे धकेल कर हटाया गया है और जख्मी सभी शिक्षिका को स्थानीय अस्पताल में इलाज करते हुए पटना रेफर कर दिया गया है।

## ताला तोड़कर टेंट हाउस का तकरीबन 10 लाख का सामान किया गायब, पुलिस जुटी जांच में

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया फोरलेन के रेवा मोड़ के पास मुकेश टेंट हाउस से बिते देर रात को अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर तकरीबन 10 लाख का सामान चुरा लिए हैं। पीड़ित दुकानदार मुकेश कुमार पिता चंद्रघोष प्रसाद जलालबीघा ने बताया कि सुबह में जब जानकारी मिली तो जाकर देखें तो ताला तोड़कर चार रूम से सभी सामान गायब है। जिसमें तीन जनरेटर, 50 लाइट, पांच मशीन, 20 माइक, दो बॉक्स, एक स्टेबलाइजर समेत तकरीबन 10 लाख का सामान चोरों ने चोरी कर ली है। चोरी की घटना के बाद पिडित मुकेश कुमार काफी आहत है, सभी के सभी पूंजी उसकी खत्म हो गई है, इस पुरे मामले में थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि डॉग स्क्वायड की टीम से मामले की छानबीन की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी भी देखा जा रहा है कि रात में कौन सी गाड़ी पर सामान को लाद कर चोरों ने चोरी की है। चोरी की इस घटना पर पुलिस या पर पर के सवाल खड़े हो रहे है।स्थानीय लोगों ने बताया कि तीन जनरेटर को गाड़ी पर चढाना यह आसान काम नहीं है। डेकोरेशन का बहुत सारा सामान बहुत ही भारी होता है इस चोरी की घटना में कई चोर मिलकर चोरी का घटना का अंजाम दिए हैं। फोरलेन पर पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था बहुत ही कमजोर है।



## ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल में छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 16 मई ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल में दसवीं और बारहवीं वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन करते हुए विद्यालय संस्थापिका श्रीमती अनीता कुणाल ने कहा कि हमारी बच्चियां यदि परिवार और समाज के समक्ष आदर्श बनकर खड़ी होती है तो मुझे हार्दिक प्रसन्नता होगी और मेरा मार्गदर्शन सफल सिद्ध होगा। इस अवसर पर 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दसवीं के 82 से अधिक और 12वीं के 18 से अधिक छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित थे। दसवीं कक्षा के सुश्री समीक्षा, सृष्टि प्रिया और रिद्धिमा के चेहरे पर प्रतिभा भरी विजय की मुस्कान तथा 12वीं कक्षा के सुश्री रागिनी, कृतिका और श्वेता कुमारी, जया मुस्कान आदि के प्रसन्न चेहरे उनके कठिन परिश्रम को दर्शा रहे थे। विद्यालय निदेशक सायन कुणाल, प्राचार्या डॉक्टर विंसी मैथ्यू, उपप्राचार्या श्रीमती सोनिया अरोड़ा ने छात्रों की बेहतरीन सफलता पर उन्हें सुखद जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दी साथ ही उनकी सफलता में सहायक उनके अभिभावकों को भी बधाई देते हुए सम्मानित किया।

## चुनाव आयोग की टीम आज बेतिया में, चुनाव की तैयारियों की होगी समीक्षा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग के चुनाव आयुक्त डा. विवेक जोशी एवं राज्य निर्वाचन आयुक्त विनोद सिंह गुंजियाल शनिवार को बेतिया पहुंचेंगे। यहां इनके द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य लोगो के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की जायेगी। दो दिवसीय दौरे पर आए भारत निर्वाचन आयुक्त दिन के 12.30 बजे समाहरणालय के सभागार में बैठक करेंगे। इस बाबत जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि शनिवार को आयोजित होने वाली बैठक में जिलाधिकारी, बेतिया के पुलिस अधीक्षक, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित नामित मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी भी शामिल होंगे। इसमें सभी विधान सभा क्षेत्र से तीन-तीन बीएलओ को चयन किया गया है, जो इस बैठक में शामिल होंगे। निर्वाचन आयुक्त जिले मे अब तक विधान सभा की तैयारी को लेकर अब तक हुए कार्य की जानकारी लेंगे। विशेष रूप से मतदाना सूची के अद्यतन के बाबत जानकारी लेने के साथ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। वहीं वाल्मीकिनगर में 18 मई को बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा बगहा के पुलिस अधीक्षक, छह विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सहित वाल्मीकिनगर के एसएसबी के वरीय अधिकारी भी शामिल होंगे। इसमें चुनाव के दौरान सीमा क्षेत्र की गतिविधियों पर किस तरह नजर रखी जाय, आदि पर चर्चा हो सकती है। यहां आयोजित होने वाली बैठक में वाल्मीकिनगर, बगहा, शिकारपुर, सिकटा, लौरिया एवं रामनगर विधान सभा क्षेत्रों में से प्रत्येक से तीन-तीन बीएलओ भी बैठक में बुलाएं गए हैं। वाल्मीकिनगर में बैठक पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगी। बैठक के बाद बेतिया एवं वाल्मीकिनगर मे अलग-अलग क्षेत्र भ्रमण भी करेंगे।

### चनपटिया में इंडोर स्टेडियम निर्माण की मांग

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत चनपटिया की मुख्य पार्षद रजनी देवी ने गुरूवार को आयोजित दिशा की बैठक में चनपटिया में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग रखी। मुख्य पार्षद ने अपने दिये गये पत्र में कहा है कि खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री की भी घोषणा है कि खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए उन्हें मुलभूत सुविधाएं दी जायेगी। चनपटिया ऐसा जगह है जहां शतरंज एवं कैरम बोर्ड के साथ हीं साथ बैडमिंटन में भी यहां के खिलाड़ियों विशेषकर महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की कौन कहे अंतराष्ट्रीय स्तर पर जाकर अपनी प्रतिभा को प्रर्दशित किया है। लेकिन यहां के खिलाड़ियों के लिए ऐसा कोई जगह नही है जहां वे जाकर अपना प्रेक्टिस कर सके। और प्रशिक्षण पा सके। इसके लिए उन्हें ग्रामीण परिवेश के संसाधनों पर ही आश्रित होना पड़ता है। उन्होंने जिला समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में मांग रखते हुए चनपटिया में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग की है।

## आए दिन तारेगना रेलवे गुमटी पर जाम के कारण फाटक ससमय नहीं हो पाते बंद, ट्रेन प्लेटफार्म पर करती है इंतजार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेलखंड के तारेगना दक्षिणी रेलवे गुमटी के पास कोई ऐसा दिन नहीं है जहां पर ट्रेन गुमटी में गाड़ी फंसे रहने से स्टेशन पर काफी देर तक ट्रेन खुलने का इंतजार ना करती हो ऐसे मे शुक्रवार को भी 8626 अप सुपरफास्ट ट्रेन की ट्रेन खुलने के दौरान ही रेलवे गुमटी पर जाम लग गया,और फाटक बंद नही हो पाया, बड़े-बड़े ट्रक मालवाहक गाड़ियां पहले से ही फस गई, फाटक नहीं बंद हुआ जिससे ट्रेन रुकी रही और फाटक का रास्ता साफ होने का इंतजार करते रहे, काफी जद्दोजहद के बाद गाड़ियों को हटाया गया तब जाकर ट्रेन खुली, दानापुर रेल मंडल की स्टेशन कंसल्टेंट कमेटी के सदस्य सह भाजपा के वरिय संजय केसरी ने आरोप लगाया है की ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए यहां पर ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है बावजूद ट्रैफि कंट्रोल करने के बजाय दिन भर गाड़ियों से वसूली करते नजर आते हैं तो ट्रैफिक कैसे साफ होगा,इसके साथ ही सुबह 9:00 बजे तक शहर में बड़े मालवाहक गाड़ी का प्रवेश का नो एंट्री है बावजूद शहर में गाड़ियां कैसे आ जा रही है।

## युवक की हत्या मामले में पुलिस ने किया तीन को गिरफ्तार



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुमारबाग थाना क्षेत्र के कुड़िया कोठी चौक पर गुरूवार को युवक की हुई हत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ विवेक कुमार दीप ने बताया कि गुरूवार को दिनदहाड़े पूर्व विवाद को लेकर रानीपुर निवासी एक युवक रतन कुमार को कतिपय तत्वों ने चाकु से गोद गोद कर हत्या कर दी थी। घटना की सूचना मिलते हीं पुलिस ने पहुंचकर वहां मौजूद सीसीटीवी फुटेज की तलाशी, तकनीकी अनुसंधान आरंभ की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कांड उदभेदन के लिए एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इसी क्रम में सूचना मिली कि घटना में शामिल हिमांशु बैठा, सुमीत पटेल एवं साजिशकर्ता मनोज बैठा नेपाल जाने के फिराक में है। तत्काल टीम ने तीनों को धर दबोचा। इस दौरान घटनास्थल से एक बाइक भी बरामद की गयी। जबकि गिरफ्तार युवको के निशानदेही पर घटना मेंप्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार हिमांशु बैठा एवं सुमीत पटेल का पूर्व का आपराधिक इतिहास भी है। एसडीपीओ ने बताया कि हत्या मामले में मृतक की मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट में दोनों पक्षों के छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**सिसवन (सीवान) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के गंगपुर सिसवन गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह कार्रवाई दोनों पक्षों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर की गई है। पहले पक्ष की ओर से बसंती देवी, पत्नी रमेश प्रसाद, के आवेदन पर पप्पू प्रसाद, राजकुमार बिन, रिंकी देवी और शिवरतिया देवी को नामजद किया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से शिवरतिया देवी के आवेदन पर बसंती देवी और रमेश प्रसाद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### नशे में हंगामा कर रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**सिसवन (सीवान) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर बाजार में गुरुवार शाम को शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद शुक्रवार को उसे सिवान जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान एम एच नगर थाना क्षेत्र के कन्हौली गांव निवासी मदन दुबे के रूप में हुई है।

### मारपीट में महिला घायल, थाने में दी शिकायत

**सिसवन (सीवान) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के गंगपुर सिसवन में शुक्रवार सुबह आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के नौतन गांव निवासी विजय महतो की पत्नी बिनु गुप्ता के रूप में हुई है। वह गंगपुर गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आई हुई थीं, जहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ और मारपीट की नौबत आ गई। घायल महिला ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर उपभोक्ता को आर्थिक-मानसिक नुकसान के लिए 15 हजार जुर्माना

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला उपभोक्ता फोरम ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा बसंतपुर पर 15 हजार रुपये का जुमार्ना ठोका है। यह जुमार्ना जगतपुर गांव निवासी उपभोक्ता ईश्वर सिंह के खाते से हुई बैंक की गलती को लेकर लगाया गया है। वर्ष 2017 में उनके खाते से 10 हजार रुपये किसी अन्य के खाते में स्थानांतरित कर दिए गए थे, जिसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने बैंक से शिकायत की थी। ईश्वर सिंह ने जब बैंक से कई बार गुहार लगाई, तो बैंक ने गलती स्वीकार तो की, लेकिन राशि लौटाने में टालमटोल करता रहा। महीनों बीत जाने के बाद जब कोई समाधान नहीं मिला, तो ईश्वर सिंह ने थक-हारकर जिला उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया। फोरम ने मामले की विस्तृत सुनवाई के बाद पाया कि बैंक की सेवा त्रुटिपूर्ण रही और उपभोक्ता को मानसिक और आर्थिक क्षति हुई है। इसके आधार पर फोरम ने बैंक को आदेश दिया है कि वह पीड़ित को 15 हजार रुपये बतौर हजार्ना और 10 हजार रुपये मूलधन के रूप में दो माह के भीतर लौटाए। फोरम ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में बैंक भुगतान नहीं करता है, तो उसे कुल 25 हजार रुपये की राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से अतिरिक्त भुगतान भी करना होगा।

### मझौलिया बजार समिति में बनेगा मनरेगा पार्क

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार के पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री रेणु देवी के निर्देश पर शिकारपुर के तर्ज पर मझौलिया बाजार समिति में भी मनरेगा पार्कबनाया जायेगा।इसको लेकर मनरेगा कार्यपालक अभियंता सुरेश चौधरी,निदेशक राष्ट्रीय नियोजन जिला ग्रामीण विकास अधिग्रहण अमित पांडेय व मनरेगा पदाधिकारी नीरज पांडे द्वारा मझौलिया कृषि उत्पादन बाजार समिति मझौलिया को चिन्हित किया है।इस संदर्भ में मनरेगा पदाधिकारी ने बताया कि शिकारपुर के तर्ज पर मझौलिया में भी मनरेगा के तहत पार्क बनाया जायेगा।इस मौके पर स्थानीय मुखिया सत्यप्रकाश,व रंजन पटेल भी उपस्थित थे।

### ट्रेन से गिरने से महिला की मौत

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इटर सिटी एक्स अप से 40 वर्षीय महिला के गिर कर मौत हो गई । महिला का शव मुसहरवा स्टेशन से करिब 100 मिटर के दूरी पर छत विक्षित स्थिति में पाया गया । बतलाया जा रहा है कि शुक्रवार के सुबह जब इटर सिटी एक्स नरकटियागज से पाटलीपुत्र के लिए जा रही थी उसी ट्रेन से एक महिला अचानक से निचे गिर गई एवं ट्रेन के चपेट में आ गई और देखते ही देखते महिला का शरीर कई हिस्सो मे बट गया। इसके बाद मुसहारवा रेलबे स्टेशन के स्टेशन मास्टर द्वारा साठी थाना को सूचना दिया गया । सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष धिरज कुमार ने ै अमरजीत कुमार, निधी कुमारी , चन्द्रशेखर कुमार के साठ घटना स्थल पर पहुंचे और वहां छत विक्षित पड़े महिला के शव को एकत्रित कर के बेतिया जी एम सी एच में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये । थाना अध्यक्ष धिरज कुमार ने बतलाया कि महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### कार्य मे लापरवाही को लेकर दो विकास मित्र को शो कॉज

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल सभागार में शुक्रवार को गौनाहा एवं नरकटियागंज प्रखंड के सभी विकास मित्रो की समीक्षा बैठक अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश नारायण सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक के दौरान एसडी डब्लूओ ने सभी विकास मित्रो को नए फॉर्मेट पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।एसडीडब्लूओ श्री सिंह ने बताया कि विकास शिविर में प्राप्त आवेदनों का ससमय ऑनलाइन अपलोड करने का निर्देश सभी को दिया गया है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्य मे लापरवाही को लेकर गौनाहा प्रखंड के बेलसंडी पंचायत के रवि कुमार माझी एवं नौतनवा के विकास मित्र आशा किरण पर शो कॉज किया गया है। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मनोज कुमार भी उपस्थित थे।

### बाजार दर पर निर्धारित होगा जिप के दुकान का किराया

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला परिषद की राजस्व वृद्धि के लिए 39 सौ एकड़ जमीन का व्यावसायिक उपयोग होगा। बाजार दर पर जिला परिषद के पूर्व से आवंटित लगभग 500 दुकानों का किराया निर्धारण होगा। उक्त जानकारी जिला परिषद के अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो ने दी। वित्त अंकेक्षण एवं योजना समिति और सामान्य स्थायी समिति की बैठक में आधे दर्जन एजेंडों पर मुहर लगी। उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने बताया की पोर्टल पर अपलोड वित्तीय वर्ष 23- 24 और 24 -25 के 15 वें वित्त आयोग और षस्टम वित्त आयोग की लंबित पड़ी योजनाओं की स्वीकृति एक सप्ताह में दे दी जाएगी। नवनिर्मित दुकानों को पूरा करा कर डाक के माध्यम से आवंटित की जाएगी। फुटपाथी दुकानदारों को जमीन आवंटन करके राजस्व वृद्धि की जाएगी। खेती योग्य जमीन का भी मूल्यांकन करके लीज पर दिया जाएगा। वही खाली पड़े जमीन पर होल्डिंग, पोस्टर लगाने का भी निर्णय लिया गया।उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश अभियंताओं को दिया। ताकि बरसात के पूर्व विकास कार्यों को पूर्ण कराया जा सके। बैठक में अमर यादव, जगन्नाथ यादव, मनोज कुशवाहा, अरबून नेशा, रमाशंकर कुशवाहा, पूनम देवी, आशुतोष मल्ल, रेणु देवी, नूर मोहम्मद अंसारी,सगीर मियां, जितेंद्र गुप्ता आदि थे।

# डीएम के जनता दरबार में 75 मामलों की हुई सुनवाई



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 75 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/ अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें खेल, राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया उनमें रंजन गद्दी, मुकेश कुमार सिंह, सुगंधी देवी, अरविन्द महतो, रमेश प्रसाद चौरसिया, विकास कुमार, एकता कुमारी, सदानंद दास, दिनेश यादव, मोतीलाल शर्मा, शंभु यादव, प्रेमा कुमारी, नसरूल्लाह मियां, इश महम्मद बैठा, दरोगा पटेल, रामाशीष प्रसाद कुशवाहा, निरज बरनवाल, प्रिन्स गुप्ता, कुमारी अनिता गुप्ता, भगवान महतो आदि के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, वरीय उप समाहर्ता, रोचना माद्री, निधि राज, जिला स्थापना उप समाहर्ता, अहमद अली अंसारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ठठवा में बिरहा नदी पर पुल निर्माण के लिए एसडीएम ने किया निरीक्षण



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतनवा पंचायत के ठठवा गांव के समीप बिरहा नदी पर पुल निर्माण को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम श्री गुप्ता ने स्थानीय मुखिया अलिमोहमद व ग्रामीणों से मिलकर बिरहा नदी पर पुल बनाने की दिशा में पहल की। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए पुल निर्माण की दिशा में तेजी से पहल करने का निर्देश दिया। एसडीओ श्री गुप्ता ने बताया कि नौतनवा पंचायत के ठठवा में ग्रामीणों से मिलकर बिरहा नदी पर पूल निर्माण को लेकर आश्वस्त कराया गया है कि इस बार नदी पर पुल जल्द हीं बनेगा। इसको लेकर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात की गई है। उन्होंने बताया कि पुल निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार कर लिया गया है। तकनीकी स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति व टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। वही स्थानीय मुखिया अली मोहम्मद, ग्रामीण क्यूम अंसारी, लालदेव गद्दी, नूर गद्दी, शमशुल गद्दी, इलियास गद्दी, फैयाज गद्दी, मोहर्रम गद्दी, शिवशंकर शर्मा, विकास कुमार आदि ने बताया कि बिरहा नदी पर पुल नही बनने से मानपुर, डमरापुर, बिरंचि, पडरिया, पचमवा, फुलवरिया, झरहरवा, सुखवानिया, जमुनिया एवं ठठवा गाव के लोगो को अनुमंडल एवं प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए करीब 15 अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। इतना ही नही नदी के उसपार ठठवा गांव का कब्रिस्तान एवं श्मशान है। बरसात के समय मे नदी में पानी आने के बाद किसी की मृत्यु हो जाने पर 15 किलोमीटर अधिक दूरी तय कर लोगो का अंतिम संस्कार किया जाता है। अगर नदी पर पुल बन जाता है तो इन सभी गाव के लोग मथुरा चौक होते हुए प्रखंड एवं अनुमंडल मुख्यालय जाने में कम दूरी तय करनी पड़ेगी। ग्रामीणों ने कहा कि पुल बनाने को लेकर पिछले कई सालों से मांग किया जा रहा हैं। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी केवल आश्वासन देकर चले जाते हैं। अब विधानसभा चुनाव आने वाला है। अगर पुल इस बार भी नहीं बना तो सभी ग्रामीणों ने आंदोलन करेंगे तथा विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करेंगे। बता दे कि लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया था। लेकिन आरडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता व सीओ के समझाने व पुल बनाने के आश्वासन के बाद मतदान के लिए राजी हुए थे। वावजूद आज तक पुल का निर्माण कार्य नहीं शुरू नही हो सका है।

## बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से मतदाता सूची स्वच्छ और निष्पक्ष बनाने के लिए तैयारी आरंभ कर दी गई है। इसी संबंध में शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में बूथ संख्या 180 से लेकर 221 तक के सभी बीएलओ को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। दिल्ली से आए प्रशिक्षक राजेश तिवारी, सहायक प्रशिक्षक शिव शंकर ठाकुर ने बताया कि सभी बीएलओ का मानदेय पहले 6,000 रुपए था, सरकार ने इसे डेढ़ गुना अधिक कर दिया है। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी बीएलओ को बताया गया कि अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करें और क्षेत्र भ्रमण कर मृत लोगों का नाम मतदाता सूंची से हटाए। इसके साथ ही सूंची में गलत व दोहरी प्रविष्टि नाम को हटाना हैद्य-फार्म संख्या छह, छह क, सात, आठ को भरना है। वहीं प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए बीडीओ शिवजन्म राम ने बताया कि सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यो का निर्वहन करें।

## सीवान में व्हाट्सएप ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट करने पर शिक्षक निलंबित

**बीआरसी व्हाट्सएप ग्रुप में विवादित संदेश वायरल, जांच में दोषी पाए जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने की कार्रवाई**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा, मकतब, महाराजगंज के शिक्षक नासीर अंसारी को बीआरसी व्हाट्सएप ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट साझा करना भारी पड़ गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मामले की जांच कराए जाने के बाद प्रथम द्दष्ट्या शिक्षक को दोषी पाया गया, जिसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बताते हैं कि, महाराजगंज बीआरसी व्हाट्सएप ग्रुप में शिक्षक नासीर अंसारी द्वारा की गई पोस्ट से अन्य शिक्षकों और अधिकारियों में असंतोष की लहर दौड़ गई थी। मामला सामने आते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित की। जांच रिपोर्ट में शिक्षक को आपत्तिजनक और अनुशासनहीन आचरण का दोषी पाया गया। इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निलंबन का आदेश जारी किया। इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि 'शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे मर्यादित और अनुशासित व्यवहार करें। शिक्षा विभाग ऐसे किसी भी आचरण को बर्दाश्त नहीं करेगा जो संस्थागत गरिमा को ठेस पहुंचाए।' जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि निलंबन के पश्चात आगे की विभागीय जांच प्रक्रिया जारी रहेगी। दोष सिद्ध होने पर नासीर अंसारी के विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

## षड्यंत्र के तहत पति की हत्या, पत्नी ने कराया केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** षड्यंत्र रच पति की हत्या कर देने के मामले में पत्नी ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। मामला मानपुर थाना के कमलानगर का है। मृतक राजदेव माझी की पत्नी रामप्रभा देवी ने पलिस को दिए आवेदन में बताया है कि विगत चार माह पूर्व 9 फरवरी को भंगहा थाना के रामपुर में लगे मेला को देखने के लिए गांव के योगींद्र यादव,साठा यादव और मामूल मियां मेरे घर आए और मेरे पति राजदेव माझी को मेला देखने के लिए ले गए। मेला से 2 दिन तक मेरे पति घर नहीं लौटे। बहुत खोजबीन की कुछ अता पता नहीं चला। 11 फरवरी को को पुलिस द्वारा सूचना मिली कि उसके पति का डेड बॉडी नेपाल के ओरिया के पास पड़ा है। इधर नेपाल पुलिस डेड बाडी को पोस्टमार्टम करा सहोदरा पुलिस को सूचना दी। सहोदरा पुलिस मानपुर पुलिस की सूचना दी। इधर पुलिस की सूचना पर मृतक के बेटे ने नेपाल जाकर शव की शिनाख्त की।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों पर किये गए करवाई को लेकर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने शुक्रवार को बगहा में तिरंगा यात्रा निकालकर भारत के वीर सैनिकों की अदम्य साहस व शौर्य के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के अगुवाई में निकाली तिरंगा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपा कार्यकर्ताओं का तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय से निकलकर बगहा रेलवे ढाला चौक ,रेलवे स्टेशन होते हुए विभिन्न चौक चौराहा से होकर गुजरा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय हिंद नारों से पूरा शहर गूंजता रहा। इस पर केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि मिशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला करना एवं उनके ठिकानों को ध्वस्त करना भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं शौर्य का परिचय है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में हमारी सेना पूरे जोश में हैं। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान इसके बाद भी अपने इन हरकतों पर रोक नहीं लगता है तो हमारी सेना पाकिस्तान में घुसकर पुनः वार करेगी और इसका खामियाजा पाकिस्तान को भुगतना पड़ेगा। वही बगहा विधायक राम सिंह ने भी देश के जवानों के शौर्य एवं साहस के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## बहु को बनाया हवस का शिकार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के एक वार्ड पार्षद द्वारा अपनी चचेरी बहु को हवस का शिकार बनाया है। मामला नगर परिषद क्षेत्र का है। मामले में पीड़िता ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे वार्ड पार्षद समेत अन्य को नामजद किया है। आरोप है कि दो माह पहले वह रमन नामक व्यक्ति से वीडियो कॉल से बातचीत करती थी। इसका फायदा उठाकर रमन ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। उक्त वीडियो पार्षद को मिला और पार्षद ने एक माह पूर्व उक्त वीडियो से ब्लैक मेल कर उसे धमकी देकर जबरन शारीरिक संबंध का बनाया। 13 मई की दोपहर पति के नही रहने पर पार्षद फिर से उसके घर मे घुस गया और डरा धमकाकर संबंध बनाने का प्रयास करने लगा।

## प्राइवेट स्कूलों में जारी है किताबों पर 'कमिशन का खेल'

**पैटर्न की आड़ में हर साल बदल रहीं किताबें, अभिभावकों पर आर्थिक बोझ**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को हर साल नई किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सीबीएसई (सीबीएसई) पैटर्न की आड़ में स्कूल प्रशासन अलग-अलग निजी प्रकाशकों की किताबें पढ़ा रहा है, जो न केवल महंगी होती हैं बल्कि हर साल बदली भी जाती हैं। इस वजह से अभिभावकों पर आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है।

**हर साल नई किताबें, हर बार नया खर्च**

निजी स्कूलों में बच्चों को हर क्लास के लिए अलग-अलग प्रकाशनों की किताबें दिलवाई जा रही हैं। पिछले साल जिस पब्लिकेशन की किताबें थीं, इस साल किसी और का चयन कर लिया गया। नतीजा पुराने बच्चों की किताबें किसी काम की नहीं रहीं और नए बच्चों को पूरी नई किताबें खरीदनी पड़ रही हैं।

**सीबीएसई की गाइडलाइन का हो रहा उल्लंघन**

सीबीएसई ने पहले ही निर्देश जारी किए हैं कि स्कूलों को एनसीईआरटी की किताबें ही प्राथमिकता में रखनी चाहिए। लेकिन ज्यादातर प्राइवेट स्कूल इन दिशानिदेशों की अनदेखी करते हुए निजी प्रकाशकों की किताबें थोप रहे हैं, जो एनसीईआरटी की तुलना में कई गुना महंगी होती हैं।

**कमीशन के लालच में बच्चों की पढ़ाई से खिलवाड़**

सूत्रों के अनुसार, कई प्रकाशन स्कूलों को मोटा कमीशन या अन्य लाभ देते हैं, जिसके चलते स्कूल उन्हीं की किताबें अपनाते हैं। यह एक तरह से 'बिजनेस मॉडल' बन गया है, जिसमें शिक्षा से ज्यादा लाभ कमाने की सोच हावी है।

**अभिभावकों की पीड़ा, विरोध की तैयारी**

कई अभिभावकों ने इस मनमानी पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि वे हर साल हजारों रुपये किताबों पर खर्च नहीं कर सकते। कुछ संगठनों ने शिक्षा विभाग से शिकायत करने की बात भी कही है और मांग की है कि इस पर नियंत्रण लगाया जाए। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि बार-बार किताबें बदलने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। किताबों का अनावश्यक बदलाव बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को बाधित करता है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि, मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच कराई जाएगी।

## जनता दरबार में डीएम ने सुनी 69 फरियादें

**समाहरणालय सभागार में लगा दरबार, कई मामलों में अधिकारियों को तुरंत दिए निर्देश**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी जनता के दरबार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डीएम मुकुल कुमार गुप्ता खुद लोगों की समस्याएं सुनने पहुंचे। इस दौरान जिले के अलग-अलग प्रखंडों से आए 69 फरियादियों ने अपनी बात रखी।

**फरियादियों की भीड़, हर विभाग से जुड़ी समस्याएं**

जनता दरबार में पहुंची समस्याएं ज्यादातर राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, आपूर्ति, बाल संरक्षण और भू-अर्जन से जुड़ी थीं। डीएम ने अंचल अधिकारी सिवान सदर, पचरुखी, हुसैनगंज, दरौंदा, दरौली, गोरियाकोठी, भगवानपुर हाट, महाराजगंज, आंदर और हसनपुरा सहित सभी संबंधित अफसरों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

**कई मामलों में हुआ ऑन-द-स्पॉट एक्शन**

कुछ फरियादों को सुनने के बाद डीएम ने संबंधित अफसरों को तुरंत फोन कर कार्रवाई करने को कहा। वहीं, लंबित मामलों को जल्द निपटाने के लिए तय समयसीमा में रिपोर्ट मांगी गई है।

**प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से हुई सुनवाई**

डीएम ने साफ कहा कि जनता दरबार औपचारिकता नहीं है, यहां हर फरियादी को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**डीपीआरओ ने दी जानकारी**

जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि कुल 69 परिवाद पत्रों पर सुनवाई की गई। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का समय पर और नियमानुसार समाधान किया जाए।

## खरीफ सिंचाई 2025 की तैयारी शुरू: सीवान परिक्षेत्र की योजनाओं की हुई समीक्षा, मंत्री ने दिए समय पर काम पूरा करने के निर्देश

**समीक्षा बैठक में हुई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, दो योजनाओं पर काम शुरू, 1.07 करोड़ की लागत, पिछली कटानों की मरम्मत पूरी**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खरीफ सिंचाई 2025 को लेकर जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित अहम बैठक में सीवान परिक्षेत्र की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने की। बैठक में विभागीय तैयारियों, स्वीकृत योजनाओं और अब तक की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि शीर्ष 2700 मद के अंतर्गत दो योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इन योजनाओं पर कार्य प्रारंभ हो चुका है और यह दो प्रमंडलों में क्रियान्वित की जा रही हैं। कुल मिलाकर इनकी लागत 1.0752 करोड़ है। इसके साथ ही पिछले वर्ष के चार स्थानों पर हुए कटानों की मरम्मत का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य तय समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने निर्देश दिया कि कार्यों की निगरानी जियोटैगिंग फोटोग्राफ के माध्यम से सुनिश्चित की जाए और प्रगति की नियमित रिपोर्टिंग की जाए। बैठक में अपर सचिव नवीन, अपर सचिव पवन कुमार सिन्हा, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) शरद कुमार, अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन) अवधेश कुमार, मुख्य अभियंता (योजना एवं मॉनिटरिंग) ब्रजेश मोहन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डेंगू दिवस : 'देखें, साफ करें, ढकें' थीम पर चलेगा जागरूकता अभियान

**सीवान के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर होंगे कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों की भूमिका को बताया गया अहम**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डेंगू जैसे घातक रोग से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'देखें, साफ करें, ढकें' डेंगू हराने के उपाय करें" रखी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर के स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें डेंगू से बचाव, पहचान और उपचार को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**मानसून से पहले सबसे ज्यादा खतरा, डेंगू लार्वा साफ पानी में पनपता है**

सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि डेंगू का मच्छर आमतौर पर साफ और ठहरे हुए पानी में अंडे देता है। जैसे ही मानसून की शुरूआत होती है, डेंगू के मामलों में इजाफा होने लगता है। ऐसे में समय रहते साफ-सफाई और एहतियात बरतना जरूरी है।

**गांव से शहर तक चलेगा अभियान, पंचायत-परिषदों की ली जाएगी मदद**

ग्रामीण इलाकों में ग्राम पंचायत और शहरी क्षेत्रों में नगर पंचायत व नगर परिषद को अभियान से जोड़ा गया है। डॉ. प्रसाद के अनुसार, जनप्रतिनिधियों को इसमें भागीदारी निभानी होगी, ताकि समुदाय के हर वर्ग तक जागरूकता पहुंच सके।

**ञलक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएंञ, बोले डॉ. कुंदन कुमार**

वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. कुंदन कुमार ने बताया कि डेंगू के लक्षण अक्सर वायरल या फ्लू जैसे होते हैं। ऐसे में लोगों को भ्रम से बचने के लिए रक्त जांच जरूर करानी चाहिए। दिन में काटने वाला डेंगू मच्छर बाकी मच्छरों से अलग होता है।

**'जनजागरूकता से रोका जा सकता है डेंगू', बोले डॉ. ओपी लाल**

डॉ. ओम प्रकाश लाल ने बताया कि डेंगू दिवस के अवसर पर पूरे जिले में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य संस्थानों में लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, जलजमाव रोकने और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए जाएंगे।

**केंद्र से मिले निर्देश, राज्यभर में चलेंगे कार्यक्रम**

राष्ट्रीय स्तर पर डॉ. तनु जैन के निर्देश पर और डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा की देखरेख में राज्यभर के जिलों में अभियान को गति दी गई है। सभी जिलों के सिविल सर्जन, एसीएमओ और डीवीसीपीओ को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं।

## राजद की सीवान में अहम बैठक, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

**लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बनाई गई रणनीति, पारदर्शी संगठनात्मक चुनाव की चर्चा**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सीवान जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंजीनियर बिपिन कुशवाहा ने की, जबकि जिला निर्वाचन प्रभारी रेयाजुल हक राजू बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस बैठक में जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों ने भाग लिया।

**संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान**

बैठक में जिलाध्यक्ष बिपिन कुशवाहा ने कार्यकताओं से अपील की कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें और आम जनता के बीच पार्टी की नीति, विचारधारा और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यह समय संगठनात्मक मजबूती का है और सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और समर्पण से काम करना होगा।

**संगठनात्मक चुनाव और आगामी रणनीति पर चर्चा**

बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करना और आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करना था। कुशवाहा ने स्पष्ट किया कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है, इसलिए हर स्तर पर सक्रियता जरूरी है।

**सामाजिक न्याय और समावेशी विकास पर फोकस: रेयाजुल हक राजू**

निर्वाचन प्रभारी रेयाजुल हक राजू ने संगठन के विस्तार और पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि राजद सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी की मूल विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी अंगों को सक्रिय और संगठित रहना होगा।

**प्रखंड स्तर पर जल्द होंगी बैठकें, बूथवार टीम बनेगी**

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक प्रखंड स्तर पर शीघ्र ही संगठनात्मक बैठकें आयोजित की जाएंगी। साथ ही, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की टीम गठित कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, ताकि पार्टी की जमीनी पकड़ और अधिक मजबूत हो सके।

**एकजुटता और समर्पण से ही मिलेगी सफलता**

अंत में नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मतभेद भुलाकर एकजुट हों और संगठन को मजबूत करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाएं। बैठक ने यह संदेश दिया कि राजद आने वाले चुनावों में पूरी ताकत के साथ उतरने के लिए तैयार है।

## औरंगाबाद के लिए 72.44 करोड़ की जलापूर्ति परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति

# शहर को पेयजल संकट से मिलेगी राहत

- **औरंगाबाद शहर में 135 किलोमीटर लंबा जल वितरण नेटवर्क बिछाया जाएगा**
- **इसके माध्यम से 11,425 घरों को सीधे घरेलू जल संयोजन से जोड़ा जाएगा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पेयजल संकट से जूझ रहे औरंगाबाद शहर के लोगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। राज्य सरकार ने केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत योजना) के तहत 72 करोड़ 44 लाख 65 हजार 400 रुपये की लागत वाली जलापूर्ति परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इससे शहर को वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार इस परियोजना के अंतर्गत औरंगाबाद शहर में 135.100 किलोमीटर लंबा जल वितरण नेटवर्क बिछाया जाएगा। इसके माध्यम से 11,425 घरों को सीधे घरेलू जल संयोजन से जोड़ा जाएगा। इस परियोजना के क्रियान्वयन से शहर में नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। गर्मी के मौसम में जब शहरवासी पानी की कमी से परेशान रहते हैं, ऐसे समय में यह परियोजना वरदान साबित हो सकती है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजना औरंगाबाद शहर को पेयजल संकट से स्थायी राहत देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। अब लोगों को पानी के टैंकरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और स्वच्छ पेयजल की सुलभता से जनस्वास्थ्य में भी सुधार आएगा। सरकारी स्वीकृति के इस फैसले को स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने विकास की दिशा में एक अहम कदम बताया है। जल आपूर्ति व्यवस्था के सुदृढ़ होने से शहर के बुनियादी ढांचे को नया बल मिलेगा और नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सकेगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के रफीगंज रेलवे स्टेशन और देव रोड के बीच पोल संख्या 507/33 के पास अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात 60 वर्षीया महिला की मौत हो गई। रेलवे इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। पहचान के लिए आसपास लोगों से पूछताछ की गई। काफी मशक्कत के बाद भी महिला की पहचान नहीं हो सकी। इसकी सूचना राजकीय रेल थाना सोननगर के पुलिस पदाधिकारी को दी गयी। वे अग्रिम कार्यवाही हेतु शव को अपने कब्जे में लेकर चले गए। महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

## वर्षों से फरार नक्सली चढ़ा पुलिस के हत्थे

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स की ओर से नक्सलियों की धर- पकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मदनपुर थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के हार्डकोर नक्सली जगलाल सिंह भोक्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। वह गया जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र के मेहरांव गांव का रहने वाला है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार हार्डकोर नक्सली के विरुद्ध मदनपुर थाना में कई मामले पूर्व से दर्ज हैं। पुलिस को इसकी लंबे अरसे से तलाश थी। उन्होंने बताया कि पुलिस की ओर से औरंगाबाद जिले को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है और करीब 120 नक्सली कांडों में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी लगातार की जा रही है।

# देवकुंड और औरंगाबाद में केंद्रीय विद्यालय निर्माण का रास्ता साफ, भूमि बंदोबस्त को मंजूरी

## एक रुपए के टोकन मूल्य पर 30 वर्षों के लिए लीज पर मिली भूमि




- **औरंगाबाद जिला मुख्यालय के समीप स्थित मौजा रामडीह एवं गंगटी में कुल 3.96 एकड़ भूमि केंद्रीय विद्यालय निर्माण हेतु हुई आवंटित**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर औरंगाबाद जिला मुख्यालय एवं देवकुंड में केंद्रीय विद्यालयों के निर्माण का मार्ग अब प्रशस्त हो गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दोनों स्थानों पर विद्यालय भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को लीज पर दिए जाने की स्वीकृति मिल गई है। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद देवकुंड में 4 एकड़ गैर मजरूआ आम भूमि केंद्रीय विद्यालय के लिए चिन्हित की गई है। यह भूमि एक रुपए के टोकन मूल्य पर 30 वर्षों के लिए निःशुल्क लीज पर दी गई है, जिसमें लीज नवीकरण का विकल्प भी शामिल है। इसी तरह औरंगाबाद जिला मुख्यालय के समीप स्थित मौजा रामडीह एवं गंगटी में कुल 3.96 एकड़ भूमि केंद्रीय विद्यालय निर्माण हेतु आवंटित की गई है। यह भूमि भी समान शर्तों पर, यानी एक रुपए टोकन मूल्य पर 30 वर्षों के लिए लीज पर दी गई है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव दीपक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए प्रेस नोट जारी किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है और इससे दोनों क्षेत्रों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी। स्थानीय लोगों और अभिभावकों में इस फैसले को लेकर हर्ष व्याप्त है। उन्हें उम्मीद है कि केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना से न केवल बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी तेजी आएगी।

# 20 सूत्री समिति की पहली बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारून (औरंगाबाद)।** बारून प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने की, जबकि कार्यक्रम की संपूर्ण देखरेख सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा की गई। बैठक की शुरुआत प्रखंड परिसर में 20 सूत्री कार्यालय के उद्घाटन से हुई, जिसे अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने विधिवत रूप से किया। इसके पश्चात बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इन योजनाओं में स्वास्थ्य सेवाएं, जन वितरण प्रणाली, पेयजल एवं स्वच्छता, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाल विकास परियोजना, विद्युत आपूर्ति, कृषि एवं पशुपालन जैसे प्रमुख विभागों के कार्य शामिल थे। अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य की पूर्ति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने पंचायत स्तर पर भी जनसुनवाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। बीडीओ मनोज कुमार अग्रवाल ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया। बैठक में जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, पेयजल संकट के समाधान तथा मनरेगा के तहत रोजगार सृजन जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने कहा कि यह समिति की पहली बैठक है और आनेवाली बैठकों में जनता को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बारुन- नबीनगर सड़क पर लगभग 15 किलोमीटर तक फ्लाई ऐश गिरने से स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो विधिसम्मत तरीके से बिहार सरकार को लिखित शिकायत भेजी जाएगी। बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय, सदस्य वीरेंद्र चंद्रवंशी, उदय पटेल, जितेंद्र सिंह, विभुति नारायण पांडेय, प्रमिला देवी, राजकुमार ठाकुर, पारस कुमार सिंह, जागरूक पासवान, दुर्गेश कुमार सहित प्रखंड के कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अतिक्रमित जमीन को कराया मुक्त

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** अतिक्रमित जमीन को फेसर थाना की पुलिस एवं राजस्व कर्मियों के सहयोग से मुक्त कराया गया। उक्त जमीन पर सूरज यादव, रामचन्द्र यादव एवं विजय यादव का वर्षों से कब्जा था। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के आदेश पर शुक्रवार को राजस्व कर्मियों एवं पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी मौके पर जाकर बुलडोजर के जरिये अवैध कब्जा हटवाकर उस जमीन को मुक्त कराया। इस दौरान कार्रवाई को देखने के लिए ग्रामीण भी जुटे। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पहले सभी संबंधित पहलुओं की जांच की गई। वहीं विभागीय जांच के बाद अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

# जिला कार्यसमिति की बैठक में एकजुटता से चुनाव जीतने का लिया संकल्प




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी औरंगाबाद जिला कार्यसमिति की बैठक जिला मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता कौशल विद्यार्थी, विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजन सिंह, प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा तथा नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन टैगोर कुमार ने किया। जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने अध्यक्षीय भाषण में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पद की परवाह किए बिना संगठन को मजबूत करें और एकजुट होकर एनडीए की जीत सुनिश्चित करें। महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने बूथ स्तर से पंचायत और मंडल तक संगठन को सशक्त बनाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचानी होंगी। विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि हर कार्यकर्ता का उत्साह ही पार्टी की ताकत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन के हर कर्मठ कार्यकर्ता के साथ वे खड़े रहेंगे। कौशल विद्यार्थी ने आगामी दिनों में प्रधानमंत्री की रैली समेत विभिन्न संगठनों को सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अमन कुशवाहा ने किया। बैठक में मुकेश कुमार सिंह, दीपक कुमार, अनिता सिंह, सरिका शहर, दीपक उपाध्याय, रंजीत कुशवाहा, रेखा गुप्ता, सुबोध सिंह, मुकेश कुमार शर्मा, संजय मेहता, अवध बिहारी सिंह, इंद्रदेव यादव, मनोज शर्मा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, वासु, राहुल कुमार, आशुतोष मोनू, शुभम कुमार, सुनील शर्मा, अशोक कुमार सिंह, अशोक पांडे, सुमन अग्रवाल, सीमा गुप्ता, संजय गुप्ता सहित जिले के सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं जिला कार्यसमिति के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने आगामी चुनाव में पार्टी को बहुमत दिलाने के लिए पूरी ताकत से जुटने की बात कही।

## ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को दी गई स्टेट बैंक की योजनाओं की जानकारी

# ग्राहक संपर्क कार्यक्रम में कृषि व्यापार को लेकर जागरूकता पर जोर




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय की ओर से शुक्रवार को एक ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार ने की। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों से आए प्रगतिशील किसानों और एफपीओ को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न कृषि और व्यावसायिक योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने कृषि और खाद्य उद्यम ऋण, कृषि अवसंरचना निधि, किसान समृद्धि ऋण, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करना है, लेकिन जानकारी के अभाव में किसान अभी भी इन योजनाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। एसबीआई अधिकारियों ने कहा कि किसानों के बीच योजनाओं की जानकारी फैलाकर ही उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। इस मौके पर किसानों से उपयोगी संवाद भी हुआ, जिससे कुछ संभावित लीड प्राप्त हुई हैं, जिन्हें जल्द ही व्यापारिक अवसरों में बदला जाएगा। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद, नाबार्ड के डीजीएम सुशील कुमार सिंह तथा डीआईसी के जीएम मोहम्मद अफ्फान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एसबीआई से मुख्य प्रबंधक (क्रेडिट एंड एनपीए) संतोष कुमार गुप्ता, मुख्य प्रबंधक औरंगाबाद रितेश कुमार, बारून शाखा प्रबंधक संतोष सिंह, आरएमआरयू के असीम जाना और नीलाभ कुमार सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैंक की ओर से यह कार्यक्रम न केवल सूचना का आदान-प्रदान करने का जरिया बना, बल्कि यह किसानों के साथ मजबूत संपर्क स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी साबित हुआ।

## सीबीएसई परीक्षा में शिवम को मिला 90.6 प्रतिशत अंक



**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** सीबीएसई की परीक्षा में डीएवी औरंगाबाद के छात्र शिवम सिन्हा ने 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। छात्र के इस सफलता पर अभिभावकों एवं गुरुजनों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। माता रश्मि सिन्हा एवं पिता राजू रंजन सिन्हा ने बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर कहते हुए कहा कि शिवम बचपन से एक मेघावी छात्र रहा है।

# बिहार के हर बच्चे तक पहुंचेगी 'कच्चा आम पका आम' की मधुर कहानी

## औरंगाबाद के लेखक चंद्रशेखर प्रसाद साहू की बाल साहित्य में अहम उपलब्धि




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार के प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों के लिए अब एक नई कहानी किताब उनके पाठन-संसार का हिस्सा बनने जा रही है। औरंगाबाद जिले के प्रख्यात साहित्यकार व शिक्षाविद चंद्रशेखर प्रसाद साहू द्वारा लिखित बाल पुस्तक 'कच्चा आम पका आम' को राज्य के सभी डायट (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) में उपलब्ध करा दिया गया है। इसका अर्थ यह है कि यह पुस्तक अब शिक्षा के औपचारिक ढांचे में बच्चों तक पहुंचाई जाएगी। श्री साहू पिछले ढाई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और वर्तमान में मध्य विद्यालय, कुटुंबा में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित हैं। बाल साहित्य और रचनात्मक लेखन में इनकी विशेष रुचि रही है। इससे पहले उनकी दो पुस्तकें 'हमारा परिवेश और जीवन मूल्य' तथा एक कहानी संग्रह 'मुक्ति अभी शेष है' प्रकाशित हो चुकी हैं। वर्ष 2020 में उन्हें राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। 'कच्चा आम पका आम' पुस्तक में बिहार के सबसे लोकप्रिय फल आम को केंद्रीय पात्र बनाकर बच्चों की सोच, जिज्ञासा और रचनात्मक दृष्टिकोण को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक न केवल मनोरंजन करती है, बल्कि बच्चों को सोचने और अपने आसपास की दुनिया को समझने के लिए प्रेरित भी करती है। श्री साहू का मानना है कि बदलते समय और परिवेश में बच्चों को अपनी संस्कृति, पर्यावरण और संवेदनाओं से जोड़ना बेहद आवश्यक है। बाल साहित्य इस दिशा में सेतु का काम करता है। पुस्तक का प्रकाशन बीपीईसी (बिहार शिक्षा परियोजना परिषद) और आईईपीएल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ है। 'कच्चा आम पका आम' निस्संदेह बाल साहित्य में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो बिहार के भविष्य, उसके बच्चों को संवेदनशील, रचनात्मक और विचारशील बनाएगा।

# दो विद्यालयों के सभी शिक्षकों का होगा अन्यत्र तबादला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता चंद्रकांत मुन्ना ने किया जबकी संचालन बीडीओ सह क्रियान्वयन समिति सचिव प्रदीप कुमार चौधरी ने किया। बैठक का शुभारंभ उपस्थित सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष ने बैठक से अनुपस्थित पदाधिकारियों के अनुपस्थिति पर आपत्ति दर्ज कराते हुए सदन के कार्यवाही में दर्ज करने का आदेश दिया। हालांकि बीडीओ ने हस्तक्षेप करते हुए कहा की सदन से आग्रह है की पहली बैठक होने के कारण एक मौका दिया जाय अगली बार से कार्रवाई किया जाएगा। बैठक में सबसे पहले कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार ने डॉ. भीम राव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत लगाए जा रहे विशेष विकास शिविर के उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा की 19 अप्रैल से सप्ताह में दो दिन आयोजित अब तक पांच शिविरों के माध्यम से कुल प्राप्त 3612 आवेदनों में से 2881 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष निष्पादन प्रक्रिया में है। वहीं प्रखंड में दिव्यांगों के लेखा- जोखा बताने में असमर्थता जाहिर करते हुए जानकारी दिया गया की 76 दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र का आवेदन लंबित है। वहीं बीडीओ प्रदीप कुमार सदन में खुलासा किया की प्रखंड के कोइलवां व परणपुरा माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की गुटबाजी चरम पर है कभी भी मारपीट की घटना घट सकती है। प्रभारी बीईओ अशोक कुमार को दोनों विद्यालयों के सभी शिक्षकों को अलग- अलग विद्यालयों में नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। वहीं रघुनाथपुर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उपस्थित दर्ज कर विद्यालय से गायब रहने का मामला अध्यक्ष ने उठाया। सदन के सारे सदस्यों ने दोनों मुद्दों का समर्थन कर प्रस्ताव पारित किया।

## बिजली चोरी मामले में छह पर प्राथमिकी

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कनीय अभियंता सूरज कुमार ने छापेमारी अभियान चलाकर छह लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। अवैध बिजली चोरी के मामले में सभी पर आर्थिक जुर्माना लगाते हुए गोह थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत विभाग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि विद्युत चोरों के विरूद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## 20 एवं 21 मई को होगा साक्षात्कार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** नये पैनल अधिवक्ताओं के चयन हेतु साक्षात्कार की तिथि जिला जज राजकुमार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अनन्या पटेल के द्वारा घोषित कर दिया गया है। सचिव द्वारा बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद अंतर्गत पैनल अधिवक्ताओं का साक्षात्कार क्रमांक 01 से लेकर 60 तक के अधिवक्ता अभ्यर्थियों का 20 मई 2025 को अपराह्न 1.00 बजे से प्रारम्भ होगा तथा शेष क्रमांक 61 से 83 तक के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 21 मई 2025 को अपराह्न 1.00 बजे से शुरू होगा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के लिए सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार सम्पन्न होने के बाद पैनल अधिवक्ताओं का साक्षात्कार प्रारम्भ होगा।

# बीआरबीसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बीआरबीसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत 16 मई 2025 से हुई। पहले दिन महाबोधि सभागार में 'स्वच्छ भारत शपथ' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) बी.के. साहा, सभी विभागों के प्रमुख एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शपथ लेने के पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने पर चर्चा की। यह स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई से 31 मई 2025 तक बड़े उत्साह और सक्रियता के साथ मनाया जाएगा। इस पखवाड़े के दौरान बीआरबीसीएल टाउनशिप परिसर एवं प्लांट क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। कर्मचारियों, टाउनशिप की महिलाओं एवं स्कूल के छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला रखी गई है, जिनमें कला प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, सुलेख, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसे कई रचनात्मक आयोजन शामिल होंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सभी को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।